वार्षिक प्रतिवेदन

2014–2015

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान

(समविश्वविद्यालय)

(मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार के तत्त्वावधान में संस्थापित)

राष्ट्रिय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् द्वारा 'ए' श्रेणी में प्रत्यायित

56–57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी,

नई दिल्ली–110058

प्रकाशक:
कुलसचिव
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान
(सम विश्वविद्यालय)
56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी,
नई दिल्ली-110058
ईपीएबीएक्स : 28524993, 28521994, 28524995
तार : संस्थान
ई मेल : rsks@nda.vsnl.net.in
वेबसाईट : www.sanskrit.nic.in

विषय-सूची

		पृष्ठ
1.	**पर्यवलोकन**	**5-7**
2.	**प्राधिकरण एवं संरचना**	**8**
3.	**छात्रों/शिक्षार्थियों के आंकड़े**	**12**
4.	**2013-2014 के दौरान राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के क्रियाकलाप**	
	4.1 मुख्यालय के क्रियाकलाप	**17-39**
	4.1.1 प्रशासन अनुभाग	19
	4.1.2 वित्त अनुभाग	19
	4.1.3 शैक्षणिक अनुभाग	20
	4.1.4 शोध एवं प्रकाशन अनुभाग	21
	4.1.5 परीक्षा अनुभाग	22
	4.1.6 पुस्तकालय	24
	4.1.7 विक्रय इकाई	24
	4.1.8 योजना अनुभाग	25
	4.1.9 छात्रवृत्ति अनुभाग	27
	4.1.10 अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा	31
	4.1.11 आदर्श महाविद्यालय/शोधसंस्थान	33
	4.1.12 परियोजनाएँ	34
	4.1.13 पालि एवं प्राकृत	35
	4.1.14 अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण	36
	4.1.15 पत्राचार अनुभाग	39
	4.1.16 मुक्तस्वाध्यायपीठम् (दूरस्थ शिक्षा संस्थान)	39
	4.2 परिसरों के क्रियाकलाप	**41-90**
	4.2.1 श्री गंगानाथ झा परिसर, इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश)	43
	4.2.2 श्री सदाशिव परिसर, पुरी (ओडिशा)	46
	4.2.3 श्री रणवीर परिसर, जम्मू (जम्मू एवं कश्मीर)	49
	4.2.4 गुरुवायूर परिसर, त्रिचूर (केरल)	53
	4.2.5 जयपुर परिसर, जयपुर (राजस्थान)	58
	4.2.6 लखनऊ परिसर, लखनऊ (उत्तर प्रदेश)	62
	4.2.7 श्री राजीव गांधी परिसर, शृंगेरी (कर्णाटक)	67

4.2.8 वेदव्यास परिसर, बलाहार (हिमाचल प्रदेश) 70
4.2.9 भोपाल परिसर, भोपाल (मध्य प्रदेश) 77
4.2.10 के.जे. सौमैया संस्कृत विद्यापीठम् परिसर, मुम्बई (महाराष्ट्र) 83
4.2.11 दिल्ली परिसर मुख्यालय (नई दिल्ली) 87
4.2.12 एकलव्य परिसर, अगरतला (त्रिपुरा) 88

5. वर्ष 2014-2015 की प्रमुख गतिविधियाँ 91-100

5.1 संस्कृत सप्ताहोत्सव 93
5.2 स्वच्छ भारत अभियान 94
5.3 स्थापना दिवस 95
5.4 राष्ट्रीय एकता दिवस 96
5.5 राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 96
5.6 12वाँ संस्कृत नाट्योत्सव 99

6. संलग्नक 101-207

क. प्रबन्ध-मण्डल के सदस्यों की सूची 103
ख. विद्वत् परिषद के सदस्यों की सूची 105
ग. वित्त-समिति के सदस्यों की सूची 111
घ. संकाय-सदस्यों का परिसर-वार विवरण 112
ङ. विद्यावारिधि (पी-एच.डी.) उपाधि प्राप्त शोध छात्रों का विवरण 121
च. सम्बद्ध संस्थाएँ 125
छ. परीक्षाओं को मान्यता देने वाली सरकारें 134
ज. परीक्षाओं को मान्यता देने वाले विश्वविद्यालय 137
झ. वार्षिक अनुदान स्वीकृत स्वैच्छिक संस्कृत संगठनों की राज्य-वार संख्या का विवरण 143
ञ. संस्थान की वित्तीय सहायता से प्रकाशित प्रकाशनों का विवरण 144
ट. प्रकाशन अनुदान हेतु संस्वीकृत प्रस्तावों का विवरण 144
ठ. वार्षिक अनुदान प्राप्त आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों/शोध संस्थानों का विवरण 146
ड. वर्ष 2014-2015 के लेखा-परीक्षित वार्षिक लेखा 149
ढ. 'महानिदेशक लेखा-परीक्षा, केन्द्रीय व्यय' के द्वारा प्रदत्त 2014-15 वर्ष की रिपोर्ट 203

1. पर्यवलोकन

1.1 संस्था

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (इसमें इसके बाद इसे संस्थान कहा जाये) की संस्थापना 15 अक्टूबर, 1970 में, सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 (1860 का अधिनियम XXI) के अन्तर्गत पंजीकृत एक स्वायत्त संगठन के रूप में, पूरे देश में संस्कृत के समग्र विकास तथा प्रोन्नयन हेतु हुई। अपने निर्माण काल से ही यह भारत-सरकार द्वारा पूर्णरूपेण निधि प्रदत्त है। यह संस्कृत के प्रसार तथा विकास हेतु शीर्ष निकाय के रूप में कार्यरत है तथा संस्कृत अध्ययन के विकास हेतु, विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों के निर्माण तथा कार्यान्वयन में मानव संसाधन विकास मन्त्रालय की सहायता करता है। संस्कृत भाषा के प्रतिरक्षण, प्रसार तथा विकास और इसके सभी पक्षों की शिक्षा हेतु, 1956 में भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्थापित संस्कृत आयोग की विभिन्न संस्तुतियों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु इसने एक केन्द्रीय अभिकरण के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई है।

पारम्परिक संस्कृत शिक्षण के संवर्धन और सम्प्रसारण के क्षेत्र में संस्थान का योगदान (जिसमें संस्कृत-शिक्षण, प्रशिक्षण एवं अनुसन्धान आदि गतिविधियाँ सम्मिलित हैं) इसको देखते हुए भारत सरकार ने इसे 7 मई, 2002 से प्रभावी, समविश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया है, जो अधिसूचना संख्या एफ. 9-28/2000 यू 3 के अन्तर्गत है तथा जिसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अधिसूचना संख्या एफ 6-31/2001 (सी.पी.पी.-1), दिनांक 13 जून 2002 से अनुगत किया गया है। राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् (नैक) बैंगलूरु द्वारा दिनांक 5.7.2012 के दिन राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (समविश्वविद्यालय), नई दिल्ली को 'ए' श्रेणी से सम्मानित किया गया। समविश्वविद्यालयों की पुनरीक्षण योजना के अन्तर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.) ने संस्थान के मुख्यालय एवं सभी परिसरों का निरीक्षण किया। संस्थान द्वारा शैक्षणिक स्तर को बनाए रखने की भूमिका को सराहा है और आगे समविश्वविद्यालय की स्थिति की संस्तुति की।

1.2 भूमिका एवं कार्य

संस्था के बहिर्नियम में निर्देशित राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के मुख्य उद्देश्य संस्कृत शिक्षण और शोध का प्रसारण, विकास व प्रोत्साहन है जिनका पालन करते हुए;

i. उच्च शिक्षा प्रदान करना ताकि विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग की रिपोर्ट (1948) और भारत में उच्चतर शिक्षा के नवीकरण एवं पुनरुद्धार (2009) और समविश्व-विद्यालयों के लिए समीक्षा समिति की रिपोर्ट (2009) के द्वारा विश्वविद्यालय के संदर्भ से पूर्णतया सहमत स्नातकोत्तर और अनुसंधान डिग्री स्तरों पर उचित मानी जाने वाली ज्ञान की ऐसी शाखाओं में उत्कृष्टता और नवाचार का प्रावधान करना।

ii. परम्परागत संस्थाओं द्वारा प्रदान किए जाने वाले कला, विज्ञान, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, डेंटल, फार्मेसी, प्रबंध आदि विषयों में परम्परागत डिग्रियों तक पहुँचने के लिए सामान्य स्वरूप के कार्यक्रमों से अकादमिक विनियोजन को अलग करने वाले - विश्वविद्यालय शिक्षा प्रणाली के लक्ष्यों में महत्त्वपूर्ण भागीदारी करने के लिए योग्यता वाले विशिष्ट क्षेत्रों में लगना।

iii. विभिन्न विषयों में पर्याप्त संख्या में पूर्णकालिक संकाय/अनुसंधान शिक्षाविदों (पीएच्.डी. और पोस्ट डॉक्टोरल) द्वारा विभिन्न आन्तरिक अनुसंधान कार्यक्रमों के माध्यम से उच्च गुणवत्तापरक शिक्षण और अनुसंधान हेतु तथा ज्ञान की प्रगति और उसके वितरण हेतु प्रावधान करना।

iv. अकादमिक समुदाय के विशिष्ट व्यक्तियों के साथ विचार विमर्श की प्रक्रिया से विनिर्दिष्ट हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए अथवा देश की प्रमुख आवश्यकताओं के लिए महत्त्वपूर्ण समझे जाने पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा अध्ययन और अनुसंधान के विशिष्ट क्षेत्रों में प्रायोजित - "नए" वर्ग के अंतर्गत ऐसे विशेष और उभरते क्षेत्रों में जिन्हें परंपरागत अथवा वर्तमान संस्थाओं द्वारा कार्य में नहीं लाया जा रहा है, के अंतर्गत समविश्वविद्यालय

संस्थाओं के सृजन में सहायता करना।

v. संस्कृत अध्ययन की सभी शाखाओं में शोध कार्य करवाना, उस हेतु सहायता-प्रदान करना, प्रोत्साहन और संयोजन करना जिसमें शिक्षक-प्रशिक्षण, पाण्डुलिपि विज्ञान आदि संदर्भगत सम्बद्ध क्षेत्रों में उन आधुनिकतम शोधकार्यों के परिणामों को अन्तः सम्बन्धित करने के साथ पुस्तकों का प्रकाशन भी सम्मिलित होगा।

vi. संस्कृत के विकास के लिए भारत सरकार के केन्द्रक अभिकरण के रूप में कार्य कर सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और विभिन्न योजनाओं को लागू करना।

vii. ज्ञान की उन शाखाओं में अनुदेश और प्रशिक्षण का प्रबन्ध करना, जिन्हें संस्थान उचित मानता हो।

viii. विद्या के प्रचार, प्रसार और अभिवृद्धि के लिए शोध का प्रावधान करना।

ix. समाज के विकास में योगदान करने के लिए बहिर्विश्व-विद्यालयी अध्ययन, विस्तार कार्यक्रम एवं विभिन्न क्षेत्रीय गतिविधियों को आयोजित करना।

x. संस्थान के उद्देश्यों की पूर्ति और विकास के लिए आवश्यक या अपेक्षित विभिन्न प्रकार के ऐसे अन्य सभी कार्यक्रमों को आयोजित करना।

1.3 कार्यक्रम एवं क्रियाकलाप

संस्थान अपने उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु निम्नलिखित प्रमुख कार्यक्रमों और क्रियाकलापों में कार्यरत है:

- विभिन्न राज्यों में परिसरों की स्थापना।
- माध्यमिक, पूर्वस्नातक, स्नातक, स्नातकोत्तर स्तरों पर परम्परागत पद्धति से संस्कृत शिक्षण तथा डाक्टरेट की उपाधि के स्तर पर शोध का संचालन करना।
- स्नातक स्तर पर शिक्षक- प्रशिक्षण शिक्षा शास्त्री (बी. एड.) का संचालन करना।
- संस्कृत के विभिन्न क्षेत्रों में शोध-कार्य का संचालन व समन्वयन।
- उभयनिष्ठ अभिरुचि वाली संयुक्त परियोजनाओं के प्रायोजन में अन्य संगठनों से सहयोग।
- संस्कृत पुस्तकालयों, पाण्डुलिपि संग्रहालयों की स्थापना और दुर्लभ पाण्डुलिपियों एवं महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का सम्पादन तथा प्रकाशन।
- स्वीकृत निर्धारित पाठ्यक्रम/शोध को संतोषजनक रूप से पूर्ण करके निर्धारित परीक्षाएँ उत्तीर्ण करने वाले व्यक्तियों को उपाधियाँ प्रदान करना और डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र देना।
- विज़िटरशिप, फेलोशिप, छात्रवृत्तियाँ, वज़ीफे, पुरस्कार तथा पदकों का संस्थापन एवं उन्हें प्रदान करना।
- दूरस्थ शिक्षा-कार्यक्रमों का संचालन।
- संस्कृत के प्रोन्नयन हेतु मानव संसाधन विकास मन्त्रालय की योजनाओं का कार्यान्वयन।

1.4 अध्यापन

संस्थान के अपने बारह परिसरों में, संस्थान द्वारा निर्मित पाठ्यक्रम के आधार पर प्राक्शास्त्री से आचार्य स्तर तक शिक्षण का संचालन किया जाता है तथा संस्थान से सम्बद्ध संस्थाओं में प्रथमा से आचार्य तक शिक्षण का प्रबन्ध किया जाता है।

स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा संचालित और संस्थान से सम्बद्ध संस्कृत संस्थाएँ भी उसी पाठ्यक्रम के साथ शिक्षण प्रदान करती हैं।

1.5 शिक्षक-प्रशिक्षण

परिसरों में शिक्षण अभ्यास पर बल देते हुए एक शैक्षिक वर्ष हेतु शिक्षक-प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है, जिसमें बी.एड के समकक्ष शिक्षा-शास्त्री की उपाधि प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, एम. एड. के समकक्ष शिक्षा-आचार्य उपाधि पाठ्यक्रम का संचालन पुरी, जयपुर, जम्मू तथा भोपाल परिसरों में किया जाता है।

1.6 शोध

संस्थान के सभी परिसरों में शोध हेतु छात्रों का पंजीकरण होता है और इसके सफल समापन पर उन्हें पीएच्.डी. के समकक्ष विद्यावारिधि की उपाधि प्रदान की जाती है।

यद्यपि संस्कृत की चयनित शाखाओं में गंगानाथ झा परिसर, इलाहाबाद विशेष रूप से अनुसन्धान गतिविधियों को समर्पित हैं। परिसर का पुस्तकालय देश के सबसे उच्च पुस्तकालयों में से एक है। पुस्तकालय में 57,957 से अधिक दुर्लभ पाण्डुलिपियों का संग्रह है। यह भी पुस्तकालय में सरंक्षित है।

1.7 प्रकाशन

शोध पत्रिकाएँ एवं पुस्तकें

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान '**संस्कृत विमर्श:**' और '**गंगानाथ झा परिसर, इलाहाबाद शोध पत्रिका**' नामक दो शोध पत्रिकाएँ प्रकाशित करता है। जबकि पहली पत्रिका संस्थान के मुख्यालय द्वारा प्रकाशित होती है, दूसरी गंगानाथ झा परिसर, इलाहाबाद द्वारा प्रकाशित की जाती है। इनके अतिरिक्त, परिसरों से वार्षिक साहित्यिक पत्रिकाएं भी प्रकाशित की जाती हैं। भोपाल एवं जयपुर परिसर ने अपनी वार्षिक पत्रिका का उन्नयन कर शोध-पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया है।

संस्थान एवं परिसरों द्वारा विद्वत्तापूर्ण प्रकाशनों, मूल पाठों एवं दुर्लभ पाण्डुलिपियों का प्रकाशन किया गया है। प्रकाशन एवं पुनर्मुद्रण योजना के अन्तर्गत अब तक कुल 588 दुर्लभ एवं अनुपलब्ध पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है।

'संस्कृत वार्ता' एक तिमाही समाचार बुलेटिन का भी नियमित रूप से प्रकाशन किया जाता है।

2. प्राधिकरण एवं संरचना

2.1 मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत-सरकार, संस्थान के कुलाधिपति होते हैं। प्रतिवेदन-वर्ष के दौरान 27 मई, 2014 से **माननीया श्रीमती स्मृति ज़ुबिन इरानी, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत-सरकार,** संस्थान के कुलाधिपति हैं। कुलपति संस्थान के प्रधान शैक्षिक एवं प्रशासनिक अधिकारी हैं। वे संस्थान के सभी प्राधिकरण समितियों के अध्यक्ष भी हैं। वे संस्थान के मामलों पर सामान्य पर्यवेक्षण तथा नियन्त्रण रखते हैं, नीतियों और कार्यक्रमों का निष्पादन करते हैं तथा संस्थान के सभी प्राधिकरणों के निर्णयों को लागू करते हैं। इस वर्ष के दौरान अधोनिर्दिष्ट व्यक्ति कुलपति प्रभारी कुलपति के रूप में आसीन रहे। 1. डॉ. एन्.आर. कण्णन् (प्र.कुलपति) 01.04.2014 से 06.07.2014 तक। 2. श्री आर.पी. सिसोदिया, संयुक्त सचिव (भाषाएँ) (प्र.कुलपति) 07.07.2014 से 12.10.2014 तक। 3. श्री शशि प्रकाश गोयल, संयुक्त सचिव (भाषाएँ) (प्र. कुलपति) दिनांक 13.10.2014 से 13.11.2014 तक। 4. डॉ. सुखबीर सिंह सन्धू, संयुक्त सचिव (केन्द्रीय विश्वविद्यालय एवं भाषाएँ), (प्र.कुलपति) दिनांक 14.11.2014 से 31.03. 2013 तक। कुलाध्यक्ष के अतिरिक्त संस्थान के निम्नलिखित स्वीकृत प्राधिकरण हैं:

1. **प्रबन्ध मण्डल**–संस्थान में प्रबन्धन का प्रमुख अंग है। यह नीति-निर्णयों के निर्धारण तथा निर्णयों के कार्यान्वयन प्रतिपादन हेतु अधिकार-सम्पन्न है।
2. **विद्वत् परिषद्**-शिक्षा, शिक्षण, प्रशिक्षण, परीक्षा और शोध कार्यक्रमों के मानदण्डों के अनुरक्षण हेतु उत्तरदायी प्रधान शैक्षिक निकाय है।
3. **वित्त समिति**-प्रबन्ध मण्डल के समक्ष वार्षिक लेखा व वित्तीय प्राक्कलन रखने, कुल व्यय की सीमाएँ निर्धारित करने और हर प्रकार के पदों के सृजन की संस्तुति हेतु उत्तरदायी प्रमुख वित्त निकाय है।
4. **योजना तथा पर्यवेक्षण मण्डल**-विकास कार्यक्रमों के परिवीक्षण हेतु उत्तरदायी प्रमुख योजना निकाय है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, संस्थान में अन्य निकाय भी संघटित हैं, जो अपने-अपने कार्य के स्वरूप के आधार पर संस्तुतियाँ तैयार करते हैं, यथा–सहायता अनुदान समिति, प्रकाशन समिति, छात्रवृत्ति चयन समिति, शोध मण्डल तथा परीक्षा मण्डल।

वर्ष 2014-2015 में संस्थान के प्राधिकरणों/निकायों द्वारा आयोजित बैठकों की संख्या दर्शाने वाली तालिका नीचे दी जा रही है:

मण्डल/परिषद्/समिति	बैठक तिथियाँ
प्रबन्ध मण्डल	
40वीं बैठक	25.07.2014
41वीं बैठक	12.01.2015
विद्वत्परिषद्	04.06.2014
अध्ययन मण्डल (बोर्ड ऑफ स्टडीज)	25.03.2015
वित्त समिति	
26वीं बैठक	26.06.2014
27वीं बैठक	12.01.2015
योजना तथा पर्यवेक्षण मण्डल	--

प्रबन्ध मण्डल, विद्वत्परिषद तथा वित्त समिति का संघटन क्रमश: **संलग्नक 'क', 'ख' एवं 'ग'** में दिया गया है।

2.2 राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान का मुख्यालय एवं परिसर

2.2.1 मुख्यालय

संस्थान की गतिविधियाँ इसके मुख्यालयाधीन विभिन्न विभागों, अनुभागों व इकाइयों द्वारा सञ्चालित हैं जो कि अधोनिर्दिष्ट है:

1. सामान्य, वैयक्तिक, परिसरीय, शैक्षिक एवं प्रशासनिक अनुभागों का प्रशासन
2. वित्त अनुभाग
3. शोध एवं प्रकाशन अनुभाग
4. परीक्षा अनुभाग
5. शैक्षणिक अनुभाग
6. पुस्तकालय
7. विक्रय ईकाई
8. योजना अनुभाग
9. छात्रवृत्ति अनुभाग
10. आदर्श महाविद्यालय/शोध संस्थान
11. परियोजना विभाग
12. पालि एवं प्राकृत विभाग
13. अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण
14. पत्राचार पाठ्यक्रम
15. मुक्तस्वाध्यायपीठम्

2.2.2 परिसर :

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (सम विश्वविद्यालय) द्वारा देश के विभिन्न भागों में निम्नलिखित परिसरों का संचालन किया जा रहा है :

क्रम सं.	परिसरों के नाम	स्थान
1.	श्री गंगानाथ झा परिसर	इलाहाबाद, उत्तरप्रदेश
2.	श्री सदाशिव परिसर	पुरी, ओडिशा
3.	श्री रणवीर परिसर	जम्मू, जम्मू और कश्मीर
4.	गुरुवायूर परिसर	त्रिचूर, केरल
5.	जयपुर परिसर	जयपुर, राजस्थान
6.	लखनऊ परिसर	लखनऊ, उत्तरप्रदेश
7.	श्री राजीव गांधी परिसर	शृंगेरी, कर्णाटक
8.	वेद व्यास परिसर	बलाहर, हिमाचलप्रदेश
9.	भोपाल परिसर	भोपाल, मध्यप्रदेश
10.	के.जे. सौमैया सं. वि. परिसर	मुम्बई, महाराष्ट्र
11.	दिल्ली परिसर (मुख्यालय)	जनकपुरी, नई दिल्ली
12.	एकलव्य परिसर	अगरतला, त्रिपुरा

दिल्ली परिसर से पत्राचार पाठ्यक्रम और दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। दिल्ली परिसर के पास पुस्तकालय, प्रकाशन विभाग, शोध केन्द्र एवं प्रदर्शनी कक्ष उपलब्ध है। शेष सभी परिसरों में सभी उपस्करों सहित पुस्तकालय, प्रयोगशाला, छात्रकक्ष, स्टाफ क्वार्टर तथा छात्रावास उपलब्ध हैं। राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान अधोनिर्दिष्ट नियमित पाठ्यक्रमों (कार्यक्रमों) अपने परिसरों के माध्यम से सञ्चालित करता है।

परिसरों में पढ़ाए जाने वाले नियमित पाठ्यक्रमों का विस्तृत विवरण प्रत्येक परिसर की गतिविधियों में जोड़ा गया है।

क्रम सं.	पाठ्यक्रम	के समकक्ष
1.	उत्तरमध्यमा/प्राक्शास्त्री	सीनियर सेकेण्डरी
2.	शास्त्री	बी.ए.
3.	आचार्य	एम.ए.
4.	शिक्षाशास्त्री	बी.एड्.
5.	शिक्षा आचार्य	एम.एड्.
6.	विद्यावारिधि	पीएच्.डी.

दूरस्थशिक्षा के पाठ्यक्रम/कार्यक्रम

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से प्राक्शास्त्री, शास्त्री, आचार्य (व्याकरण, ज्योतिष और साहित्य में) तथा अन्य प्रमाणपत्रीय/परिचय पाठ्यक्रमों का सञ्चालन अपने मुक्तस्वाध्यायपीठम् (दूरस्थ शिक्षा संस्थान) के द्वारा करता है, जो कि दिल्ली स्थित मुख्यालय और देश के विभिन्न स्थानों में संस्थापित परिसरों के स्वाध्याय केन्द्रों में क्रियान्वित किये जाते हैं। (विस्तृत विवरण के लिए प्रतिवेदन के 4.1. 16 अनुभाग को देखें)

3. छात्रों/शिक्षार्थियों के आंकड़े

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के विविध कार्यक्रमों मे अध्येताओं की कुल संख्या **20602** है। जिसका पाठ्यक्रम/प्रणालीवार विवरण अधोलिखित है।

3.1. परिसरों में नियमित अध्येताओं की संख्या

		कक्षा									
		प्राक् शास्त्री		शास्त्री			शिक्षा शास्त्री	आचार्य		शिक्षा आचार्य	विद्या-वारिधि
क्रम.सं.	परिसर	I	II	I	II	III	-	I	II	-	-
1.	श्री गंगानाथ झा परिसर, इलाहाबाद	–	–	–	–	–	–	–	–	–	46
2.	श्री सदाशिव परिसर, पुरी	119	111	117	118	91	128	288	239	32	53
3.	श्री रणवीर परिसर, जम्मू	45	29	43	39	29	127	28	18	22	12
4.	गुरुवायूर परिसर, त्रिचूर	44	23	58	28	48	127	34	14	–	04
5.	जयपुर परिसर, जयपुर	48	43	153	136	161	126	183	98	29	82
6.	लखनऊ परिसर, लखनऊ	14	18	62	52	41	129	52	44	–	55
7.	श्री राजीव गांधी परिसर, शृंगेरी	29	29	52	65	57	128	50	35	–	17
8.	वेदव्यास परिसर, बलहार	29	39	143	124	58	131	67	67	–	35
9.	भोपाल परिसर, भोपाल	28	34	79	60	39	127	46	31	34	54
10.	के.जे.सौमैया सं. वि. परिसर, मुम्बई	07	04	07	07	05	95	19	07	–	22
11.	दिल्ली परिसर, नई दिल्ली	–	–	–	–	–	–	–	–	–	40
12.	एकलव्य परिसर, त्रिपुरा	10	03	06	04	–	32	12	08	–	03
	योग	**373**	**333**	**720**	**633**	**529**	**1150**	**779**	**561**	**117**	**423**
								कुल योग - 5618			

3.2 सम्बद्धताप्राप्त संस्थाओं में नियमित रूप में कक्षावार छात्रों की संख्या

क्र.सं.	संस्था का नाम	कोड सं.	पी.-III	पू.म.-I	पू.म.-II	उ.म.-I	उ.म.-II	प्राश-I	प्राश-II	शा-I	शा-II	शा-III	आ-I	आ-II	योग
	बिहार														
1	जे.एन.बी. + 2 विद्यालय	**6**	10	43	41	26	15	–	–	–	–	–	–	–	**135**
2	देवरहा बाबा भक्तशिव	**7**	–	14	16	–	–	12	09	–	–	–	–	–	**51**
3	डॉ. रामजी मेहता आदर्श	**8**	–	03	–	–	–	38	19	20	10	14	21	10	**135**
4	राजकुमारी गणेश शर्मा	**10**	–	–	–	–	–	30	25	14	22	32	19	36	**178**
5	सरस्वती आदर्श संस्कृत म.वि.	**12**	–	07	07	03	05	17	07	08	07	07	10	13	**91**
6	रामसुन्दर संस्कृत वि.वि.	**13**	03	57	49	18	14	23	17	28	33	18	26	21	**307**
7	डा. मण्डन मिश्र संस्कृत म.वि.	**14**	–	45	35	–	–	30	28	14	21	22	–	–	**195**
8	अजीत कुमार संस्कृत शिक्षण	**15**	02	13	–	06	02	–	–	08	–	–	–	–	**31**
9	लक्ष्मी हरिकान्त प्राथमिक	**16**	02	62	92	21	19	–	–	–	–	–	–	–	**196**
10	दीनानाथ मिथिला संस्कृत	**18**	57	49	20	17	–	–	–	–	–	–	–	–	**143**
11	जे.एन.बी. आदर्श संस्कृत म.वि.	**19**	–	–	–	–	–	14	34	24	37	22	23	17	**171**
	दिल्ली														
12	श्री मोतीनाथ संस्कृत म.वि.	**26**	14	16	15	14	14	–	12	25	14	26	31	17	**208**
13	ब्रह्मऋषि राम पी.	**27**	04	07	04	04	04	–	–	–	–	–	–	–	**23**
14	श्री राम ज्यौतिष कर्मकाण्ड	**28**	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	10	01	**11**
15	वसन्तग्राम आदर्श संस्कृत	**29**	15	18	11	09	07	01	–	–	–	–	–	–	**61**
16	रामदल संस्कृत म.वि.	**31**	08	04	01	14	09	–	–	11	04	07	–	–	**58**
17	शारदादेवी संस्कृत विद्यापीठ	**32**	25	34	30	34	37	–	–	16	17	16	–	–	**209**
18	सामन्त भद्रा संस्कृत म.वि.	**33**	–	–	–	–	–	13	18	14	06	09	11	10	**81**
19	श्री महावीर विश्व विद्यापीठ	**34**	09	18	07	–	–	18	06	32	23	18	20	17	**168**
20	श्री हनुमान संस्कृत म.वि.	**35**	25	25	19	16	11	05	02	10	06	05	–	–	**124**
21	आर्य कन्या गुरुकुल	**36**	05	10	04	06	05	–	–	–	–	–	–	–	**30**
22	श्री रामऋषि संस्कृत म.वि.	**37**	–	16	10	12	11	03	04	19	13	05	–	–	**93**
23	आदर्श संस्कृत विद्यापीठ	**38**	07	02	–	–	–	15	09	07	14	09	–	–	**79**
24	बाल विद्या मन्दिर	**39**	24	11	12	–	–	04	05	–	–	–	–	–	**56**
	गुजरात														
25	श्री रघुवर रामानन्द	**47**	–	04	06	04	10	–	–	12	05	03	08	05	**57**
	हरियाणा														
26	आलोक संस्कृत महाविद्यालय	**52**	–	–	–	–	–	13	–	31	34	24	–	–	**102**
27	हरियाणा संस्कृत विद्यापीठ	**53**	–	–	–	–	–	–	–	20	17	17	24	20	**98**
28	श्री रामानन्द ब्रह्मऋषि संस्कृत	**55**	–	10	12	08	08	–	03	09	03	08	–	–	**61**
29	श्री लज्जाराम संस्कृत म.वि.	**56**	09	07	21	06	–	11	25	27	46	36	22	14	**224**
	जम्मू														
30	श्री गुरु गंगादेवजी संस्कृत	**62**	15	21	28	20	23	04	–	11	14	07	01	03	**147**
	झारखण्ड														
31	लक्ष्मीदेवी सर्राफ आदर्श संस्कृत	**09**	–	–	–	–	–	16	14	08	05	04	18	22	**87**

	केरल														
32	भारतीय संस्कृत म.वि.	**66**	–	–	–	–	–	07	08	06	08	11	04	04	**48**
33	श्री रामकृष्ण आदर्श संस्कृत म.वि.	**67**	–	–	–	–	–	35	17	09	10	07	03	03	**84**
34	श्री शंकर संस्कृत वी. इड्डाकडोम	**68**	–	–	02	–	–	27	09	06	07	01	–	–	**52**
35	कालीकट आदर्श संस्कृत विद्यापीठ	**70**	–	–	–	–	–	48	36	57	20	19	09	09	**198**
36	कोडंगलूर विद्वत्पीठम्	**71**	–	–	–	–	–	18	05	09	02	07	05	04	**50**
37	श्री शंकर संस्कृत वि. हीरा एच.	**73**	–	–	–	–	–	13	06	–	–	–	–	–	**19**
38	माहेश्वरी संस्कृत कालेज	**75**	–	–	–	–	–	16	10	–	–	–	–	–	**26**
	महाराष्ट्र														
39	मुम्बादेवी आदर्श संस्कृत म.वि.	**81**	–	–	–	–	–	08	06	09	05	11	14	18	**71**
40	श्री अम्बाजी संस्कृत म.वि.	**82**	–	–	–	–	–	–	03	–	–	–	–	–	**03**
	मणिपुर														
41	मणिपुर संस्कृत म.वि.	**86**	–	20	12	04	03	35	28	19	15	23	21	19	**199**
42	राधा माधव संस्कृत म.वि.	**87**	10	93	89	41	21	52	50	31	39	49	15	17	**507**
	पंजाब														
43	श्री बाबा हरदीत गिरीजी	**96**	–	–	–	–	–	14	11	17	11	07	05	11	**76**
44	श्री सरस्वती संस्कृत कालेज	**97**	–	–	–	–	–	14	16	13	15	22	–	–	**80**
	राजस्थान														
45	नवजागृति संस्कृत विद्यापीठ	**102**	–	18	10	–	–	–	–	–	–	–	–	–	**28**
46	श्रीमती लाडदेवीशर्मा	–	–	–	–	–	–	11	25	–	–	–	–	–	**36**
	उत्तर प्रदेश														
47	रानी पद्मावती टी.टी. उचा.म.	**113**	01	24	26	–	–	–	–	–	–	–	–	–	**51**
48	श्री बटुकनाथ संस्कृत म.वि.	**114**	02	14	16	13	14	12	10	74	56	49	25	20	**305**
49	गिन्नीदेवी मोदी संस्कृत विद्यापीठ	**115**	04	06	06	06	04	–	–	02	–	06	–	–	**34**
50	श्री टिबरीनाथ सांगवेद संस्कृतम.वि.	**118**	22	34	33	28	17	–	–	04	01	–	–	–	**139**
51	गांधी संस्कृत म.वि.	**119**	–	–	–	–	–	08	07	70	36	69	58	26	**274**
52	अनन्तदेवी संस्कृत म.वि.	**120**	–	–	–	–	–	06	13	112	70	109	123	54	**487**
53	रानी पद्मावती टी.टी. आदर्श	**123**	–	–	–	–	–	36	30	31	28	52	25	29	**231**
	उत्तरांचल														
54	आदर्श संस्कृत विद्यापीठ	**112**	01	05	03	04	08	–	–	08	05	02	–	–	**36**
55	ज्वाल्पादेवी आदर्श संस्कृत म.वि.	**122**	–	–	–	–	–	–	–	–	04	04	–	–	**08**
	पश्चिम बंगाल														
56	श्री सीताराम वैदिक आ.सं.म.वि.	**127**	–	–	–	–	–	03	02	19	28	19	304	261	**636**
57	ठाकुर गदाधर संस्कृत वि.पी.	**128**	06	61	29	–	–	45	56	–	–	–	–	–	**197**
58	कालियाचक विक्रमकिशोर आदर्श	**129**	–	–	–	–	–	05	01	70	35	52	150	108	**421**
59	मदर उषा एम.ओरियण्टल	**130**	03	42	49	–	–	48	59	–	–	–	–	–	**201**
60	भारती चतुष्पति संस्कृत म.वि.	**131**	–	–	–	–	–	18	10	207	135	78	102	96	**646**
61	रामकृष्ण मठ	**132**	–	09	11	06	07	–	–	–	–	–	–	–	**33**
62	हरेश्वर संस्कृत म.वि. लिंगसे	**106**	10	16	09	–	–	07	11	03	07	04	–	–	**67**
63	पगलानन्द संस्कृत म.वि.	**126**	17	44	04	–	–	111	–	–	–	–	–	–	**176**
	योग		**303**	**898**	**744**	**334**	**269**	**853**	**641**	**1141**	**893**	**908**	**1107**	**885**	**8976**

3.3 दूरस्थ शिक्षण कार्यक्रमों की छात्र संख्या (सत्र 2014-15) :

पाठ्यक्रम	प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष
प्राक्शास्त्री सेतु	14	.	.
प्राक्शास्त्री	49	22	.
शास्त्री सेतु	118	.	.
शास्त्री	61	58	16
आचार्य सेतु	67	.	.
आचार्य	449	273	.
प्रारम्भिक-पालि-ज्ञान पाठ्यक्रम	.	.	.
प्रारम्भिक-प्राकृत-ज्ञान पाठ्यक्रम	04	.	.
पालि-प्रमाणपत्रीय-पाठ्यक्रम	18	.	.
प्राकृत-प्रमाणपत्रीय-पाठ्यक्रम	04	.	.
संस्कृत-पत्रकारिता-प्रमाणपत्रीय-पाठ्यक्रम	14	.	.
कुल	798	353	16
कुल योग	1167		

3.4 अनौपचारिक संस्कृतशिक्षण केन्द्रों से लाभान्वित अध्येताओं की संख्या :

क्रम सं	राज्य	केन्द्र	छात्र संख्या (द्वितीय चक्र)
1.	पूर्वोत्तर राज्य	69	1951
2.	पश्चिम बंगाल	01 (अनुदान रहित)	
3.	कर्णाटक	01 (अनुदान रहित)	
4.	महाराष्ट्र	01 (अनुदान रहित)	
	कुल	69+3=72	1951

3.5 पत्राचार पाठ्यक्रम के लिए नामांकित छात्रों की संख्या :

क्र.सं.	पाठ्यक्रम का नाम	छात्रों की संख्या
1.	हिन्दी माध्यम (प्रथम वर्ष)	1107
2.	हिन्दी माध्यम (द्वितीय वर्ष)	0095
3.	अंग्रेजी माध्यम (प्रथम वर्ष)	1658
4.	अंग्रेजी माध्यम (द्वितीय वर्ष)	0026
5.	विदेशी छात्रों की संख्या	0004
	कुल	**2890**

विभिन्न कक्षाओं में प्रविष्ट छात्रों, छात्राओं तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों की संख्या निम्नलिखित हैं–

कक्षा	योग	पुरुष	स्त्री	अनु. जाति	अनु. जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग
प्राक् शास्त्री-I	373	209	164	28	21	70
प्राक् शास्त्री-II	333	208	125	18	14	68
शास्त्री-I	720	445	275	64	26	165
शास्त्री-II	633	367	266	63	18	134
शास्त्री-III	529	334	195	45	19	124
शिक्षा-शास्त्री	1150	646	504	115	42	210
आचार्य-I	779	377	402	57	21	197
आचार्य-II	561	245	316	40	20	175
शिक्षा-आचार्य	117	87	30	19	0	17
विद्यावारिधि	423	304	119	25	8	74
कुल योग	**5618**	**3222**	**2396**	**474**	**189**	**1234**

4.1 मुख्यालय के क्रियाकलाप

4.1.1 प्रशासन

संस्थान की प्रशासनिक सेवाएँ अधोलिखित अनुभागों/उपविभागों के द्वारा सम्पादित की जाती हैं जो उन नामित अनुभाग के अधिकारियों द्वारा संचालित हैं।

(क) सामान्य प्रशासन/स्थापना

(ख) वैयक्तिक प्रशासन

(ग) परिसरीय प्रशासन

भोपाल परिसर, भोपाल (मध्य प्रदेश) एवं श्री सदाशिव परिसर, पुरी (ओडिशा) में द्वितीय चरण के अन्तर्गत तथा एकलव्य परिसर, अगरतला, (पश्चिम त्रिपुरा) में चारदीवारी का निर्माणकार्य प्रगति पर है। श्रृंगेरी परिसर के महिला छात्रावास प्रथम एवं द्वितीय तलों के निर्माण हेतु रु० 6,24,57,000/- तथा प्रशासनिक सह कक्षा भवन के संक्षिप्त भाग के निर्माण हेतु रु० 1,80,51,000/- की धनराशि जारी की गई है।

सूचना के अधिकार के अधीन मुख्यालय कार्यालय में कुल 126 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। जिसमें से 102 के उत्तर दिये जा चुके है। 24 प्रार्थना पत्र सम्बन्धित परिसरों को स्थानान्तरित किये गये हैं।

4.1.2 वित्त एवं लेखा

वर्ष के दौरान इस अनुभाग के द्वारा प्रतिवेदित महत्त्वपूर्ण गतिविधियाँ निम्नलिखित हैं–

बजट (2014-2015) :

वर्ष 2013-14 की रु. 4778.46 लाख रूपये (रु. 3418.33 लाख योजनागत जिसमें रु. 1360.13 लाख योजनेतर हेतु) की अप्रयुक्त शेष धनराशि को वित्तीय वर्ष 2014-2015 में समाविष्ट किया गया। मन्त्रालय के द्वारा (गत वर्ष के अव्ययित शेष सहित) 17358.46 लाख रुपये का कुल बजट स्वीकृत किया गया। इस राशि को संस्थान के अधीन इकाईयों को निम्नलिखित रूप से आबंटित किया गया:–

(रु. की संख्या लाखों में)

क्रमांक	एकक का नाम	योजना	योजनेतर	योग
1.	मुख्यालय	6923.01	3947.80	10870.81
2.	पुरी परिसर	4.40	767.17	771.57
3.	जम्मू परिसर	2.51	505.84	508.35
4.	इलाहाबाद परिसर	7.98	403.13	411.11
5.	गुरुवायूर परिसर	15.10	625.76	640.86
6.	जयपुर परिसर	21.52	788.01	809.53
7.	लखनऊ परिसर	23.00	627.42	650.42
8.	श्रृंगेरी परिसर	1257.32	0.00	1257.32
9.	गरली परिसर	368.99	0.00	368.99
10.	भोपाल परिसर	512.61	0.00	512.61

11.	मुम्बई परिसर	246.23	0.00	246.23
12.	एकलव्य परिसर	310.66	0.00	310.66
	कुल योग	**9693.33**	**7665.13**	**17358.46**

वर्ष के दौरान यह धन वेतन और भत्ते, छात्रवृत्तियाँ, प्रख्यात संस्कृत विद्वानों को राष्ट्रपति सम्मान एवं संस्कृत शिक्षण के विकास के अन्तर्गत अन्य विभिन्न योजनाओं तथा व्यय के अन्य रख-रखाव सम्बन्धी मदों पर उपयोग में लाया गया।

लेखा

यह अनुभाग संस्थान के विविध एककों से प्राप्त लेखों के समेकन और लेखा-परीक्षा हेतु महानिदेशक लेखा परीक्षा केन्द्रीय व्यय को प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी है। वर्ष 2014-15 हेतु परीक्षित वार्षिक लेखा तथा लेखा-परीक्षा प्रतिवेदन **संलग्नक-'ड'** एवं **'ढ'** में रखे गए हैं।

भविष्य निधि खातों का अनुरक्षण

यह अनुभाग मुख्यालय के अधिकारियों व अन्य कर्मचारियों के वेतन व भविष्य निधि खातों का अनुरक्षण करता है। वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अविलम्ब प्रत्येक सदस्य को वार्षिक भविष्य निधि खाते का विवरण प्रदान किया जाता है।

लेखा-परीक्षा आपत्तियों का निराकरण

वर्ष में लेखा-परीक्षा आपत्तियों को निपटाने के लिए संगठित प्रयास किए गए। इसके लिए सभी परिसरों को ये निर्देश दिए गए कि वे आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करें। इसके अनुपालन के उत्तर लेखा-परीक्षा अधिकारियों को भेजे गए। इस प्रकार इस वर्ष में बहु-संख्यक लेखा-परीक्षा आपत्तियों को निपटाया गया।

4.1.3 शैक्षणिक अनुभाग

इस अनुभाग के महत्त्वपूर्ण उत्तरदायित्व हैं :-

- संस्थान के शैक्षिक क्रियाकलापों को सुव्यवस्थित करना।
- प्रथमा से आचार्य तक के विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम बनाने के लिए अध्ययन मण्डल के द्वारा विभिन्न विषयों की समितियों का गठन करना।
- विद्वत परिषद् की बैठक व अध्ययन मण्डल की बैठक के आयोजन का समन्वय करना और अनुवर्ती कार्रवाई करना।
- यह विभाग शैक्षणिक गुणवत्ता एवं शैक्षिक कार्यक्रमों का कार्यक्रम भी निर्धारित करता है।
- वर्ष के दौरान 4 जून 2014 को विद्वत परिषद् की बैठक आयोजित की गई। विभिन्न विषयों में संस्थान का पाठ्यक्रम संशोधित किया गया है। आयोजित की गई विभिन्न विषयों के अध्ययन मण्डल की बैठकों की अनुशंसाओं के आधार पर विभिन्न कक्षाओं के पाठ्यक्रमों में अपेक्षित संशोधन कर मुद्रण हेतु तैयार किया गया। इसके अतिरिक्त शिक्षा शास्त्री (बी.एड.) और शिक्षा आचार्य (एम.एड.) के पाठ्यक्रमों को भी राष्ट्रिय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) के नये निर्देशों के अनुसार संशोधित किया गया। जिसके तहत इन पाठ्यक्रमों को द्विवार्षिक पाठ्यक्रम और शिक्षा की सत्रार्द्ध (Semester) पद्धति के अनुसार परिवर्तन किया गया। प्रस्तुत वर्ष के अंत तक यह प्रक्रिया अभी जारी है।

संस्थान से सम्बद्ध संस्थाओं की सूची इस रिपोर्ट के संलग्नक **'च'** में दी गई है।

4.1.4 शोध एवं प्रकाशन अनुभाग

इस अनुभाग के महत्त्वपूर्ण दायित्व हैं -

1. राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के शोध सम्बद्ध क्रियाकलापों का समन्वयन।

2. राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के प्रकाशन कार्य का अवलोकन।

उपरोक्त कार्यों के सञ्चालन हेतु केन्द्रीय शोध मण्डल और प्रकाशन समिति के उपवेशनों का आयोजन करना भी इस अनुभाग का दायित्व है।

संस्थान के केन्द्रीय शोध-मंडल की बैठक 16.05.2014, 25-26.11.2014 तथा 31.03.2015 को हुई। विद्यावारिधि शोध उपाधि पाठ्यक्रम हेतु विभिन्न परिसरों में 423 शोध छात्रों के पंजीकरण की स्वीकृति प्रदान की गई। विद्यावारिधि में 15 कनिष्ठ शोध अध्येताओं का पंजीकरण किया गया है।

संस्थान ने अपनी प्रकाशन-समिति के माध्यम से दिनांक 06-05-2014 को महत्त्वपूर्ण शीर्षकों के प्रकाशन हेतु स्वीकृति दी।

संस्थान ने अपनी प्रकाशन योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित ग्रन्थ प्रकाशित किए:-

1. बोधिसत्त्व –डॉ. प्रफुल्ल गडपाल
2. तुलसीसूरकाव्यसंग्रह (तृतीय भाग) (पं. प्रेमनारायण द्विवेदीरचनावलि:) -डॉ. ऋषन् भारद्वाज
3. पिपीलिका विपणीं गच्छति (संस्कृत बालगीत संग्रह) -डॉ. हर्षदेव माधव
4. हरिश्चन्द्रचरितम् –डॉ. राजाराम हजारी पाठक
5. पोन्नियिन् सेल्वन् (नूतन बाढम्) प्रथम भाग –डॉ. राजलक्ष्मी श्रीनिवासन
6. पोन्नियिन् सेल्वन् (झञ्झावात्) द्वितीय भाग –डॉ. राजलक्ष्मी श्रीनिवासन
7. पोन्नियिन् सेल्वन् (हननछुरिका) तृतीय भाग –डॉ. राजलक्ष्मी श्रीनिवासन
8. पोन्नियिन् सेल्वन् (मणिमुकुटम्) चतुर्थ भाग –डॉ. राजलक्ष्मी श्रीनिवासन
9. पोन्नियिन् सेल्वन् (त्यागशिखरम्) पञ्चम भाग –डॉ. राजलक्ष्मी श्रीनिवासन
10. सुगत-शासन-सार –प्रो. संघसेन सिंह

संस्थान ने पुनर्मुद्रण प्रकाशन योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित ग्रन्थों का प्रकाशन किया।

1. मीमांसा श्लोक वार्तिक
2. प्रथमा दीक्षा

इसके अतिरिक्त 'संस्कृत वार्ता' नामक त्रैमासिक वार्तापत्रिका के अंक भी प्रकाशित किये गये।

4.1.5 परीक्षा अनुभाग

परीक्षा अनुभाग का मुख्य दायित्व, विभिन्न परीक्षाओं का आयोजन तथा संस्थान के परीक्षा पत्रों का मूल्यांकन कराना है। संस्थान के द्वारा प्रथमा से आचार्य, शिक्षाशास्त्री, शिक्षा-आचार्य तथा विद्यावारिधि जैसी विभिन्न परीक्षाओं का संचालन किया जाता है। इन परीक्षाओं में अंगीभूत परिसरों तथा सम्बद्ध संस्थाओं के छात्र प्रवेश पाते हैं। ये परीक्षाएँ शैक्षिक परिषद् एवं परीक्षा मंडल द्वारा निर्धारित मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार संचालित की जाती हैं।

वर्ष 2014-2015 में केन्द्रीय रूप से आयोजित, विभिन्न परीक्षाओं एवं उनमें उत्तीर्ण होने वाले छात्रों का कक्षावार विवरण निम्नलिखित है:-

कक्षा	छात्र संख्या	सम्मिलित छात्र	उत्तीर्ण छात्र	EP/Com.	FL	उत्तीर्ण%
पूर्वमध्यमा-I	941	Home Exam	–	–	–	–
पूर्वमध्यमा-II	834	783	660+4 RL	101	18	84.80
उत्तरमध्यमा-I	401	Home Exam	Home Exam	—	—	—
उत्तरमध्यमा-II	337	314	283	30	01	90.12
प्राक्शास्त्री-I	1082	Home Exam	Home Exam	—	—	—
प्राक्शास्त्री-II	966	904	729+54 RL	108	13	86.61
शास्त्री-I	865	794-30=764	624+14 RL	111	10	84.16
शास्त्री-II	691	655-23=632	527	96	09	83.38
शास्त्री-III	917	889	808	59	8+14=22	90.88
आचार्य-I	460	410-2=408	372	32	04	91.17
आचार्य-II	367	348-3=344	325+1 RL	13	05	94.76
शिक्षा शास्त्री	1246	1231	1219+4 RL	—	08	99.35
शिक्षा आचार्य-I सेमेस्टर	119	119	119	—	—	100
शिक्षा आचार्य-II सेमेस्टर	119	118	118	—	—	100
शास्त्री-I सेमेस्टर	1069	1034	871	150	13	84.23
शास्त्री-II सेमेस्टर	937	915	780	131	04	85.24
शास्त्री-III सेमेस्टर	964	950	878	66	06	92.42
शास्त्री-IV सेमेस्टर	886	874-2=872	833+1 RL	38	—	95.64
शास्त्री-V सेमेस्टर	557	555	542	13	—	97.65
शास्त्री-VI सेमेस्टर	537	536	509	04	01+22+23	94.96
आचार्य-I सेमेस्टर	1358	1277	1164	99	14	91.15
आचार्य-II सेमेस्टर	1224	1186	1103+33 RL	48	02	95.78
आचार्य-III सेमेस्टर	1102	1087	1043	40	04	95.95
आचार्य-IV सेमेस्टर	1063	1053	990+3 RL	23	01+36=37	94.30
योग	**19042**	**15971 Home Exam**	**14616 Home Exam**	**1162**	**193**	**92.02**

परिसरों के छात्रों ने 2014–15 की वार्षिक परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन किया। निम्नांकित ग्राफ परिणाम की प्रतिशतता को प्रति कक्षानुसार/सेमेस्टरनुसार दर्शाता है–

परिसरों में प्रशिक्षित नियमित शिक्षण संकाय है। नियमित शिक्षकवर्ग कमी को पूरा करने के लिए अनुबन्ध आधार पर तथा अंशकालिक अध्यापकों को नियुक्त किया गया है। परिसरों के संकाय सदस्यों का विवरण **संलग्नक-'घ'** में दिया गया है।

इस वर्ष के दौरान 54 छात्रों को विद्यावारिधि की उपाधि से पुरस्कृत किया गया। इन शोध-छात्रों का विवरण **संलग्नक-'ङ'** में दिया गया है।

वार्षिक परीक्षा 2014–2015 में पाठ्यक्रमानुसार सर्वोच्च स्थान पाने वाले छात्रों का विवरण निम्नलिखित है:

क्र.सं.	अनुक्रमांक	छात्र का नाम	कक्षा/विषय	परिसर/संस्थान
1.	141618	मृत्युंजय कुमार पाण्डेय	पूर्व माध्यमा–II	श्री बटुकनाथ सं.म.वि.शंकुधरा, वाराणसी
2.	142112	सोनू कुमार पाठक	उत्तर माध्यमा–II	वसंत ग्राम आदर्श सं.वि. वसंत विहार
3.	142352	महेश्वरी मणि	उत्तर माध्यमा–II	श्री बटुकनाथ सं.म.वि.शंकुधरा, वाराणसी
4.	143135	ऐश्वर्या	प्राक् शास्त्री–II	रा.सं.सं., राजीव गान्धी परिसर, शृंगेरी
5.	11398	वाणी मंजुनाथ हेगड़े	शास्त्री–III (नव्य–न्याय)	रा.सं.सं., राजीव गान्धी परिसर, शृंगेरी
6.	22277	रागिणी शर्मा	आचार्य–II (नव्य–व्याकरण)	रा.सं.सं, भोपाल परिसर, भोपाल
7.	21683	विक्रम	आचार्य–II (प्रा.व्याकरण)	रा.सं.सं., वेद व्यास परिसर, बलाहार
8.	22191	प्राची गोस्वामी	आचार्य–II (साहित्यम्)	मुम्बा देवी आदर्श सं.म.वि., मुम्बई
9.	22595	यश शर्मा	आचार्य–II (सि.ज्योतिषम्)	जयपुर परिसर, जयपुर, राजस्थान
10.	22410	चिन्मयी साहू	आचार्य–II (फ.ज्योतिषम्)	श्री सदाशिव परिसर, पुरी

11.	22515	तिलोत्तमा नायक	आचार्य-II (सर्व.दर्शनम्)	श्री सदाशिव परिसर, पुरी
12.	22382	रंजीता कर	आचार्य-II (धर्मशास्त्र)	श्री सदाशिव परिसर, पुरी
13.	22439	मगधमाला जेना	आचार्य-II (पुराणेतिहास)	श्री सदाशिव परिसर, पुरी
14.	22330	श्रद्धांजलि दास	आचार्य-II (पुराणेतिहास)	श्री सदाशिव परिसर, पुरी
15.	21867	ब्रज भूषण आचार्य	आचार्य-II (वेद)	श्री राम सुन्दर सं.वि.वि.पी., दरभंगा
16.	145009	अरिबम गोपेश्वर शर्मा	आचार्य-II (पुरोहित्यम्)	मणिपुर सं.म.वि., इम्फाल, मणिपुर
17.	21655	प्रतीती जैन	आचार्य-II (जैन-दर्शन)	रा.सं.सं., जयपुर परिसर, जयपुर
18.	22884	बेबी मजूमदार	आचार्य-II (बौद्धदर्शनम्)	श्री सीताराम वैदिक आदर्श सं.म.वि.क.
19.	22470	किशोरी प्रधान	आचार्य-II (सांख्ययोग)	श्री सदाशिव परिसर, पुरी
20.	20939	योगानन्द झा	आचार्य-II (नव्य-न्याय)	श्री सदाशिव परिसर, पुरी
21.	22156	प्रशान्त रामाचन्द्र गोन्कर	आचार्य-II(मीमांसा)	श्री राजीव गांधी परिसर, शृङ्गेरी
22.	22152	वैभव सवालेराम रक्षे	आचार्य-II(अद्वैत-वेदान्त)	श्री राजीव गांधी परिसर, शृङ्गेरी
23.	16028	शुभलक्ष्मी गजानन यजी	शिक्षा-शास्त्री	जयपुर परिसर, जयपुर, राजस्थान
24.	759	अरुण कुमार दूबे	शिक्षा-आचार्य	भोपाल परिसर, भोपाल, मध्यप्रदेश

4.1.6 पुस्तकालय

ग्यारह परिसरों के समृद्ध पुस्तकालयों के अतिरिक्त संस्थान मुख्यालय में भी शैक्षणिक कार्यकलापों और आगन्तुक विद्वानों की सुविधा हेतु 27,200 से भी अधिक संस्कृत ग्रन्थों से युक्त पुस्तकालय है। संस्थान के अधीन सभी पुस्तकालयों की नेटवर्किंग 2012-2013 में आरम्भ की गई है। 2,20,278 प्रविष्टियाँ की जा चुकी हैं।

संस्थान के पुस्तकालय हेतु इस वर्ष प्राप्त ग्रन्थों पर हुए व्यय का विवरण निम्नलिखित है-

1. ग्रन्थों के क्रयण पर प्रयुक्त राशि	रूपये 1,550.00
2. उपहार स्वरूप में प्राप्त ग्रन्थों का मूल्य	रूपये 17,724.00

4.1.7 विक्रय इकाई

संस्थान के मुख्यालय में विद्यमान विक्रय इकाई राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के प्रकाशनों को सर्वजनसाधारण तक पहुँचाने के लिए निर्गमद्वार के रूप में कार्य करती है। यह इकाई अधोलिखित क्रियाकलापों को सञ्चालित करती है -

- संस्थान के प्रकाशनों के विक्रयण हेतु मुख्यालय के विक्रय-केन्द्र का सञ्चालन
- विभिन्न परिसरों के मान्यताप्राप्त विक्रय-केन्द्रों को विक्रय हेतु पुस्तकों/प्रकाशनों को वितरित करना।
- देश सम्पूर्ण देश में विविध संगठनों द्वारा आयोजित पुस्तक मेलों के दौरान संस्कृत ग्रन्थों के प्रचार एवं विक्रय को बढ़ाने के लिए संस्थान का प्रतिनिधित्व करना।

मुख्यालय में विक्रय इकाई द्वारा प्रकाशनों के विक्रय से प्राप्त राशि का विवरण अधोलिखित हैं -

1. मंत्रालय पुस्तकें (पुनर्मुद्रित)	रूपये	02,34,907.00
2. संस्थान के प्रकाशन	रूपये	11,81,715.00
3. डी.वी.डी./सान्द्रमुद्रिकाएँ	रूपये	01,85,340.00
कुल योग	**रूपये**	**16,01,962.00**

4.1.8 योजना अनुभाग

यह अनुभाग संस्कृत भाषा और साहित्य के संवर्धन तथा प्रचार हेतु मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा अन्तरित निम्नलिखित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु उत्तरदायी है:–

योजना

योजना-I
संस्कृत शिक्षण हेतु वित्तीय सहायता
(क) पारम्परिक संस्कृत पाठशालाओं/विद्यालयों/महाविद्यालयों के संस्कृत शिक्षकों के वेतन हेतु
(ख) पारम्परिक संस्कृत पाठशालाओं/विद्यालयों/महाविद्यालयों के आधुनिक विषयों के शिक्षकों के वेतन हेतु
(ग) माध्यमिक/उच्चमाध्यमिक विद्यालयों के संस्कृत शिक्षकों के वेतन हेतु

योजना-II
असहाय परिस्थितियों में विद्यमान प्रसिद्ध संस्कृत पण्डितों को सम्मान राशि

योजना-III
संस्कृत के प्रोन्नयन सम्बन्धी विभिन्न कार्यक्रमों/गतिविधियों और शोध परियोजनाओं पर स्वैछिक संगठनों/संस्थाओं को वित्तीय सहायता।

योजना-IV
प्रकाशन, दुर्लभ संस्कृत ग्रन्थों का पुनर्मुद्रण तथा संस्कृत ग्रन्थों का थोक क्रय

योजना-V
असहाय साहित्यिक संस्कृत विद्वानों (शास्त्रचूड़ामणि) को सेवानिवृत्ति के उपभोग हेतु वित्तीय सहायता।

योजना-VI **(व्यावसायिक प्रशिक्षण योजना)**
पारम्परिक संस्कृत पाठशालाओं, संस्थाओं, पंजीकृत शैक्षिक संगठनों के छात्रों को "प्रायोगिक प्रशिक्षण", व्यावसायिक प्रशिक्षण हेतु वित्तीय सहायता

योजना-VII
संस्कृत शिक्षण के स्तरवर्धन के लिए विश्वविद्यालयों/मानित विश्वविद्यालयों/सी.बी.एस.ई./एन.सी.ई.आर.टी./एस.सी.ई.आर.टी को वित्तीय सहायता।

योजना-VIII
संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों/माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों/विद्यालयों के छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करना।

योजना-IX
अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा

I. संस्कृत शिक्षण के लिए वित्तीय सहायता

(क) पारम्परिक संस्कृत पाठशालाओं/विद्यालयों/ महाविद्यालयों में संस्कृत शिक्षकों के वेतन हेतु वित्तीय सहायता

इस योजना के अन्तर्गत चयनित संगठनों को उनके संस्कृत अध्यापकों को वेतन, छात्रों को छात्रवृत्ति, पुस्तकालय अनुदान और संस्थान-भवन के निर्माण के रूप में वित्तीय सहायता की स्वीकृति दी जाती है।

इस योजना के अन्तर्गत वर्ष में संस्थान द्वारा रुपये 608.06 लाख की राशि व्यय की गई। वर्ष के दौरान 359 संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

(ख) पारम्परिक संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों में आधुनिक विषयों के शिक्षकों के वेतन हेतु वित्तीय सहायता

संस्कृत संवर्धन की इस योजना के अन्तर्गत राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान पारम्परिक संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों में शिक्षकों हेतु आधुनिक विषयों के लिए प्रतिमास रु. 6000/- प्रति विषय के हिसाब से वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। योजनानुसार प्रत्येक संस्था में वित्तीय सहायता को आधुनिक विषयों में तीन शिक्षकों तक सीमित किया गया है।

संस्थान द्वारा वर्ष 2014-15 में इस योजना के अन्तर्गत रु. 91.23 लाख व्यय किए गए। 104 संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

(ग) विभिन्न राज्यों के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में संस्कृत शिक्षकों के वेतन हेतु वित्तीय सहायता

संस्कृत संवर्धन योजना के अन्तर्गत राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान विभिन्न राज्यों में सरकारी विद्यालयों के संस्कृत शिक्षकों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। यह सहायता एक संस्कृत शिक्षक के वेतन हेतु प्रदान की जाती है। वर्ष 2014-15 में कुल 46 सरकारी विद्यालय लाभग्राही थे और इस योजना के अधीन रु. 19.96 लाख की राशि का उपयोग किया गया। देखें **संलग्नक 'झ'**

II. असहाय परिस्थितियों में विद्यमान प्रसिद्ध संस्कृत पण्डितों को सम्मान राशि

इस योजना के अन्तर्गत, 55 वर्ष की आयु-सीमा से अधिक आयु वाले प्रसिद्ध उन योग्य विद्वानों को सम्मानराशि दी जाती है, जिन्होंने संस्कृत को अपना जीवन समर्पित कर दिया है, लेकिन कोई स्थायी आय-स्रोत नहीं है ऐसे सुझाव राज्य सरकारों से सीधे प्राप्त होते हैं अथवा राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मानित विश्वविद्यालय) के माध्यम से पहुँचते हैं। प्रत्येक चयनित विद्वान् को रुपये 24000/- प्रतिवर्ष, अन्य आय की कटौती बिना दिये जाते हैं। इस उद्देश्य हेतु केवल उन्हीं पण्डितों पर विचार किया जाता है जिसकी आय रुपये 24000/- प्रतिवर्ष से कम है।

III. संस्कृत के स्तरोन्नयन के विभिन्न कार्यक्रमों/ गतिविधियों और शोध परियोजनाओं पर स्वैछिक संगठनों, संस्कृत विश्वविद्यालयों/संस्थाओं को वित्तीय सहायता

एवं

VII. संस्कृत शिक्षण के स्तरवर्द्धन के लिए विश्व-विद्यालयों/ समविश्वविद्यालयों/सी.बी.एस.ई./ एन.सी.ई.आर.टी./एस्.सी.ई.आर.टी. इत्यादि को वित्तीय सहायता।

गैर सरकारी संगठन/मानित संस्कृत विश्वविद्यालयों/ विश्व-विद्यालयों/संस्थाओं द्वारा संस्कृत के विकास एवं प्रचार हेतु आरम्भ की गई विविध परियोजनाओं व कार्यक्रमों से सम्बन्धित शत-प्रतिशत व्यय का वहन राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान द्वारा किया जाता है। वर्ष 2014-15 में संस्थान ने विभिन्न परियोजनाओं हेतु रु. 15.69 लाख व्यय किए।

IV. प्रकाशन, दुर्लभ संस्कृत ग्रन्थों का पुनर्मुद्रण तथा संस्कृत ग्रन्थों का थोक क्रय

वर्ष 2014-2015 में संस्थान की अनुदान समिति की बैठक दिनांक 15.01.2015 को हुई जिसमें विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कई महत्त्वपूर्ण प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। इन योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु रु. 35,35,964/- लाख जारी किए गए, जिनसे कि योजनाओं पर व्यय पूरा किया जा सके।

संस्कृत वाङ्मय सृजन योजना के अन्तर्गत संस्थान की वित्तीय सहायता से विभिन्न विद्वानों ने 08 ग्रन्थों का सम्पादन एवं प्रकाशन किया तथा 14 अन्य ग्रन्थों के प्रस्तावों को प्रकाशन अनुदान हेतु स्वीकृति प्रदान की गई जिसका विवरण **संलग्नक 'ञ'** एवं **'ट'** में द्रष्टव्य है। इसके अतिरिक्त 36 संस्कृत पत्रिकाओं को भी वार्षिक प्रकाशन अनुदान प्रदान किया गया।

इस वर्ष का ग्रन्थ क्रय योजना से संबंधित विवरण

निम्नलिखित है–

आवेदकों की संख्या	087
प्रस्तुत किए गए शीर्षकों की संख्या	195
कुल क्रय किए गए शीर्षकों की संख्या	165

V. शास्त्रचूडामणि योजना

इस योजना के अन्तर्गत आदर्श पाठशालाओं और राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे संस्कृत महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं स्वैच्छिक संगठनों में सेवानिवृत्त प्रख्यात संस्कृत विद्वानों की सेवाओं का उपयोग किया जाता है।

इस योजना को आरम्भ करने का उद्देश्य यह है कि परम्परागत पद्धति से संस्कृत शिक्षा प्रदान करने वाले केन्द्रों में विभिन्न शास्त्रीय विषयों के गहन अध्ययन को संरक्षित किया जा सके। योजना के अनुसार परम्परागत-संस्कृत विद्वानों की नियुक्ति विभिन्न संस्थाओं में की जाती है। प्रत्येक विद्वान् को रुपये 6000/- प्रति माह दो वर्ष की अवधि हेतु दिए जाते हैं। अनुदान समिति की संस्तुति पर एक वर्ष हेतु इनकी नियुक्ति का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है।

वर्तमान में नियुक्त विद्वानों के अतिरिक्त 28 अन्य शास्त्रचूडामणि विद्वानों का चयन वर्ष 2014-15 में किया गया। इस योजना के अन्तर्गत रु. 55.26 लाख व्यय किए गए।

VI. व्यावसायिक प्रशिक्षण योजना

इस योजना के अन्तर्गत चयनित संस्थाओं को उनके ज्योतिष, कर्म-काण्ड, पुरालिपि-शास्त्र, सूची-निर्माण, पाण्डुलिपि विज्ञान, संस्कृत आशुलिपि और टंकण आदि विद्या विशेषों में कार्यशालाओं के आयोजन तथा प्रायोगिक प्रशिक्षण के संचालन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2014-15 में रु. 1.56 लाख व्यय किए गए।

VIII. छात्रवृत्तियाँ

यह योजना छात्रवृत्ति अनुभाग द्वारा सञ्चालित है, इससे सम्बद्ध विवरण 4.1.2 व 3 में दर्शाया गया है।

IX. अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा

'अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा' नाम से 22 विभिन्न शास्त्रीय स्पर्धाओं का आयोजन किया जाता है। 2014-15 के दौरान कार्यक्रम का विवरण वार्षिक प्रतिवेदन के 4.1.10 भाग में दिया गया है।

4.1.9 छात्रवृत्ति अनुभाग

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान तीन प्रकार की छात्रवृत्तियाँ आवंटित करता है -

1. आंतरिक छात्रवृत्ति, जो कि संस्थान के अपने परिसरों में पारम्परिक रूप से संस्कृत का अध्ययन करने वाले नियमित छात्रों को प्रदान की जाती है।

2. प्रतिभाधारित छात्रवृत्ति जो कि नवमी कक्षा से Ph.D. तक के आधुनिक पद्धति से पढ़ने वाले संस्कृत छात्रों को अखिल भारतीय स्तर पर प्रदान की जाती है।

3. प्रतिभाधारित छात्रवृत्ति जो कि पारंपरिक संस्कृत संस्थाओं में पूर्वमध्यमा से विद्यावारिधि तक अथवा तत्समकक्ष कक्षाओं में पढ़ रहे छात्रों को दी जाती है।

पूर्वोक्त 1, 2, 3 प्रकार की छात्रवृत्तियों में प्रकार '1' की छात्रवृत्ति (परिसरीय छात्रों को दी जाने वाली आन्तरिक छात्रवृत्ति) अर्हों को संस्थान के परिसरों के द्वारा साक्षात् दी जाती है। प्रकार '2' और '3' की छात्रवृत्तियाँ भारत सरकार के 'संस्कृत शिक्षा का विकास' योजना के अन्तर्गत प्रदान की जाती है। योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्तियों का आवंटन संस्थान मुख्यालय के छात्रवृत्ति विभाग द्वारा क्रियान्वित होता है।

आन्तरिक (प्रकार-1) छात्रवृत्तियाँ

प्राक्शास्त्री, शास्त्री, शिक्षा-शास्त्री तथा आचार्य पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों हेतु परिवर्धित छात्रवृत्ति की दर क्रम से 600/- रुपये, 800/- रुपये, 800/- रुपये तथा 1000/- रुपये प्रतिमास है। विद्यावारिधि उपाधि के प्राप्ति हेतु प्रयत्नशील शोध में जुटे शोध-छात्रों को 8000/- रुपये की छात्रवृत्ति दी जाती है, साथ ही दो वर्षों के लिए 3000/- रुपये वार्षिक सांयोगिक धनराशि भी दी जाती है।

निम्नलिखित तालिका वर्ष 2014-15 में छात्रों को दी गई छात्रवृत्तियों का विवरण दर्शाती है :-

		कक्षा									
		प्राक् शास्त्री		शास्त्री			शिक्षा शास्त्री	आचार्य		शिक्षा आचार्य	विद्या-वारिधि
क्रम.सं.	परिसर	I	II	I	II	III	-	I	II		
1.	श्री गंगानाथ झा परिसर, इलाहाबाद	–	–	–	–	–	–	–	–		15
2.	श्री सदाशिव परिसर, पुरी	25	25	60	60	60	66	135	135	18	–
3.	श्री रणवीर परिसर, जम्मू	45	29	43	39	29	127	28	18	22	12
4.	गुरुवायूर परिसर, त्रिचूर	25	21	45	23	37	65	29	14	–	05
5.	जयपुर परिसर, जयपुर	25	25	60	60	60	64	69	57	18	–
6.	लखनऊ परिसर, लखनऊ	09	15	50	41	31	64	30	36	–	15
7.	श्री राजीव गांधी परिसर, शृंगेरी	25	25	54	60	57	64	47	35	–	17
8.	वेदव्यास परिसर, बलहार	29	39	143	124	58	66	67	67	–	35
9.	भोपाल परिसर, भोपाल	19	19	39	43	31	64	37	23	18	21
10.	के.जे.सौमैया सं. वि. परिसर, मुम्बई	06	04	07	07	05	50	16	06	–	03
11.	दिल्ली परिसर, नई दिल्ली	–	–	–	–	–	–	–	–	–	14
12.	एकलव्य परिसर, त्रिपुरा	2	3	4	4	–	20	09	08	–	–
	योग	**210**	**205**	**505**	**461**	**368**	**650**	**467**	**399**	**76**	**137**
							कुल योग - 3478				

छात्रवृत्ति प्रदान किये गए छात्रों, छात्राओं तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ावर्ग के छात्रों की कक्षावार संख्या निम्नलिखित है–

कक्षा	योग	पुरुष	स्त्री	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग
प्राक् शास्त्री-I	210	120	90	10	08	37
प्राक् शास्त्री-II	205	132	73	11	08	35
शास्त्री-I	505	275	230	42	18	104
शास्त्री-II	461	252	209	37	13	98
शास्त्री-III	368	189	179	31	12	85
शिक्षा शास्त्री	650	354	296	44	16	98
आचार्य-I	467	239	228	25	12	105
आचार्य-II	399	188	211	20	10	94
शिक्षा आचार्य	76	54	22	08	-	09
विद्यावारिधि	137	90	47	13	-	35
कुल योग	**3478**	**1893**	**1585**	**241**	**97**	**700**

योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्तियाँ

(प्रकार 2 व 3) पाठ्यक्रम/स्तर	**राशि**
* 9वीं एवं 10वी तथा समकक्ष	रु. 250/- प्रतिमाह
* 11वीं एवं 12वी तथा समकक्ष	रु. 300/- प्रतिमाह
* बी.ए./बी.ए. (आनर्स) तथा समकक्ष	रु. 400/- प्रतिमाह
* एम.ए. (संस्कृत)/पालि/प्राकृत तथा समकक्ष	रु. 500/- प्रतिमाह
पी.एच.डी. तथा संस्कृत/पालि/ प्राकृत समकक्ष	रु. 1500/- प्रतिमाह रु. 2000/-प्रतिवर्ष सांयोगिक अनुदान।

योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्तियों की संख्या :

योजना के अन्तर्गत प्रतिवर्ष प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियों की संख्या का निश्चय भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि के आधार पर अधिकाधिक प्रतिशतता वाले छात्रों की कट-ऑफ लिस्ट के अनुसार किया जाता है। इस संदर्भ में भारत सरकार की आरक्षण नीति का भी पालन किया जाता है।

वर्ष-2014-2015 के लिए छात्रवृत्ति हेतु 51418 आवेदन पत्र इस योजना के अन्तर्गत संस्थान को प्राप्त हुए है जिनमें से 11103 आवेदनों को निर्धारित मानदण्ड के अनुसार आधुनिक तथा परम्परागत धारा के संस्थाओं/ महाविद्यालय/ विद्यालयों में नवमी कक्षा से पी.एच.डी. तक के छात्रों को छात्रवृत्ति के लिए चुना गया। प्रदत्त छात्रवृत्ति का विवरण निम्न प्रकार से है :

आधुनिक वर्ग

कक्षा	कुल छात्र संख्या					छात्र संख्या+ छात्रवृत्ति दर	कुल राशि
	सामान्य	अनु.जाति	अनु.जन.जाति	पिछड़ा वर्ग	विकलांग		
9वीं	1064	51	17	218	02	1352x2500	रु.33,80,000
10वीं	1113	51	24	277	03	1468x2500	रु.36,70,000
11वीं	919	72	21	638	02	1652x3000	रु.49,56,000
12वीं	1655	151	64	1345	04	3219x3000	रु.96,57,000
बी.ए.-प्रथम	284	40	08	238	02	572x4000	रु.22,88,000
बी.ए.-द्वितीय	158	26	02	80	01	267x4000	रु.10,68,000
बी.ए.-तृतीय	103	15	03	37	00	158x4000	रु.06,32,000
एम.ए.-प्रथम	117	09	04	44	00	174x5000	रु.08,70,000
एम.ए.-द्वितीय	25	03	04	34	00	66x5000	रु.03,30,000
पी.एच.डी.	17	02	00	05	00	24x20000	रु.04,80,000
पूर्व वर्ष उपाधिप्राप्त (पी.एच.डी.)	--	--	--	--	--	66x20000	रु.13,20,000
कुल	**5455**	**420**	**147**	**2916**	**14**	**8952+66=9018**	**2,86,51,000**

परम्परागत वर्ग

कक्षा	कुल छात्र संख्या					छात्र संख्या+ छात्रवृत्ति दर	कुल राशि
	सामान्य	अनु. जाति	अनु.जन. जाति	पिछड़ा वर्ग	विकलांग		
पूर्व मध्यमा-प्रथम/9वीं	317	38	03	150	00	508x2500	12,70,000
पूर्व मध्यमा-द्वितीय 10वीं	79	07	00	15	00	101x2500	2,52,500
उत्तरमध्यमा प्रथम/प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष/11वीं	97	10	04	36	01	148x3000	4,44,000
उत्तरमध्यमा द्वितीय/प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष/12वीं	275	28	10	212	00	525x3000	15,75,000
शास्त्री प्रथम	159	22	06	80	01	268x4000	10,72,000
शास्त्री द्वितीय	113	15	02	36	01	167x4000	6,68,000
शास्त्री तृतीय	159	19	08	39	01	226x4000	9,04,000
आचार्य प्रथम	37	03	00	09	00	49x5000	2,45,000
आचार्य द्वितीय	47	06	00	18	00	71x5000	3,55,000
विद्यावारिधि	04	00	00	00	00	4x20000	80,000
पूर्व वर्ष उपाधिप्राप्त (पी.एच.डी.)	--	--	--	--	--	18x20000	3,60,000
कुल	**1287**	**148**	**33**	**595**	**04**	**2067+18=2085**	**72,25,500**

सब योग

			कुल छात्र संख्या					
वर्ग	सामान्य	अनु.जाति	अनु.जन. जाति	पिछड़ा वर्ग	विकलांग	कुल		कुल राशि
आधुनिक	5455	420	147	2916	14	8952+66	9018	2,86,51,000
परम्परागत	1287	148	33	595	04	2067+18	2085	72,25,500
कुल योग	**6742**	**568**	**180**	**3511**	**18**	**11019+84**	**11103**	**3,58,76500**

4.1.10 53वीं अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा

संस्कृत विश्वविद्यालयों, पारम्परिक संस्कृत पाठशालाओं एवं गुरुकुलों में अध्ययनरत प्रतिभान्वित छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष अखिल भारतीय संस्कृत शास्त्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रियस्तर पर भागग्रहण के लिए अर्ह स्पर्धियों के चयन हेतु राज्य स्तर पर भी शास्त्रीय प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं।

वर्ष 2014-15 में राज्यस्तरीय शास्त्रीय प्रतियोगिताएँ निम्न राज्यों एवं स्थानों में आयोजित की गईं।

1. जम्मू और कश्मीर : रणबीर परिसर, जम्मू
2. हिमाचल प्रदेश : वेद व्यास परिसर, बलाहर
3. दिल्ली : श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ, नई दिल्ली
4. उत्तराखण्ड : श्री भगवानदास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, हरिद्वार
5. ओडिशा : सदाशिव परिसर, पुरी
6. बिहार और झारखण्ड : दरभङ्गा सं.वि.वि. बिहार
7. पश्चिम बंगाल : सीताराम आदर्श संस्कृत महा-विद्यालय, कोलकाता
8. राजस्थान : जयपुर परिसर, जयपुर
9. उत्तर-प्रदेश : लखनऊ परिसर, जयपुर
10. मध्यप्रदेश/छत्तीसगढ़ : भोपाल परिसर, भोपाल
11. गुजरात : दर्शनम् संस्कृत महाविद्यालय, अहमदाबाद
12. महाराष्ट्र, गोवा : के.जे. सोमैया परिसर, मुम्बई
13. आन्ध्र प्रदेश : रा.सं. विद्यापीठ, तिरुपति
14. तमिलनाडु एवं पाण्डिचेरी : मद्रास आदर्श सं महाविद्यालय, चेन्नई
15. केरल : गुरुवायूर परिसर, केरल
16. कर्णाटक : कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय

राष्ट्रीय स्तर की 53वीं अखिल भारतीय संस्कृत शास्त्रीय स्पर्धा का आयोजन दिनांक 17 से 20 मार्च 2015 तक नई दिल्ली में वसन्तु कुंज में श्रीकृष्ण धाम में किया गया। राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में चयनित 281 छात्रों ने 22 विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे - 8 विभिन्न शास्त्रीय विषयों पर भाषणस्पर्धा, 7 परम्परागत शास्त्रीय ग्रन्थों से सम्बन्धित विषयों पर विभिन्न शलाका परीक्षा, धातुरूप, काव्य, अमरकोश एवं अष्टाध्यायी पर 4 कंठपाठ प्रतियागिता, शास्त्रार्थ-विचार; समस्यापूर्ति एवं अन्ताक्षरी में भाग लिया।

निम्न निर्दिष्ट मूर्धन्य विद्वान् प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में आमन्त्रित किये गए -

1. आ. श्रीरामशर्मा
2. आ. रामानुजदेवनाथः
3. आ. रामकुमारशर्मा

4. आ. कमलेशझा:
5. आ. भगवच्छरणशुक्ल:
6. आ. रमेशकुमारपाण्डेय:
7. आ. देवनारायणझा:
8. आ. सुरेश्वरझा:
9. आ. रामलखनपाण्डेय:
10. आ. रामनारायणदास:
11. आ. अर्कनाथचौधरी
12. आ. रामकिशोरत्रिपाठी
13. आ. कृष्णमूर्तिशास्त्री
14. आ. मणिद्राविड:
15. आ. सोमनाथनेने
16. आ. हरिराममिश्र:
17. आ. जयप्रकाशनारायण द्विवेदी
18. आ. रामचन्द्रझा:
19. आ. नागेन्द्रपाण्डेय:
20. आ. शिवकान्तझा:
21. आ. एन्.आर्. कण्णन्
22. आ. राजारामशुक्ल:
23. आ. जनार्दनहेगडे
24. आ. विष्णुनम्बूदिरि:
25. आ. किशोरचन्द्र महापात्र:
26. आ. का ई देवनाथ:
27. आ. गङ्गाधरपण्डा
28. श्री नयनभाई सोनी
29. श्री भट्ट हेमल
30. ए.वी. नागसंपिगे

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमश: स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक सहित रु. 10000/-, 7000/-, 5000/- से पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त शलाका परीक्षा में 80 प्रतिशत और अधिक एवं प्रथम श्रेणी 65 प्रतिशत सहित प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को विशेष पुरस्कार क्रमश: रु. 2000/- एवं रु. 1500/- प्रदान किये गये। कर्णाटक राज्य ने सभी प्रदर्शनों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर विजयवैजयन्ती प्राप्त की।

समारोह का उद्घाटन दरभङ्गा वि.वि. के पूर्व कुलपति, आ. ब्रह्मचारी सुरेन्द्र कुमार ने किया। संस्थान के कुलसचिव डॉ. बी.के. सिंह, जम्मू परिसर के प्राचार्य प्रो. रामानुज देवनाथन, परीक्षानियन्त्रक डॉ. गोपीरमण मिश्र उपस्थित थे। पूर्वाह्न में प्रवृत्त शास्त्रीय उपोद्घात सत्र में आ. सर्वनारायण झा ने अध्यक्षता की। आचार्य देवनाथन ने उद्बोधन किया।

समापन समारोह का आयोजन 20.03.2015 के अपराह्न में हुआ। इसकी अध्यक्षता कामेश्वर सिंह दरभंगा विश्वविद्यालय के आचार्य रामचन्द्र झा ने किया। राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के जम्मू परिसर के प्राचार्य प्रो. रामानुज देवनाथन और पूर्णप्रज्ञ संशोधन मन्दिर के निदेशक डॉ. ए.वि. नागसंपिगे ने विशिष्ट भाषण किया। लगभग 1000 छात्र एवं युवा विद्वान् कार्यक्रम से लाभान्वित हुए।

4.1.11 आदर्श महाविद्यालय/शोध संस्थान

योजना का नाम

मान्यता प्राप्त आदर्श संस्कृत महाविद्यालय/शोध संस्थानों को वित्तीय सहायता

परिचय

मान्यता-प्राप्त आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों/शोध संस्थानों को वित्तीय सहायता प्रदान कर भारत सरकार द्वारा इन्हें प्रारम्भ किया गया है। भारत सरकार द्वारा पारम्परिक संस्कृत पाठशालाओं/संस्कृत संस्थाओं के विकास हेतु इनका समर्थन किया गया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सर्वप्रथम मंत्रालय के पत्रांक फा. 30-19/88-संस्कृत-I दिनांक 7 जुलाई 1993 को आदर्श योजना नियमावली बनाई गयी, बाद में मंत्रालय के पत्रांक फा.-83/94-संस्कृत-I दिनांक 17.07.1995 के द्वारा राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान को कार्यान्वयन हेतु भेजा गया। वर्ष 2012 में मंत्रालय के पत्रांक एफ.एन. 31-4/2009-संस्कृत-I दिनांक 29 जून, 2012 को आदर्श योजना नियमावली 1995 को संशोधित कर इस योजना के अन्तर्गत देश के विभिन्न भागों में 26 संस्थाएँ भारत सरकार की वित्तीय सहायता से संस्थान के अधीन चल रही हैं। वर्तमान में आदर्श योजनान्तर्गत 22 आदर्श महाविद्यालय एवं 4 शोध संस्थान चल रहे हैं, जिसमें से एक आदर्श संस्कृत महाविद्यालय श्रीमती लाडदेवी शर्मा पंचोली आदर्श संस्कृत महाविद्यालय भीलवाड़ा राजस्थान को मार्च 2015 में मान्यता मिली है। इस योजना के लिए वित्त का बड़ा भाग संस्थान द्वारा जारी किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत मान्यता-प्राप्त संस्थाओं को व्यय के आवर्ती मदों पर 95 प्रतिशत तथा अनावर्ती मदों पर 75 प्रतिशत संस्थान द्वारा अनुदान दिया जाता है।

उद्देश्य

परम्परागत पद्धति से संस्कृत का प्रचार-प्रसार करना इस योजना का उद्देश्य है। इस उद्देश्य के लिये शास्त्री से आचार्य तक और शोध संस्थानों में शोध के लिये आदर्श महाविद्यालयों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

आदर्श संस्कृत महाविद्यालय/आदर्श शोध संस्थानों की सूची (देखें परिशिष्ट-ठ)

आदर्श संस्कृत महाविद्यालय/आदर्श शोध संस्थान को 2014-15 प्राप्त वित्तीय सहायता का विवरण प्रस्तुत है।

क्र.सं.	राज्य	संस्थाओं की संख्या	निर्गत धनराशि (रु. लाख में)
1.	आन्ध्र प्रदेश	1	50.71
2.	बिहार	5	481.68
3.	हरियाणा	2	197.11
4.	हिमाचल प्रदेश	2	288.75
5.	झारखण्ड	1	176.54
6.	कर्नाटक	1	74.23
7.	केरल	2	172.03
8.	महाराष्ट्र	2	59.37
9.	मणिपुर	1	29.00
10.	तमिलनाडु	2	216.99
11.	उत्तराखण्ड	1	95.04
12.	उत्तर प्रदेश	3	308.40
13.	पश्चिम बंगाल	2	258.10
14.	राजस्थान	1	-
कुल निर्गत अनुदान राशि		**26**	**2407.95**

4.1.12 परियोजनाएँ

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान ने वर्ष 2003 से कुछ परियोजनायें प्रारम्भ की हैं। निम्नलिखित उन सम्पन्न/प्रवर्तमान योजनाओं में यद्यपि इस प्रतिवेदन-वर्ष में उल्लेखनीय प्रगति नहीं है तथापि सूचना की दृष्टि से विवरण दिया जा रहा है।

1. भाषा मन्दाकिनी (दूरदर्शन प्रसारण)

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान सितम्बर, 2003 से संस्कृत कार्यक्रमों का प्रसारण इग्नू के ज्ञान दर्शन चैनल के द्वारा प्रतिदिन एवं सप्ताह में तीन दिन क्रमशः डी.डी. भारती और डी.डी. इण्डिया से कराता है। प्रारम्भ से अभी तक तीस मिनट के 730 कथानक इग्नू से प्रसारित हो चुके हैं।

2. संस्कृत साहित्य का राष्ट्रिय ई-डाटा बैंक (ई-टैक्स्ट्)

परियोजना का उद्देश्य संस्कृत में ई-लर्निंग विकसित करना एवं ई-संस्कृत संग्रह को इलैक्ट्रानिक्स टैक्स्टों एवं इन्टरनेट के माध्यम से जन सामान्य को उपलब्ध कराना है। संस्थान के विभिन्न परिसरों के शिक्षकों को उनकी विशेषज्ञता एवं अध्ययन के क्षेत्र के आधार पर ग्रंथ आबंटित किये गये हैं। ग्रंथों को टंकित करने एवं कम्प्यूटर पर फाईल तैयार करने के लिए डाटा एन्ट्री आपरेटरों की नियुक्ति की गयी है। 104 ग्रन्थ वेबसाईट पर डाल दिये गये हैं।

3. श्रव्य/दृश्य माध्यमों के द्वारा संस्कृत शिक्षण (मल्टी मीडिया परियोजना)

इस परियोजना में, डीवीडी एलबम तैयार किये जा चुके है। संस्कृत भाषा शिक्षण, वैदिक गणित, संक्षेप रामायणम्, नाट्यविंशतिका, कथादशकम्, प्रथमा दीक्षा वी.सी.डी. तदेव गगनं सैव धरा, कविभास्करी, अभिज्ञानशाकुन्तलम्, शब्दकल्पद्रुम एवं भासनाटकचक्रम् विक्रय हेतु उपलब्ध हैं।

4. एम.पी.-3 ऑडियो

प्रो. के.ई. देवनाथन, तिरुपति द्वारा रिकार्डिड 'तत्त्वचिन्तामणि' तथा श्री वेदमूर्ति प्रभाकरशास्त्री बापट एवं श्री पुण्डलिक कृष्ण भागवत के द्वारा तैयार की गई 'राणायणीयं सामगानम्' एम.पी-3 ऑडियो विक्रय हेतु उपलब्ध है।

5. ई-ग्रन्थालय

ई-ग्रन्थालय साफ्टवेयर के द्वारा संस्थान एवं सभी परिसरों के पुस्तकालयों को नेटवर्किंग के माध्यम से निकट भविष्य में जोड़ा जा रहा है। प्रथम स्तर पर 3,05,567 प्रविष्टियां की जा चुकी हैं।

6. मानस साफ्टवेयर

मानस साफ्टवेयर के द्वारा इलाहाबाद परिसर में स्थित संस्कृत पाण्डुलिपियों का डाटा बैंक तैयार किया जा रहा है।

7. हू इज हू (Who is Who)

संस्थान के द्वारा संस्कृत के विद्वानों का डाटा बैंक पुस्तक के रूप में और साफ्टवेयर के रूप में तैयार किया गया है। पुस्तक के रूप में 'संस्कृतविद्वत्परिचायिका' नाम से संस्कृत विद्वानों की एक पंजिका 15 वें विश्व संस्कृत सम्मेलन के अवसर पर जनवरी 2012 में प्रकाशित हो चुकी है और अन्तर्जाल में स्थापित भी की जा चुकी है।

8. संस्कृत शब्दकोश

अन्तर्भाषायी अध्ययन भाषाओं के प्रोत्साहन व संरक्षण के लिये एक उपयुक्त मार्ग उपलब्ध करा सकता है। राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान ने 'बोलियों व उप-बोलियों सहित संस्कृत एवं अन्य भारतीय भाषाओं का शब्दकोश' की एक परियोजना प्रारम्भ की है। यह परियोजना 2009 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन वित्तीय सहायता के साथ शुरू की गयी है। यह परियोजना विविध भारतीय बोलियों व उप-बोलियों में समान पारिभाषिक शब्दों के अध्ययन के माध्यम से पारम्परिक ज्ञान एवं भाषाई दक्षता के संरक्षण एवं सुरक्षा में योगदान देगी। निम्नलिखित शब्दकोशों का विवरण इस प्रकार है-

(i) भोपाल परिसर, भोपाल में 'बुन्देली-संस्कृत-शब्दकोश' एवं 'मालवी-संस्कृत-शब्दकोश' तैयार किये जा रहे हैं। **'बुन्देली-संस्कृत-शब्दकोश'** में बुन्देली के 14000 शब्दों के संकलन का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा स्वर, कवर्ग, च, छ, ज वर्णों से प्रारम्भ होने वाले बुन्देली शब्दों के बुन्देली से

संस्कृत शब्दार्थ का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष शब्दों का संकलन कार्य पूर्ण हो चुका है। **'मालवी- संस्कृत-शब्दकोश'** में मालवी के 15000 शब्दों के संकलन एवं टंकण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा स्वर, कवर्ग, चवर्ग के मालवी शब्दों का संस्कृत रूपान्तर का कार्य पूर्ण हो चुका है।

(ii) संस्कृत साहित्य परिषद्, कोलकाता में चल रहे **'पूर्व एवं पूर्वोत्तर राज्य की बोलियाँ एवं उपबोलियाँ'** परियोजना के अन्तर्गत उड़िया एवं बांग्ला भाषाओं के कुल 11487 शब्दों का चयन किया गया है।

(iii) संस्थान मुख्यालय में **'संस्कृत-फारसी-उर्दू-हिन्दी-शब्दकोश'** तैयार किया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत स्वरों पर आधारित प्रथम भाग प्रकाशित हो चुका है तथा व्यञ्जनों में 'क' से 'ध' तक का कार्य किया जा चुका है। शेष पर कार्य जारी है।

9. सांख्ययोग/पातञ्जल योग दर्शन

इस परियोजना में पातञ्जल योगदर्शन के नवीन संस्करण को तैयार किया जा रहा है जिसमें समृद्ध अलंकारपूर्ण पारिभाषिक शब्दों एवं बारह पौराणिक टीकाओं का समावेश है। यह प्राच्य संस्कृत पाठ्यपुस्तकों के संरक्षण में सहायक होगी। इस विशाल परियोजना में दो वरिष्ठ शोध अध्येता राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली में सहयोग कर रहे हैं। इस योजना में प्रथम चरण का कार्य सम्पन्न हो चुका है, जिसमें प्रथम पाद के 51 सूत्रों पर 11 टीकाओं एवं उनमें उपलब्ध पारिभाषिक शब्दों को संयोजित किया गया है। परिशिष्टात्मक भाग में योग सूत्र के पाठभेद एवं उद्धृत श्लोकों को अकारादिक्रम से संयोजित कर प्रथम खण्ड को प्रकाशन हेतु शोध एवं प्रकाशन विभाग को दिया गया है। पातञ्जलयोगसूत्र की 7 एवं सांख्यप्रवचनभाष्य की 4 टीकाओं पर कार्य किया जा रहा है।

10. पाण्डुलिपियों के डिज़िटाईजेशन एवं एकत्रीकरण हेतु विशेष अभियान

संस्थान के सभी परिसरों में स्वतंत्र पुस्तकालय हैं। इसके अतिरिक्त इलाहाबाद, पुरी, गुरुवायूर एवं लखनऊ परिसरों में पाण्डुलिपियों हेतु अलग से ग्रन्थालय का प्रावधान है। 2008-09 से गुरुवायूर परिसर द्वारा पाण्डुलिपियों को एकत्र करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया है। संस्थान द्वारा उपलब्ध पाण्डुलिपियों के डिज़िटाईजेशन हेतु परिसरों के विभिन्न पुस्तकालयों में पहल की जा रही है। डिज़िटाईजेशन का कार्य राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (एन.आई.सी.) के माध्यम से सम्पन्न होगा।

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन, नई दिल्ली से प्राप्त जानकारी के अनुसार इलाहाबाद परिसर में 52000 पाण्डुलिपियों में से कुल 40000 पाण्डुलिपियों के डिज़िटाईजेशन का कार्य सम्पन्न हो चुका है।

4.1.13 पालि एवं प्राकृत

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की पहल पर वर्ष 2009 में चालू की गई पालि-प्राकृत परियोजना वर्तमान पंचवर्षीय योजना (वर्ष 2012-2017) में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मा.वि.) की संचालित योजनाओं का अभिन्न अंग बन चुका है। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2014-2015 में दिल्ली, जयपुर एवं लखनऊ केन्द्रों में निम्नलिखित मुख्य गतिविधियाँ सम्पन्न हुईं–

दिल्ली केन्द्र :

1. पालि भाषा एवं व्याकरण के विविध आयाम का सम्पादन।
2. जातक पालि द्वितीय भाग की संस्कृतच्छाया एवं हिन्दी अंग्रेजी अनुवाद।
3. रूपारूपविभाग के हिन्दी अंग्रेजी अनुवाद एवं व्याख्या।
4. जैनागमिक कथाओं का संग्रह।
5. उपदेशमाला की संस्कृतच्छाया एवं हिन्दी अनुवाद।
6. पउमचरियं के प्रथम भाग की संस्कृतच्छाया।
7. जयसेन कथा की संस्कृतच्छाया।
8. भगवती आराधना की संस्कृतच्छाया हिन्दी अनुवाद सहित।

9. भारतीयपरम्परायां प्राकृतभाषायाः साहित्यस्य च अवदानम्, वर्ष 2012 में आयोजित राष्ट्रिय प्राकृत संगोष्ठी के लेखों का सम्पादन

जयपुर केन्द्र-

1. दंसणकहरयणकरंडु (पाण्डुलिपि) संपादन एवं हिन्दी अनुवाद 1-11 सन्धि।
2. मागधी प्राकृत एक खोज, खण्ड 1-3।
3. गाहारयणकोस की संस्कृतच्छाया एवं हिन्दी अनुवाद।
4. वसुदेवहिण्डी संस्कृतच्छाया 1-4 लम्ब।

लखनऊ-

1. अपदानपालि - द्वितीय की संस्कृतच्छाया।
2. थूपवंस का हिन्दी अनुवाद।
3. कथावत्थु के 1-23 प्रकरणों का हिन्दी अनुवाद।
4. धम्मसंगणि के चित्तुप्पादकण्ड एवं रूपकण्ड की संस्कृतच्छाया एवं हिन्दी अनुवाद।
5. प्राकृतशब्दकोश आनलाइन कार्य के 700 नये शब्दों का कार्य।
6. महानिद्देस पालि के 3 निद्देसों की संस्कृतच्छाया एवं 10 निद्देसों का हिन्दी अनुवाद।
7. महावंशपालि के शेष 12 अध्यायों की संस्कृतच्छाया एवं हिन्दी अनुवाद।
8. पटिसम्भिदामग्ग के 100 पृष्ठों की संस्कृतच्छाया।
9. बुद्धवंस के 29 काण्डों का हिन्दी अनुवाद एवं कथावत्थुपालि की संस्कृतच्छाया।
10. अपदानपालि प्रथम के तिमिरवग्ग, सुधावग्ग, भिक्खदायिवग्ग, महापरिवारवग्ग सेरेय्यवग्ग का हिन्दी अनुवाद।
11. पालि-प्राकृत अनुशीलनम्, प्रथम-संस्करण।
12. पालि-प्राकृत अनुशीलनम्, द्वितीय-संस्करण।

4.1.14 अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान शैक्षिक वर्ष 2014-2015 में अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण विभाग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यक्रमों का संचालन किया :

1. अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्र
2. आवासीय संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग (होजाई)
3. आवासीय संस्कृत भाषा बोधन वर्ग

1. अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण कार्यक्रम

2014-2015 के मध्य अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रथमा, द्वितीया एवं तृतीया दीक्षा के एक अनुदानित चक्र का संचालन भारत के केवल पूर्वोत्तर राज्यों में किया गया। पूर्वोत्तर राज्यों एवं पश्चिम बंगाल, कर्णाटक एवं महाराष्ट्र के 72 केन्द्रों में लगभग 1951 अध्येताओं ने त्रैमासिक अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्रों में भाग लिया। ऐसे केन्द्रों की संख्या का विवरण इस वार्षिक प्रतिवेदन के 3.4 भाग में दिया गया है।

सम्पूर्ण देश में अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्रों के माध्यम से लोगों ने संस्कृत एवं भारत की सांस्कृतिक विरासत का ज्ञान अर्जित किया है। समाज के सभी वर्गों के लोगों ने संस्कृत सीखने में अति उत्साह दिखाया। विभिन्न केन्द्रों पर भव्य उद्घाटन तथा समापन समारोह आयोजित किए गए। राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान द्वारा तैयार की गई प्रथमा, द्वितीया एवं

तृतीया दीक्षा की पाठ्य-सामग्री विभिन्न केन्द्रों में संस्कृत शिक्षण का मुख्य आधार है। अध्येताओं ने इस पाठ्य-सामग्री की भूरिशः प्रशंसा की है। प्रथमा, द्वितीया एवं तृतीया दीक्षा की समाप्ति पर प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इन केन्द्रों में आकर छात्रों, अध्यापकों, प्राध्यापकों, चिकित्सकों, अभियन्ताओं, बैंककर्मियों, उद्योगपतियों, अधिकारियों, वकीलों, वैज्ञानिकों, कृषकों तथा गृहिणियों आदि ने इस कार्यक्रम का लाभ उठाया।

इन अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्रों का संचालन न केवल देश के नगरों और महानगरों में किया गया, अपितु दूरवर्ती छोटे गाँवों और छोटे कस्बों, जम्मू व कश्मीर तथा उत्तर-पूर्व राज्यों के दुर्गम क्षेत्रों में भी किया गया। केन्द्र के समीप शिक्षकों के अनुपलब्ध होने पर दूर-दूर से आकर संस्थान के द्वारा प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा केन्द्रों का संचालन किया गया। देश भर में अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्रों का संचालन विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों (डिग्री कॉलेजों), इण्टर कॉलेजों, उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, कनिष्ठ उच्च विद्यालयों, पब्लिक स्कूलों और स्वैच्छिक एवं सामाजिक संस्थाओं में किया जाता है। इसका परिणाम अत्यन्त उत्साहवर्धक रहा।

इन केन्द्रों की सम्यक् क्रियाशीलता हेतु सम्बद्ध राज्यों से प्रान्तसंयोजक के माध्यम से केन्द्रों, केन्द्र-संयोजकों और शिक्षकों के लिए प्रस्ताव प्राप्त होने पर, राज्यों में केन्द्रों, केन्द्र-संयोजकों और शिक्षकों को नामित किया गया।

राज्य-संयोजक (अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्र)

क्र.सं.	राज्य	संयोजक का नाम एवं पता
1.	आन्ध्र प्रदेश	डॉ. वी. सुब्रह्मण्यम्, उपनिदेशक, संस्कृतपरिषद्, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद (आन्ध्रप्रदेश)
2.	बिहार+झारखण्ड	डॉ. श्रीप्रकाश पाण्डेय, सहाचार्य, संस्कृतविभाग, बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय, क्वा. नं.-23, विश्वविद्यालय परिसर, मुजफ्फरपुर-1 (बिहार)
3.	दिल्ली	डॉ. हरिराम मिश्र, विशिष्टसंस्कृताध्ययनकेन्द्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली-110067.
4.	गुजरात	डॉ. भा.वं. रामप्रिय, प्राचार्य, दर्शनम् संस्कृत महाविद्यालय, एस्.जी.वी.पी. सर्किल, ए.जी. हाईवे छारोडी, अहमदाबाद-3284818 (गुजरात)
5.	हरियाणा	डॉ. सुरेन्द्र मोहन मिश्र, संस्कृत विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र-136119 (हरियाणा)
6.	हिमाचल प्रदेश	डॉ. भक्तवत्सल शर्मा, प्राचार्य, सनातन धर्म आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, डोहगी, जिला-ऊना, हिमाचल प्रदेश-174307
7.	जम्मू एवं कश्मीर	प्रो. विश्वमूर्ति शास्त्री, 3/127, इन्दिरा विहार, ओल्ड जानीपुर, जम्मू-180007
8.	कर्णाटक	प्रो. ए.पी. सच्चिदानन्द, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, श्री राजीव गान्धी परिसर, शृङ्गेरी-577139, जिला-चिकमंगलूर, कर्णाटक
9.	केरल	डॉ. सुब्रमण्यम् शर्मा, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान गुरुवायूरु परिसर, डाकघर-पुरनाट्टुकड़ा-680551, जिला त्रिचूर (केरल)
10.	महाराष्ट्र	प्रो. रविन्द्र अंबादास मुले, संस्कृत प्रगत अध्ययन केन्द्र पुणेविश्वविद्यालय, गणेश खिन्द रोड, पुणे-411037 (महाराष्ट्र)

क्र.सं.	राज्य	संयोजक का नाम एवं पता
11.	म.प्र.+छत्तीसगढ़	डा. हंसधर झा, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, भोपाल परिसर, संस्कृत मार्ग, बागसेवनिया, भोपाल-462043 (मध्यप्रदेश)
12.	उत्तर पूर्व राज्य	डॉ. नृपेन्द्रनाथशर्मा, पांचजन्य, लक्ष्मीनगर, राधा गोविन्द बरुआ मार्ग, गुवाहाटी 781005 (असम)
13.	ओडिशा	डॉ. सुकान्त कुमार सेनापति, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, श्री सदाशिव परिसर, पुरी-752001 (ओडिशा)
14.	पंजाब	डॉ. इन्द्रमोहन सिंह, संस्कृत विभाग, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला-147002 (पंजाब)
15.	राजस्थान	डॉ. पूर्ण चन्द्र उपाध्याय, संस्कृत विभागाध्यक्ष, राजकीय बिरला महाविद्यालय, भवानी मंडी, राजस्थान-326502
16.	तमिलनाडु	डॉ. आर. रामचन्द्रन्, व्याख्याता, संस्कृतविभाग, रामाकृष्णमिशन, विवेकानन्द कॉलेज, मैलापुर, चेन्नई (तमिलनाडु)
17.	उत्तराखण्ड	डॉ. बुद्धदेव शर्मा, 11, नालापानी रोड़, चुग कालोनी, देहरादून (उत्तराखण्ड)
18.	उत्तर प्रदेश	डॉ. धनीन्द्र झा, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान विशाल खण्ड-04, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (उत्तर-प्रदेश)
19.	पश्चिम बंगाल	डॉ. तन्मय कुमार भट्टाचार्य, ए एफ-159, रवीन्द्रपल्ली, पत्रालय-प्रफुल्लकानम् कृष्णपुरम्, कोलकाता (पश्चिम बंगाल)

डॉ. रत्न मोहन झा, सहायकाचार्य, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली के द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर राष्ट्रिय संयोजक के दायित्व का निर्वहण किया गया।

2. आवासीय संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के द्वारा संस्कृत विषय को संस्कृत के माध्यम से पढ़ाने हेतु निम्नलिखित स्थानों पर 21 दिवसीय आवासीय अनौपचारिक संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। विवरण निम्नलिखित है-

अनौपचारिक-संस्कृतशिक्षक-प्रशिक्षणवर्ग

क्रमांक	स्थान	अवधि	प्रतिभागियों की संख्या	विदग्ध व्यक्ति
1.	गीता आश्रम, होजाई, जिला-नौगांव, आसम	22.03.2014 से 04.04.2014 एवं 16.07.2014 से 25.07.2014	68	प्रो. वाई.एस. रमेश डॉ. रामकृष्ण पेजत्ताय श्री योगेश पण्ड्या श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा श्रीमती कृष्णा सिन्हा डॉ. छबिलाल उपाध्याय श्री ध्रुवज्योति महान्त डॉ. रत्नमोहन झा

4.1.15 पत्राचार पाठ्यक्रम

संस्थान भारत और विदेश में संस्कृत के सामान्य अध्येताओं के लिए हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम से संस्कृत भाषा सीखने के लिए दो वर्ष की अवधि वाले पत्राचार पाठ्यक्रमों का संचालन दो स्तरों पर करता है, अर्थात्

(अ) संस्कृत में प्रारम्भिक पाठ्यक्रम-प्रथम वर्ष हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम

(ब) संस्कृत में प्रारम्भिक पाठ्यक्रम-द्वितीय वर्ष हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम।

वर्ष 2014-2015 के दौरान पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से अध्ययन हेतु 2890 (2886 भारतीय एवं 4 विदेशी) नये छात्रों ने पंजीयन करवाया।

4.1.16 मुक्तस्वाध्यायपीठम्

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान द्वारा मुक्तस्वाध्यायपीठम् के माध्यम से दूरस्थ शिक्षा द्वारा परम्परागत पाठ्यक्रमों का शुभारम्भ अगस्त, 2010 में किया गया।

मुक्तस्वाध्यायपीठम् के सभी पाठ्यक्रम दूरस्थ शिक्षा परिषद् (अब दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो, यू.जी.सी.) इन्दिरा गांधी राष्ट्रिय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त हैं। मुक्तस्वाध्यायपीठम् दूरस्थ शिक्षा परिषद् से मान्यता प्राप्त राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की एक स्वायत्त संस्था है। राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के मुख्यालय (नई दिल्ली) सहित सभी परिसरों में संचालित इसके अध्ययन केन्द्रों को स्वाध्याय केन्द्र कहा जाता है।

संचालित पाठ्यक्रम

1. प्राक्शास्त्री (2 वर्ष)-साहित्य, व्याकरण, फलित ज्योतिष
2. प्राक्शास्त्री सेतु/संस्कृतावतरणी (6 माह)
3. शास्त्री (3 वर्ष) - साहित्य, व्याकरण, फलित ज्योतिष
4. शास्त्री सेतु/संस्कृतावगाहनी (1 वर्ष) - साहित्य, व्याकरण, फलित ज्योतिष
5. आचार्य (2 वर्ष) - साहित्य, व्याकरण, फलित ज्योतिष
6. आचार्य सेतु/शास्त्रावगाहनी (1वर्ष)-साहित्य, व्याकरण, फलित ज्योतिष
7. संस्कृत पत्रकारिता प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम (06 माह)
8. पालि प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम (06 माह)
9. पालि प्रारंभिक ज्ञान पाठ्यक्रम (03 माह)
10. प्राकृत प्रारंभिक ज्ञान पाठ्यक्रम (03 माह)
11. पाकृत प्रमाणपत्रीय पाठक्रम (06 माह)

सत्र 2014-15 में प्रवेश लेने वाले छात्रों का विवरण

मुक्तस्वाध्यायपीठम् के सभी स्वाध्याय केन्द्रों में वर्ष 2014-15 में कुल 1167 छात्रों ने प्रवेश लिया, जिनका विस्तृत विवरण इस वार्षिक प्रतिवेदन के क्र.सं. **3.3** में दिया गया है।

अभिकल्प समिति की बैठकें

अभिकल्प समिति मुक्तस्वाध्यायपीठ की नियामक परिषद है। इस वर्ष अभिकल्प समिति की बैठक संस्थान मुख्यालय, नई दिल्ली में दिनांक 28.05.2014 को आयोजित की गई।

शैक्षिक सत्र : 2014-2015 में तिथिवार आयोजित कार्यशाला/संगोष्ठी

क्र.सं.	दिनांक	कार्यशाला/कार्यक्रम का नाम
1.	08.05.2014 से 17.05.2014	स्वाध्याय सामग्री निर्माण कार्यशाला
2.	15.05.2014 से 24.05.2014	स्वाध्याय सामग्री निर्माण कार्यशाला
3.	09.12.2014 से 19.12.2014	स्वाध्याय सामग्री निर्माण कार्यशाला
4.	06.01.2015 से 10.01.2015	स्वाध्याय सामग्री निर्माण कार्यशाला

सम्पर्क कक्षाएँ

स्वाध्यायकेन्द्र (मुक्तस्वाध्यायपीठम्) द्वारा संचालित सभी पाठ्यक्रमों की परामर्श सह सम्पर्क कक्षाएँ निर्धारित समय पर एक सत्र में क्रमशः पाँच बार (15-15 दिनों के लिए) चलायी जाती है।

4.2 परिसरों की गतिविधियाँ

4.2.1 श्री गंगानाथ झा परिसर, इलाहाबाद (उत्तरप्रदेश)

1. परिसर परिचय

गंगा, यमुना, सरस्वती के पावन तट पर बसे तीर्थराज प्रयाग के सुरम्य भूभाग पर गंगानाथ झा शोध-संस्थान की स्थापना 17 नवम्बर, 1943 ई. को महामना पं. मदनमोहनमालवीय, डा. सर तेजबहादुर सप्रू, डा. भगवानदास, डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन्, न्यायमूर्ति श्री कमलाकान्त वर्मा, डॉ. गोपीनाथ कविराज, डॉ. अमरनाथ झा, डा. ईश्वरी प्रसाद, डा. बाबूराम सक्सेना, ले.गवर्नर आदित्यनाथ झा, एवं उनके अनुयायियों, शिष्यों एवं विभिन्न पारिवारिक व्यक्तियों के द्वारा डॉ. गंगानाथ झा की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर की गयी थी।

शोध संस्थान के भवन की योजना को सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 के अन्तर्गत 12.1.1945 को पंजीकृत करा लिया गया था। म.म. डा. उमेश मिश्र के प्रयत्न से उ.प्र. सरकार से कम्पनी बाग में चन्द्रशेखर आजाद पार्क के पार्श्व में, 1.5 एकड़ भूमि प्राप्त होने पर, इस भवन का शिलान्यास 3.2.1945 को उ.प्र. के तत्कालीन राज्यपाल सर मारिस हैलेट के करकमलों से सम्पन्न हुआ। सर मॉरिस ने बड़े भाव-भीने शब्दों में कहा कि डॉ. झा किसी प्रदेश-विशेष से सम्बन्धित न होकर पूरे राष्ट्र के थे। प्रयाग के प्रति उनके लगाव को देखते हुये यह बहुत उचित है कि उनकी स्मृति में यहाँ एक शोध संस्थान बने जहाँ से उनके अवशिष्ट कार्य को गति मिले।

इसके प्रथम अध्यक्ष डा. सर तेजबहादुर सप्रू (1943-49) तक थे। उसके बाद डॉक्टर भगवानदास (1949-59) तथा डॉ. एस. राधाकृष्णन् (1959-63), न्यायमूर्ति श्री कमलाकान्त वर्मा (1963-65), डॉ. गोपीनाथ कविराज (1965-71) रहे। उपाध्यक्ष के रूप में डॉ. अमरनाथ झा, डा. आदित्यनाथ झा, डॉ. ईश्वरी प्रसाद और डॉक्टर बाबूराम सक्सेना इस संस्था में अपना योगदान करते रहे। संस्थान के सचिव प्रारम्भ से ही डॉ. उमेश मिश्र (1967) रहे। इनके अनवरत प्रयास, देखभाल एवं परिश्रम से संस्थान की उल्लेखनीय प्रगति हुई और विश्व में भारतीय विद्या के क्षेत्र में इसका महत्त्वपूर्ण स्थान निर्मित हुआ।

उनकी मृत्यु के पश्चात् उनके सुयोग्य पुत्र डॉ. जयकान्त मिश्र, प्रो. अंग्रेजी विभाग, प्रयाग विश्वविद्यालय, ने दक्षतापूर्वक सचिव के रूप में इसका कार्यभार संभाला और इसकी कीर्ति को अक्षुण्ण रखा। संस्थान का प्रशासन 10 सदस्यों की प्रबन्ध समिति द्वारा होता था। डॉ. बाबूराम सक्सेना, डॉ. ईश्वरी प्रसाद, डॉ. एस.पी. चतुर्वेदी, पं. के.सी. चट्टोपाध्याय इस समिति में थे। इस समय तक शोध संस्थान का प्रमुख कार्य 'जर्नल' का प्रकाशन रहा।

महामहोपाध्याय डॉ. पी.वी. काणे, सर सर्वपल्ली राधाकृष्णन्, डॉ. एफ. डब्ल्यू. थॉमस (आक्सफोर्ड), प्रो. फ्रैंकलीन एडगर्टन (न्यूयार्क), मौलवी सईद सुलेमान नकवी (आजमगढ़) और प्रो. मोहम्मद सफी इसके सम्मानित सदस्य रहे। श्री गोपालस्वरूप पाठक, डॉ. धीरेन्द्र वर्मा, सर एस. वरदाचारी, जस्टिस रघुबर दयाल, एस.सी. देव और सर सीताराम इसके आजीवन सदस्य रहे। इन विद्वानों के वरदहस्त से इस संस्था की निरन्तर गौरव-वृद्धि होती रही।

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान नई दिल्ली (मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ) द्वारा इसका अधिग्रहण अपने अंगीभूत विद्यापीठ के रूप में वर्ष 1971 में किया गया तब से यह ''गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ'' के नाम से जाना गया। सन् 2002 में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के समविश्वविद्यालय बनने के पश्चात् इसका नामकरण 'गंगानाथ झा परिसर' किया गया। यह परिसर एक ऐसा प्रतिष्ठित शोध-केन्द्र है जो संस्कृत विद्या की विभिन्न विधाओं के शोध-कार्य हेतु समर्पित है।

2. परिसर की अवस्थिति

गंगानाथ झा परिसर, चन्द्रशेखर आजाद पार्क कम्पनी बाग के अन्दर इण्डियन प्रेस चौराहा के नजदीक चन्द्रशेखर आजाद शहीद स्थल के पास अवस्थित है। परिसर के सम्मुख पन्नालाल रोड है, उत्तर की ओर जवाहर लाल नेहरु रोड (जी. टी. रोड) परिसर के पीछे इलाहाबाद संग्रहालय कमला नेहरु रोड पर स्थित है। परिसर सिविल लाइंस बस अड्डा से 3

किमी. इलाहाबाद रेलवे स्टेशन से 5 किमी. एवं एअर पोर्ट बमरौली से 20 किमी की दूरी पर स्थित है।

3. उपलब्ध पाठ्यक्रम

परिसर में मुख्यतया विद्यावारिधि (पी-एच.डी.) शोधकार्य होता है। इसके अतिरिक्त दूरस्थ शिक्षण माध्यम से प्राक्शास्त्री, शास्त्री, आचार्य (साहित्य, व्याकरण, ज्यौतिष) एवं प्राक्शास्त्री सेतु, शास्त्री सेतु, आचार्य सेतु (साहित्य, व्याकरण, ज्योतिष) पाठ्यक्रमों में अध्ययन-अध्यापन कार्य होता है।।

1. विद्यावारिधि (पीएच्. डी.)।
2. अनुसंधान प्रविधि एवं पाण्डुलिपि विज्ञान पाठ्यक्रम।
3. मुक्तस्वाध्यापीठम् के विभिन्न पाठ्यक्रम (दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से)–

   प्राक्शास्त्री सेतु,

   प्राक्शास्त्री (साहित्य, व्याकरण, फलित ज्योतिष),

   शास्त्री सेतु (साहित्य, व्याकरण, फलित ज्योतिष),

   शास्त्री (साहित्य, व्याकरण, फलित ज्योतिष),

   आचार्य सेतु (साहित्य, व्याकरण, फलित ज्योतिष),

   आचार्य (साहित्य, व्याकरण, फलित ज्योतिष)।

4. परिसर के लक्ष्य और उद्देश्य/परिसर की प्रमुख गतिविधियाँ

- भारतीय प्राच्य विद्या में मौलिक शोध को प्रोत्साहन।
- संस्कृत के दुर्लभ मातृकाओं/ग्रन्थों का सम्पादन/प्रकाशन/अनुवाद।
- अन्तर्राष्ट्रिय ख्याति की प्राच्यविद्यामयी शोध-पत्रिका "जर्नल आफ द गंगानाथ झा कैम्पस्" का प्रकाशन।
- प्राच्यविद्याध्ययनोपयोगी विशाल पुस्तकालय का संवर्धन।
- संस्कृत की पाण्डुलिपियों का संग्रह/संकलन/संरक्षण/सूचीकरण एवं सम्पादन।
- शोध छात्रों को शोधकार्य करने की सुविधा प्रदान करना।

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की विद्यावारिधि (पी-एच.डी.) उपाधि हेतु शोधकार्य के लिए परिसर प्रतिवर्ष निश्चित संख्या में शोध छात्रों को प्रविष्ट करता है। प्रविष्ट शोध-छात्र इस परिसर के प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में शोध कार्य करते हैं तथा परिसर में उपलब्ध पुस्तकालय एवं पाण्डुलिपि अनुभाग की सुविधाओं का उपयोग करते हैं। यहाँ की पुस्तकों एवं पाण्डुलिपियों का उपयोग मात्र परिसर के छात्रों तक ही सीमित नहीं है, अपितु नगर एवं नगर के बाहर के विद्वान् तथा शोध छात्र भी लाभान्वित होते हैं। यह परिसर संस्कृत में तथा प्राचीन भारतीय संस्कृति में अभिरुचि रखने वाले समाज के सभी वर्गो के विद्वानों एवं शोधार्थियों को पुस्तकालय की क्षमतानुसार उपयोग का अवसर प्रदान करता है।

परिसर के आचार्य शोधच्छात्रों के मार्ग-दर्शन करने के अतिरिक्त विभिन्न शोधपरियोजनाओं पर कार्य करते हैं तथा अप्रकाशित पाण्डुलिपियों का सम्पादन करते हैं जिनका प्रकाशन परिसर द्वारा किया जाता है। परिसर द्वारा अब तक 120 पुस्तकों, 67 जर्नल ग्रन्थों, 11 उशती ग्रन्थों और 12 वर्णनात्मक पाण्डुलिपि ग्रन्थसूचियों का प्रकाशन किया जा चुका है।

अन्य क्रियाकलाप

- संस्कृत दिवस का आयोजन
- हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन
- महिला दिवस का आयोजन
- स्थापना दिवस का आयोजन
- शिक्षक दिवस का आयोजन
- स्वच्छता दिवस का आयोजन
- वसन्तोत्सव का आयोजन
- अन्त:परिसरीय युवा समारोह

विशिष्ट व्याख्यान

- शास्त्रीय विषयों पर आधारित संगोष्ठी (राष्ट्रिय/अन्ताराष्ट्रिय)
- परिसरीय विद्वानों की शास्त्रचर्चा
- आचार्य मण्डनमिश्र स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन
- विशिष्ट व्याख्यानमालाओं का आयोजन
- शोधच्छात्रों की भाषण प्रतियोगिता
- माइक्रोफिल्म का डिजिटाइजेशन
- पाण्डुलिपियों का डिजिटाइजेशन
- ई-ग्रन्थालय के अन्तर्गत डाटा इन्ट्री का कार्य

- स्वाध्याय केन्द्र की सम्पर्क कक्षाओं में यथासमय अध्यापनकार्य
- पी-एच.डी. की सत्रार्द्ध परीक्षा एवं स्वाध्याय केन्द्र की वार्षिक परीक्षा
- परिसरीय पत्रिका उशती का प्रकाशन
- शोधरत छात्रों के लिए क्रीडा प्रांगण की व्यवस्था

गंगानाथ झा परिसर एक शोध-संस्थान है। इस परिसर का प्रमुख कार्य है-शोध एवं प्रकाशन। वर्तमान में यहाँ 7 आचार्य एवं 4 सहायकाचार्य शोध छात्रों को विद्यावारिधि (पी-एच.डी.) उपाधि हेतु मार्ग-निर्देशन करते हैं एवं परिसर के संग्रहालय में उपलब्ध अप्रकाशित दुर्लभ महत्त्वपूर्ण हस्तलेखों का सम्पादन करते हैं। सम्पादित ग्रन्थों का प्रकाशन संस्थान के लिए परिसर कराता है। इनके अतिरिक्त संस्थान द्वारा अनुमोदित शोध योजनाओं पर भी विद्वानों द्वारा कार्य सम्पादित किये जाते हैं।

शैक्षिक विभाग के अग्रलिखित कार्य प्रगति पर है–

- मीमांसाचन्द्रिका (ब्रह्मानन्दसरस्वतिविरचिता) सम्पादन कार्य
- विधवोद्वाहशंकासमाधिः (कालोकशेपनामक श्री राजाराम शास्त्री इत्यनेन निर्मितः) सम्पादन कार्य।
- 'गंगा-शशिलेखा व्याख्योपेतम्, गीतगोविन्दमहाकाव्यम्' टीकाकार महाकवि कृष्णदत्त (अठारहवीं शताब्दी) प्रकाशनाधीन।
- लिङ्गनिर्णयः, लिङ्गप्रकाशः लिङ्गानुशासनसूत्रवृत्तिः आख्यात चन्द्रिका।
- सम्बन्ध विवेक-शूलपाणि (बंग एवं मैथिल लिपि) सम्पादनाधीन।
- वशिष्ठस्मृति की विद्वन्मोदिनी टीका (संयुक्त सम्पादन) सम्पादनाधीन।
- रुक्मिणी पत्रिका प्रकाशनाधीन।
- नाचिकेतोपाख्यान (सम्पादन कार्य)।
- उपचारमाला महामुद्गल भट्ट कृत सम्पादन एवं हिन्दी अनुवाद कार्य समाप्त (प्रकाशनाधीन)।
- नन्दसमुच्चय का सम्पादन (शीघ्र प्रकाश्यमाण)।
- तत्त्वदीपिनी टीका प्रकाशनाधीन।
- महामहोपाध्याय सर गंगानाथ झा प्रकाशनाधीन।
- प्रस्तावसागर प्रकाशनाधीन।
- श्रृंगारसप्तशतिका प्रकाशनाधीन।
- द्रव्यसारसंग्रह प्रकाशनाधीन।
- आनन्द रघुनन्दनम् प्रकाशनाधीन।
- प्रातिशाख्य पारिभाषिक कोष (शीघ्र प्रकाश्यमाण)।
- जर्नल आफ दी गंगानाथ झा कैम्पस अंक 68, 69, 70, 71 शीघ्र प्रकाश्यमाण।
- उशती पत्रिका का सम्पादन (अंक द्वादशांक) प्रकाश्यमाण।

संकाय सदस्यों द्वारा पुनश्चर्या पाठ्यक्रम/अभिविन्यास पाठ्यक्रम।

स्थानान्तरण

1. परिसर के प्रभारी प्राचार्य और ज्योतिष के आचार्य प्रो. सर्वनारायण झा का संस्थान मुख्यालय में स्थानान्तरण हुआ।
2. साहित्यविभाग के सहाचार्य डॉ. उदयनाथ झा का पुरी परिसर में स्थानान्तरण हुआ।

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/उत्तरित पत्रों की संख्या :

प्रार्थना-पत्र प्राप्त – 06

उत्तर प्रेषित – 06

4.2.2 श्री सदाशिव परिसर, पुरी (ओडिशा)

परिसर-परिचय

मानव संसाधन विकास मन्त्रालय के द्वारा संस्थापित राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान मानित-विश्वविद्यालय के अन्तर्गत द्वादश परिसरों में पुरी में स्थापित श्री सदाशिव परिसर सबसे प्राचीन, सुसमृद्ध तथा बृहत्तम है। यह संस्था पहले सदाशिव संस्कृत महाविद्यालय के नाम से उत्कल सरकार के अधीन थी। उत्कल प्रदेश के महान् विद्वान् पण्डित हरिहरदास महोदय ने बलरामपुर के श्री दिग्विजय सिंह महोदय की सहायता से 1865 ई. में संस्कृत विद्यालय की स्थापना की। बाद में महामहोपाध्याय सदाशिव मिश्र जी ने 1981 ई. में इस विद्यालय को महाविद्यालय में परिवर्धित किया। यहां साहित्य, व्याकरण, नव्यन्याय, वेदान्त, स्मृति, पुराण, मीमांसा, सांख्ययोग, सर्वदर्शन, धर्मशास्त्र, ज्योतिष आदि शास्त्रीय क्षेत्रों में प्रख्यात विद्वानों का प्रादुर्भाव हुआ। पुनः 15 अगस्त 1971 ई. में मानव संसाधन विकास मन्त्रालय के अधीन राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान ने केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ के रूप में इसे अधिकृत किया। तत्पश्चात् मानव संसाधन विकास मन्त्रालय ने राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान को 07.05.2002 में मानित विश्वविद्यालय के रूप में घोषित कर मान्यता दी। पुनः 13.6.2002 को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इस मानित विश्वविद्यालय को स्वीकृति देते हुए 03.07.2002 को उद्घाटित किया। अखिल भारतवर्ष में इस सम विश्वविद्यालय के बारह परिसर स्वीकृत हुए। जिसमें श्री सदाशिव परिसर अन्यतम है।

परिसर की अवस्थिति

श्री सदाशिव परिसर गाँधीघाट मौजा के अन्तर्गत 4.780 एकड़ भूखण्ड पर वर्ष 2001 में निबन्धित हुआ, तथा यहाँ मानव संसाधन विकास मन्त्रालय के द्वारा नये भवन का निर्माण किया गया। पुरी के बालुखण्ड मौजा नामक स्थान में 10.05 एकड़ भूखण्ड निबन्धित हुआ था, जिसमें छात्रों के लिए आवास का निर्माण किया जा रहा है।

उपलब्ध पाठ्यक्रम

इस परिसर में प्राक्शास्त्री से लेकर आचार्य तक की पढ़ाई होती है। शास्त्री एवं आचार्य में साहित्य, व्याकरण, न्याय, अद्वैतवेदान्त, पुराण, सांख्ययोग, सर्वदर्शन, धर्मशास्त्र एवं ज्योतिष आदि विषयों में शिक्षा दी जाती है। आधुनिक विषयों में हिन्दी, अंग्रेजी, उडिया एवं इतिहास की पढ़ाई होती है। संस्थान के पाठ्यक्रम के अनुसार प्राक्शास्त्री से लेकर शिक्षाशास्त्री तक संगणक एव परिवेश-शिक्षा भी दी जाती है। छात्र-शिक्षकों के लिए शिक्षाशास्त्री एव शिक्षा आचार्य की शिक्षा भी यहाँ दी जाती है। शिक्षाशास्त्री के लिए 127 एवं शिक्षा आचार्य के लिए 35 स्थान सुरक्षित हैं। विभिन्न विषयों में शोध कार्य के लिए 'विद्यावारिधि' की उपाधि भी यहाँ प्रदान की जाती है। हमारे परिसर के अनेक विद्वान उच्च पदों पर महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में कार्यरत हैं।

अन्यान्य कार्यक्रम तथा विभिन्न संगोष्ठियाँ एवं उत्सव आदि अखिल भारतीय स्पर्धा

सातवाँ अन्तः परिसरीय युवमहोत्सव 20-23 दिसम्बर 2014 को राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की तरफ से शृङ्गेरी में आयोजित किया गया था। वहां हमारे परिसर के 60 छात्र और छात्राएं प्रो. विमलप्रसाद महान्ति, प्रो. सूर्यमणि रथ, डॉ. शम्भुनाथ महालिक, डॉ बिस्वरञ्जन पति, डॉ. स्नेहानन्द इत्यादि अनुभवी शिक्षकों के साधु मार्गदर्शन में भाग ग्रहण किए। श्री नीलकण्ठ दास महोदय की सहायता से 17 पदक प्राप्त किए। उनमें 9 स्वर्ण पदक, 5 रजत पदक, 3 कांस्य पदक सम्मिलित हैं। हमारे परिसर के छात्र मिताली मल्लिक, बलभद्र बढई विशिष्ट क्रीड़ा पुरस्कार से सम्मानित किए गए।

दूसरा अन्तः विश्वविद्यालय युवमहोत्सव 6-9 जनवरी 2015 को राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान की तरफ से अगरतला के एकलव्य परिसर में आयोजित किया गया। हमारे परिसर के 7 छात्रों ने डॉ बिस्वरञ्जन पति के मार्गदर्शन में 10 पदक प्राप्त किए। उनमें 8 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक एवं 1 कांस्य पदक सम्मिलित है।

वर्तमान शैक्षिक सत्र में 27-30 जनवरी 2015 को राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ तिरुपति के द्वारा आयोजित नवम अखिल भारतीय संस्कृत छात्र प्रतिभा समारोह में डॉ. गणपति शुक्ल

जी के मार्गदर्शन में इसी परिसर के 9 छात्र विविध प्रतियोगिताओं में भाग ग्रहण किए। उनमें कुमारी सुकन्या सेनापति ने व्याकरण भाषण में स्वर्ण पदक से, कुमारी मिनतीखमारी ने सांख्ययोग भाषण में रजत पदक से इस परिसर का गौरव बढाया।

इस वर्ष 17-20 मार्च 2015 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के द्वारा अखिल भारतीय शास्त्रीय वाक्स्पर्धा का आयोजन किया गया। वहां हमारे परिसर के 12 छात्र डॉ. भगवान सामन्तराय, डॉ. विकासिनी गुमानसिंह के मार्गदर्शन में सोत्साह भाग ग्रहण किया। उनमें शास्त्री द्वितीय वर्ष की छात्रा सस्मिताराणी परिडा वेदान्त शलाका परीक्षा में प्रोत्साहन मूलक 1500 रुपये का नगद पुरस्कार प्राप्त किया।

संस्कृत-सप्ताह-समारोह

संस्कृत सप्ताह समारोह राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के दिशा निर्देशानुसार श्रावण मास की शुक्लपक्ष चतुर्दशी से कृष्ण पक्ष तृतीया तिथि तक (9-13 अगस्त 2014) हमारे परिसर में हर्षोल्लास से संस्कृत सप्ताह समारोह मनाया गया। इस दौरान दिनाङ्क 9 अगस्त को हमारे प्राचार्य डॉ जी. गङ्गन्ना जी की अध्यक्षता में संस्कृत सप्ताह का शुभारम्भ हुआ। इस सभा में तिरुपति से राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के कुलपति आचार्य हरेकृष्ण शतपथी जी मुख्यातिथि, श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. रामचन्द्र दाश सम्मानित अतिथि के रूप में विराजमान थे। दिनाङ्क 13 अगस्त को समापन समारोह कार्यक्रम में श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति आचार्य नीलकण्ठपति मुख्यातिथि के रूप में तथा उत्कल विश्वविद्यालय में संस्कृत विभाग के पूर्वतन विभागाध्यक्ष आचार्य गोपाल दाश सम्मानित अतिथि के रूप में विराजमान थे। इस शुभ अवसर पर श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य बृजकिशोर स्वॉई, सेवानिवृत्त संस्कृत शिक्षक श्री नारायण महापात्र जी को परिसर ने सहर्ष सम्मानित किया।

ग्लोरिफेस्ट महोत्सव

इस वर्ष दिनाङ्क 12-16 जनवरी 2015 में ग्लोरिफेस्ट महोत्सव में परिसर के 15 छात्रों ने भाग ग्रहण किया। इस महोत्सव में शोधछात्र सुब्रत षडङ्गी एकपात्राभिनय में प्रथम पुरस्कार तथा हास्य भूमिका में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं हमारे छात्रों ने नाटक में प्रथम पुरस्कार, नृत्य में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में डॉ. नन्दिघोष महापात्र, श्री विश्वनाथ मिश्र ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

वसन्त महोत्सव

वर्तमान शैक्षिक सत्र में 4-6 फरवरी 2015 को राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान नई दिल्ली द्वारा आयोजित वसन्त महोत्सव में परिसर के 17 छात्र भवभूति विरचित 'महावीरचरितम्' नाटक को प्रस्तुत किए। इस नाटक में हमारे परिसर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस नाटक में शोधछात्र सुब्रत षडङ्गी को नायक की भूमिका के लिए प्रथम पुरस्कार, शास्त्री द्वितीय वर्षीय छात्र अमित कुमार भोई को दशरथ की भूमिका के लिए द्वितीय पुरस्कार तथा आचार्य द्वितीय वर्षीय छात्रा को राक्षसी भूमिका के लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस नाटक का निर्देशन साहित्य विभाग के अध्यापक डॉ. एम. सुदर्शन चिपलुङ्कर, डॉ. विजयलक्ष्मी महापात्र ने किया। इस नाटक के लिए सहायक का कार्य भी कमलाकान्त महापात्र ने किया।

हिन्दी पखवाड़ा समारोह

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के निर्देशानुसार इस वर्ष भी 14-30 सितम्बर 2014 को हमारे हमारे परिसर में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया। डॉ. केतकी महापात्र महोदया इस आयोजन की संयोजिका थी। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रो. अजयकुमार पटनायक सम्मानित अतिथि तथा प्रो. सुकान्त सेनापति मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित थे। उद्यापन सत्र में सम्मानित अतिथि प्रो. अतुलकुमार नन्द महोदय ने हिन्दी दिवस का महत्त्व प्रतिपादित किया। इस कार्यक्रम में परिसर के सभी अध्यापक, कर्मचारीगण व छात्रों ने हर्षोल्लास से भाग ग्रहण किया।

मातृभाषा दिवस समारोह

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के निर्देशानुसार इस वर्ष पहली बार 21 फरवरी 2015 को श्री सदाशिव परिसर में मातृभाषा दिवस समारोह बड़ी धूम-धाम से मनाया। इस दिन प्रबन्ध लेखन प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष का छात्र सत्यव्रत मिश्र ने प्रथम स्थान, आचार्य द्वितीय वर्ष की छात्रा अनुकम्पा मिश्रा ने द्वितीय स्थान तथा प्राक्शास्त्री का छात्र गौरप्रसाद पण्डा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रबन्ध प्रतियोगिता में शिक्षाशास्त्र विभाग की ज्ञानलिप्सा प्रियदर्शिनी प्रथम स्थान, प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष का छात्र यङ्गचान्द ओझा

द्वितीय स्थान, प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष का छात्र कालीप्रसाद आचार्य तृतीय स्थान पर रहे। इस कार्यक्रम की सफलता का श्रेय डॉ. दयानन्द पाणिग्रही, डॉ. बसन्तकुमार मुद्रा, डॉ. अजयकुमार दास, डॉ. प्रियरञ्जन रथ, डॉ. विश्वरञ्जन पति, डॉ. स्नेहलता मिश्रा व कुमारी रञ्जिता बरीक को जाता है।

अन्त में डॉ. नृसिंहचरण साहु जी के मार्गदर्शन में आयोजित सभा में तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य प्रो. अतुलकुमार नन्द महोदय व मुख्यातिथि डॉ. केतकी महापात्र जी के करकमलों से विजेताओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान किए गए। इसी दिन हमारे परिसर के सेवानिवृत अध्यापक श्री राधामोहन नन्द जी को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रमोदकुमार दलाई ने किया।

परिसर का विशिष्ट कार्यक्रम

इस वर्ष हमारे परिसर में स्वामी विवेकानन्द का 151 वीं जयन्ती के उपलक्ष में **'वैदिकसाहित्ये स्वच्छभारतम्'** नामक विषय पर 13 से 15 जनवरी तक त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के कुलपति आचार्य हरेकृष्ण शतपथी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे। परिसर के सभी विद्वानों ने सक्रिय रूप से भाग ग्रहण किया।

परिसरीय शैक्षिक प्रतियोगिता

हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी परिसर में सत्र 2014-15 के वार्षिकोत्सव के सन्दर्भ में सञ्चालित विविध शास्त्रीय प्रतियोगिताओं में अनेक छात्रों ने भाग ग्रहण किया। कनिष्ठ वर्ग में शास्त्री द्वितीय वर्ष के छात्र अविनाश भोई ने व्याकरण भाषण, हिन्दी भाषण व अन्त्याक्षरी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करके सम्पूर्ण परिसर में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग में आचार्य द्वितीय वर्ष की छात्रा अनुकम्पा मिश्रा ने इतिहास भाषण, हिन्दी भाषण व संस्कृत निबन्ध लेखन में प्रथम स्थान तथा ओडिया भाषण में द्वितीय स्थान प्राप्त कर परिसर में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

परिसरीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता

श्री सदाशिव परिसर की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता 26 अक्टूबर 2014 पुरी के केन्द्रीय विद्यालय के क्रीड़ाङ्गण में सम्पन्न हुई। इन प्रतियोगिताओं में 128 छात्रों ने भाग ग्रहण किया। वरिष्ठ पुरुष वर्ग में शास्त्री प्रथम वर्ष का छात्र बलभद्र बढेई व कनिष्ठ पुरुष वर्ग में प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष का छात्र जीवनज्योति बेहरा, वहीं वरिष्ठ महिला वर्ग में शास्त्री प्रथम वर्ष की छात्रा मितालि मल्लिक व कनिष्ठ महिला वर्ग में प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमुदिनी वाग को सर्वश्रेष्ठ विजेता घोषित किया गया।

स्वच्छ भारत अभियान

श्री सदाशिव परिसर में शिक्षाशास्त्र विभाग ने 24 नवम्बर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान का कार्यक्रम प्रारम्भ किया। इस कार्यक्रम का शैक्षिक वर्ष की समाप्ति तक प्रत्येक बुधवार को आयोजित किया गया। शिक्षाशास्त्र विभाग के सभी छात्र छात्राएं उत्साह से इस कार्यक्रम में हिस्सा लिए। विभागाध्यक्ष डॉ. निर्मला पाणिग्रही, डॉ. रमाकान्त मिश्र व सभी अध्यापकों ने इस कार्यक्रम में छात्रों को उचित मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान किया।

शिक्षकों द्वारा सम्पन्न पुनश्चर्या एवं ओरिएन्टेशन पाठ्यक्रम

1. डॉ. दुर्गाचरण षडङ्गी, सह-आचार्य (नव्य व्याकरण)
2. डॉ. उमेश चन्द्र मिश्र, सह-आचार्य (नव्य व्याकरण)
3. डॉ. श्रीमती केतकी महापात्र, सह-आचार्य (हिन्दी)
4. डॉ. श्रीमती राधामणि प्रतिहारि, सह-आचार्य (पुराणेतिहास)
5. डॉ. नृसिंहचरण साहु, सह-आचार्य (ओड़िआ)
6. डॉ. मखलेश कुमार, सह-आचार्य (पुराणेतिहास)
7. डॉ. भगवान सामन्तराय, सह-आचार्य (अद्वैतवेदान्त)

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/उत्तरित पत्रों की संख्या :

प्रार्थना-पत्र प्राप्त - 05

उत्तर प्रेषित - 05

4.2.3 श्री रणवीर परिसर, जम्मू (जम्मू एवं कश्मीर)

1. परिचय-परिचय

जम्मू एवं कश्मीर के पूर्व शासक महाराजाधिराज श्री रणवीर सिंह ने संस्कृत विद्या के पारम्परिक एवं अगाध अद्भुत ज्ञान के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जम्मू प्रान्त में सन् 1873 ईस्वी में रघुनाथ संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना की थी। श्री रघुनाथ संस्कृत महाविद्यालय का दिनांक 01 अप्रैल, 1971 को केन्द्र सरकार ने अधिग्रहण करके 'श्री रणवीर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ' नाम दिया गया। राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के सम विश्वविद्यालय के रूप में घोषणा के बाद विद्यापीठ को श्री रणवीर परिसर के रूप में नामित किया गया। जिसमें अध्ययनविषयानुरूप व्याकरण, ज्योतिष (फलित एवं सिद्धान्त), साहित्य, वेद, दर्शन और शिक्षाशास्त्र ये 6 विभाग हैं।

जिनमें प्राक्शास्त्री से आचार्य स्तर तक के अनुशासित छात्रों को सुयोग्य प्राध्यापकों द्वारा शिक्षा प्रदान की जा रही है। संस्कृत शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए यहाँ 1979 में शिक्षाशास्त्री (बी.एड्.) पाठ्यक्रम का आरंभ किया गया है और शास्त्री तक शास्त्रीय विषयों के साथ ही हिन्दी, डोगरी, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र और इतिहास जैसे आधुनिक विषय भी पढ़ाए जाते हैं। यहाँ छात्रों के लिए संगणक, पर्यावरण विज्ञान, संगीत और योग के प्रशिक्षण की भी समुचित व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त बहुआयामी शोध के उद्देश्य से 1978 से अब तक 102 शोधच्छात्र विद्यावारिधि (पी.एच. डी.) उपाधि प्राप्त कर चुके हैं। वर्तमान में पंजीकृत शोधार्थियों की संख्या 09 है। परिसर शैवदर्शन से सम्बद्ध शोधों को बढ़ावा देने के लिए कश्मीर शैव दर्शन कोश परियोजना को भी सञ्चालित कर रहा है। परिसर में अपना सुसमृद्ध पुस्तकालय है। जिसमें विविध विषयों की लगभग 38,243 पुस्तकें उपलब्ध हैं और यहाँ से 20 पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है।

व्यवस्थित अधिगम के लिए परिसर में उच्चकोटि के संगणक कक्ष, शैक्षिक तकनीकि प्रयोगशाला, मनोविज्ञान प्रयोगशाला भी हैं।

परिसर में स्टाफ के लिए आवासीय कक्षों की व्यवस्था के साथ ही उन्नत स्तर का अतिथिगृह भी बनाया गया है। इसके अतिरिक्त आधुनिक व उत्कृष्ट कोटि का मन्त्रणा सभागार, सम्मेलन कक्ष और क्रीड़ा स्थल भी परिसर में विद्यमान है।

वर्ष 2014-15 के दौरान विभिन्न कक्षाओं में 392 छात्रों ने प्रवेश लिया। जिसमें 307 छात्र और 50 छात्राएँ शामिल हैं। इनके निवास के लिए परिसर में (60+24=84 कमरों के) अलग-अलग त्रितलीय छात्रावास बनाए गए हैं। वर्ष 2014-15 के दौरान 106 छात्रों और 35 छात्राओं के लिए आवास व्यवस्था प्रदान की गई।

2. परिसर की अवस्थिति

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, (मानित विश्वविद्यालय), श्री रणवीर परिसर, कोट-भलवाल, जम्मू में स्थित है।

3. उपलब्ध पाठ्यक्रम

1. प्राक्-शास्त्री
2. शास्त्री
3. शिक्षाशास्त्री
4. आचार्य
5. शिक्षाचार्य
6. विद्यावारिधि

2. समारोह/संगोष्ठियाँ एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियाँ

- दिनांक 03-07-2014 से प्राक्-शास्त्री प्रथम एवं शास्त्री प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हुई।
- दिनांक 07-07-2014 से 11-07-2014 तक शिक्षा-शास्त्री विभाग में प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न हुई।
- दिनांक 10-07-2014 को परिसर में शैक्षणिक सत्र 2014-2015 का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर वैदिक रीति-रिवाज से हवन का आयोजन डॉ. चन्द्रमौलि

रैणा के संयोजन में किया गया।

- दिनांक 15-07-2014 से 21-08-2014 तक शिक्षाचार्य में प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न हुई।
- दिनांक 17-07-2014 को शिक्षा-शास्त्री एवं शिक्षाचार्य कक्षाओं का शुभारम्भ किया गया।
- दिनांक 18-07-2014 को परिसर के शिक्षाशास्त्र विभाग में साप्ताहिक संगोष्ठी का उद्घाटन परिसर प्राचार्य के द्वारा किया गया।
- दिनांक 21-07-2014 से 30-07-2014 तक परिसर में संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन किया गया।
- दिनांक 24-07-2014 को परिसर में वाणी विलास परिषद् का उद्घाटन राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित परिसर के पूर्व प्राचार्य प्रो. विश्वमूर्ति शास्त्री द्वारा किया गया। वाणी विलास परिषद के संयोजक का दायित्व डॉ. रामदास संगोत्रा को दिया गया।
- दिनांक 25-07-2014 को परिसर में श्रीशंकर शास्त्रार्थ परिषद का उद्घाटन परिसर के प्राचार्य प्रो. रामानुज देवनाथन के कर कमलों के द्वारा किया गया। परिसर के व्याकरण विभागाध्यक्ष प्रो. हरिनारायण तिवारी ने मुख्य वक्ता के रूप में "व्याकरणोऽन्वाख्येया शब्दा" विषय पर व्याख्यान दिया।
- दिनांक 05-08-2014 से 22-08-2014 तक शिक्षाशास्त्र विभाग में प्रबोधन वर्ग का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत छात्रों को विविध शास्त्रों के विषय में जानकारी दी गई।
- दिनांक 11 से 14 अगस्त 2014 को संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। संस्कृत सप्ताह का उद्घाटन दिनांक 11-08-2014 को हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में शान्तमनु मण्डलायुक्त, जम्मू सम्भाग, एवं सारस्वत अतिथि डॉ. प्रियतम चन्द्र शास्त्री, पूर्व प्राचार्य, जम्मू परिसर, उपस्थित रहे। संस्कृत सप्ताह के अन्तर्गत संस्कृत गान प्रतियोगिता, आशुभाषण, निबन्ध लेखन, वाद-विवाद, श्लोकान्त्याक्षरी एवं संस्कृत जागरूकता शोभायात्रा का आयोजन किया गया। संस्कृत सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 13-08-2015 को वी राघवन-स्मृति-व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। व्याख्यानमाला के मुख्यवक्ता प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय, अध्यक्ष, शोध एवं प्रकाशन विभाग, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली ने "राघवनमहोदयस्य कारयित्रीप्रतिभाविमर्श" विषय में व्याख्यान दिया।
- दिनांक 14-08-2015 को संस्कृत जागरूकता शोभा यात्रा का आयोजन इन्दिरा चौक, जम्मू से श्री रणवीरेश्वर मन्दिर जम्मू तक किया गया। शोभा-यात्रा का समापन बाबा श्री कैलख धाम समिति ने सौजन्य से श्री कैलख धाम मन्दिर प्राङ्गण में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शक्ति पाठक, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी रहे।
- संस्कृत सप्ताह का समापन समारोह दिनांक 14-08-2015 को किया गया। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. एस.के. शर्मा, सूचना आयुक्त, जम्मू-काश्मीर एवं सारस्वत अतिथि प्रो. राम प्रताप वेदालङ्कार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर प्राचार्य द्वारा की गई। अतिथियों के द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।
- माह अगस्त में दिनांक 15-08-2014 को श्रीरणवीर परिसर में स्वतन्त्रता दिवस उल्लासपूर्वक मनाया गया। परिसर प्राचार्य के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।
- दिनांक 22-08-2014 को परिसर में श्रीशंकरशास्त्रार्थ परिषद् के द्वितीय अधिवेशन में सर्वदर्शन विभागाध्यक्षा डॉ. सावित्री शतपथी के द्वारा "भारतीय दर्शनेषु आत्म-तत्वविचार" विषय पर व्याख्यान दिया गया। सर्वदर्शन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. कृष्ण मुरारी मणि त्रिपाठी ने भी व्याख्यान दिया।
- दिनांक 29-08-2014 को परिसर में गणेश चतुर्थी के शुभअवसर पर गणेश पूजन का आयोजन किया गया।
- दिनांक 04-09-2014 को परिसर में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. चन्द्रमौलि रैणा के संयोजन में किया गया।
- दिनांक 05-09-2014 को परिसर में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा-शास्त्री के छात्रों द्वारा एक नाटक का मंचन किया गया।
- दिनांक 18-09-2014 से 22-09-2014 तक हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा निबन्ध लेखन, भाषण एवं काव्यपाठ का आयोजन किया गया। 18 सितम्बर 2014 को हिन्दी पखवाड़ा का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति सम्मानित सीमा सुरक्षा बल विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.

एस. खोखर उपस्थित रहे। दिनांक 22 सितम्बर 2014 को हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह का आयोजन किया गया। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, (मानित विश्वविद्यालय), नई दिल्ली के पूर्व कुलपति, राष्ट्रपति सम्मानित प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

- दिनांक 02-10-2014 को गांधी जयंती के अवसर पर परिसर में स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- दिनांक 13-10-2014 से 17-10-2014 तक श्रीशारदा-विस्तार व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। श्रीशारदा-विस्तार व्याख्यान माला के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. वाचस्पति द्विवेदी पूर्व संकाय अध्यक्ष, शिक्षा संकाय सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रो. वाचस्पति द्विवेदी ने मुख्य वक्ता के रूप में "क्रियात्मक अनुसंधान" विषय पर व्याख्यान दिया।
- दिनांक 15-10-2014 को व्याख्यान माला की श्रृंखला में प्रो. जागीर सिंह पूर्व अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, जम्मू विश्वविद्यालय ने "काश्मीर शैवदर्शन" विषय पर व्याख्यान दिया।
- दिनांक 16-10-2014 को परिसर में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान का स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन परिसर के वेद विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार मिश्र के संयोजन में किया गया।
- दिनांक 16-10-2014 को व्याख्यान माला की श्रृंखला में प्रो. राजेश्वर प्रसाद मिश्र, संस्कृत विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने "वैदिकस्वराणां महत्त्वम्" विषय पर व्याख्यान दिया।
- दिनांक 17-10-2014 को श्रीशारदाविस्तार व्याख्यानमाला के समापन सत्र में डॉ. हरिराम मिश्र, विशिष्ट अध्ययन केन्द्र, संस्कृत विभाग, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने "व्याकरणनिकाये वाक्तत्त्वविमर्श:" विषय पर व्याख्यान दिया। समापन सत्र के अन्तर्गत ही प्रो. रमाकान्त पाण्डेय निदेशक, मुक्त स्वाध्याय केन्द्र, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली ने "शास्त्र काव्य" विषय पर व्याख्यान दिया। समापन सत्र की अध्यक्षता परिसर प्राचार्य के द्वारा की गई।
- दिनांक 27-10-2014 से 02-11-2014 तक परिसर में अन्तर-परिसरीय युवा महोत्सव की चयन प्रक्रिया का आयोजन ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ. पी.के. महापात्र एवं डॉ. राजेन्द्र लाल के संयोजन में किया गया।
- दिनांक 11-11-2014 को परिसर में राष्ट्रिय शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्रो. एन्.आर. शर्मा विभागाध्यक्ष शिक्षा-विभाग केन्द्रीय विश्वविद्यालय जम्मू रहे। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षा-शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. जगदीश राज शर्मा, के द्वारा किया गया।
- दिनांक 17-11-2014 को परिसर में छात्र-संसद का आयोजन किया गया।
- दिनांक 04-12-2014 को गीता जयंती के अवसर पर श्री रणवीर परिसर के सौजन्य से केन्द्रीय विद्यालय-1 गांधी नगर, जम्मू में गीता श्लोक कंठ पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सीमा सुरक्षा बल के महानिरीक्षक उपस्थित रहे।
- दिनांक 12-01-2015 को विवेकानन्द जंयती के अवसर पर परिसर में युवा दिवस का आयोजन किया गया।
- दिनांक 26-01-2015 को परिसर में गणतन्त्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण परिसर के प्राचार्य द्वारा किया गया।
- दिनांक 27-01-2015 को परिसर में राज्य स्तरीय शास्त्री स्पर्धा का आयोजन प्रो. मनोज कुमार मिश्र के संयोजन में किया गया। इस स्पर्धा में जम्मू काश्मीर प्रान्त के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों छात्रों ने भाग लिया विजेता छात्रों को परिसर प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।
- दिनांक 30-01-2015 को वृक्षों के संरक्षण पर परिचर्चा का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में भारतीय वन सेवा के अधिकारी श्री ओ.पी. विद्यार्थी ने पर्यावरण के प्रति छात्रों को जागरूक किया।
- दिनांक 19-24 फरवरी 2015 तक परिसर में क्रीड़ा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगितायें आयोजित की गई। क्रीड़ा सप्ताह का उद्घाटन परिसर प्राचार्य प्रो. रामानुज देवनाथन के द्वारा किया गया। क्रीड़ा सप्ताह का

समापन समारोह 25 फरवरी 2015 को किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में श्री रजत चौहान अन्तर्राष्ट्रीय तीरंदाज एवं 17वें एशियन खेल इचियोन (दक्षिण कोरिया) 2014 के स्वर्ण पदक विजेता उपस्थित रहे। समापन समारोह के अन्तर्गत श्री रजत चौहान का छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। क्रीड़ा सप्ताह के समापन सत्र की अध्यक्षता परिसर प्राचार्य द्वारा की गई। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. पी.के. महापात्र द्वारा किया गया।

- दिनांक 25-02-2015 को परिसर में श्री शंकर शास्त्रार्थ परिषद् के तृतीय अधिवेशन में ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ. प्रभात कुमार महापात्र के द्वारा "मानव जीवने वकिग्रहाणां प्रभाव:" विषय पर व्याख्यान दिया गया। ज्योतिष विभाग के सहायक आचार्य डॉ. चन्द्रमौलि रैना व डॉ. निगम पाण्डेय ने भी व्याख्यान दिये।
- दिनांक 09-03-2015 को परिसर में श्री शंकरशास्त्रार्थ परिषद के चतुर्थ अधिवेशन में वेद विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार मिश्र के द्वारा "कालिदासस्य श्रौतकर्माभिज्ञता" विषय पर व्याख्यान दिया। वेद विभाग के सहायक आचार्य डॉ. डी. दयानाथ व डॉ. अरूण कुमार मिश्र ने भी इस अवसर पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- दिनांक 21-03-2015 को परिसर के शिक्षा-शास्त्री विभाग में सामुदायिक सेवा के अन्तर्गत परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. जगदीश राज शर्मा व डॉ. नगेन्द्र नाथ झा ने किया।
- दिनांक 27-03-2015 को परिसर में श्रीशंकरशास्त्रार्थ परिषद का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन समारोह के अवसर पर मुख्यातिथि प्रो. रामप्रताप वेदालङ्कार उपस्थित रहे। समापन सत्र के अवसर पर साहित्य विभागाध्यक्ष डॉ. सतीश कुमार कपूर के द्वारा "काव्यमार्गे स्वरविचार:" विषय पर व्याख्यान दिया गया साहित्य विभाग के डॉ. तेजनाथ पौडेल एवं डॉ. राज कुमार मिश्र ने भी व्याख्यान प्रस्तुत किया।

संकाय सदस्यों द्वारा पुनश्चर्या पाठ्यक्रम/अभिविन्यास पाठ्यक्रम

1. डॉ. श्रीमती सावित्री शतपथी
2. डॉ. चन्द्रमौली रैणा
3. डॉ. सच्चिदानन्द शर्मा
4. श्रीमती निर्मल गुप्ता
5. डॉ. रामदास संगोत्रा

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/उत्तरित पत्रों की संख्या :

प्रार्थना-पत्र प्राप्त - 15

उत्तर प्रेषित - 15

4.2.4 गुरुवायूर परिसर, पुरनाट्टुकरा, त्रिचूर (केरल)

परिसर-परिचय

गुरुवायूर परिसर 16.07.1979 को गुरुवायूर साहित्य दीपिका संस्कृत विद्यापीठ, जो गुरुवायूर के पास पावरत्ती में स्थित था और जिसकी स्थापना स्व. श्री पी.टी. कुरियाकोश मास्टर द्वारा की गई थी, के अधिग्रहण के फलस्वरूप स्थापित हुआ। (यह पूर्ववर्णित विद्यापीठ केरल के अन्दर और बाहर के समस्त क्षेत्रों में संस्कृत ज्ञान के प्रमुख केन्द्र के रूप में प्रसिद्ध था और स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर तक, मद्रास विश्वविद्यालय के साथ 1934 से, केरल विश्वविद्यालय 1958 से और कालिकट विश्वविद्यालय के साथ 1968 से सम्बद्धता प्राप्त करके, शिक्षा प्रदान करता था।) जनवरी 1970 में यह प्राचीन पारम्परिक अध्ययन का भण्डारगृह भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मन्त्रालय के अन्तर्गत राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान से सम्बद्ध हो गया। 7 मई 2002 को राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान को सम विश्वविद्यालय की मान्यता प्राप्त होने पर इस केन्द्रीयविद्यापीठ को राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के गुरुवायूर परिसर का नाम दिया गया।

गुरुवायूर परिसर के दो केन्द्र हैं एक पुरनाट्टुकरा में और दूसरा पावरती में। प्रमुख केन्द्र पुरनाट्टुकरा में है जो 14 एकड़ के विस्तार में अत्यन्त सौन्दर्यपूर्ण प्राकृतिक वातावरण में स्थित है। इसमें प्रमुख शैक्षणिक खण्ड, प्रशासनिक खण्ड, पुस्तकालय, छात्रों और छात्राओं के छात्रावास, अतिथि गृह, आडिटोरियम, खेल का मैदान, अर्ध कार्यरत भवन और आवासीय भवन स्थित हैं। पावरती केन्द्र 50 सेन् की विस्तृत भूमि में बसा है और इसका नाम इस विद्यापीठ के पूर्वोक्त संस्थापक श्री पी. टी. कुरियाकोश मास्टर के नाम पर पी.टी.कुरियाकोस स्मृति भवन रखा गया। इसमें एकमंजिला भवन है जिसमें दो बड़े हॉल हैं, एक प्रशासनिक कक्ष है और अन्य दस कक्षा गृह है जो आधुनिक सुविधाओं से सम्पन्न हैं।

परिसर की अवस्थिति

गुरुवायूर परिसर का मुख्य केन्द्र केरल में त्रिचूर जिले में आदत पञ्चायथ स्थान पर एक शैक्षिक संकुल क्षेत्र में स्थित है और इसके चारों ओर आमला मेडिकल महाविद्यालय, श्रीरामकृष्ण आश्रम एस.आर्.के.जी.वी.एम्. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शारदा बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय तथा आई.ई.एस्. इन्जीनियरिग कॉलेज स्थित है। त्रिचूर शहर से गुरुवायूर परिसर उत्तर पूर्व में 8 किलोमीटर दूर है। कोच्चि अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, जो नेदुम्बेसेरी में स्थित है, परिसर से केवल 61 किलोमीटर दूर है। पावरती में कुरियाकोस मास्टर स्मृति भवन मुख्य परिसर से 15 किलोमीटर की दूरी पर है।

उपलब्ध पाठ्यक्रम

वर्तमान में पुरुनाट्टुकरा स्थित परिसर में निम्नलिखित पाठ्यक्रम पढ़ाए जा रहे हैं-

1. प्राक्शास्त्री (इन्टरमीडिएट)
2. शास्त्री (ग्रेजुएशन) - वेदान्त, साहित्य, व्याकरण, न्याय और ज्योतिष।
3. आचार्य (स्नातकोत्तर) - वेदान्त, साहित्य, व्याकरण और न्याय।
4. शिक्षा-शास्त्री (बी.एड्)
5. विद्यावारिधि (पी.एच्.डी)

संस्थान और परिसर के अधिकारी वर्ग जल्द ही यहाँ शिक्षाचार्य पाठ्यक्रम को प्रारम्भ करने के लिए प्रयासरत हैं। आधुनिक जगत से परिचित कराने के लिए परिसर में आधुनिक विषय भी यथा - इतिहास, अंग्रेजी, मलयालम, योग, संगणक शिक्षा एवं पर्यावरण अध्ययन प्राक्शास्त्री से शास्त्री तक विद्यार्थियों को पढ़ाए जाते हैं।

पी.टी. कुरियाकोस स्मृति भवन का उपयोग मुक्तस्वाध्याय पीठ, त्रैमासिक अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण, पत्राचार पाठ्यक्रम एवं हस्तलिपि संग्रहण केन्द्र आदि के रूप में किया जाता है।

शैक्षणिक विभाग

वर्तमान में परिसर में कार्यरत सात विभाग अधोलिखित हैं:

1. नव्य व्याकरण
2. साहित्य
3. अद्वैत वेदान्त
4. न्याय

5. ज्यौतिष
6. शिक्षाशास्त्र
7. आधुनिक विषय

ग्रन्थालय

परिसर का पुस्तकालय, संस्थान के अन्य श्रेष्ठ पुस्तकालयों में एक माना जाता है। इस पुस्तकालय की स्थापना 16 जुलाई सन् 1979 को हुई थी। यह पुस्तकालय ज्ञान का भण्डार है। उच्चतर अध्ययन के क्षेत्र में, संस्थान के सबसे महत्वपूर्ण एवं अभिन्न अंग के रूप में यह कार्य करता है। इस पुस्तकालय में लगभग 32,208 पुस्तकें, 250 हस्तलिपियाँ, पत्रिकायें, समाचार पत्र शोधप्रबन्ध और लघु शोधप्रबन्ध हैं। ये सभी के सभी विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के लिए यहाँ उपलब्ध हैं।

पुस्तकालय में संगणक की सुविधा है जिसमें इन्टरनेट का संयोजन भी है। पुस्तकालय की आवश्यक पुस्तकों की उपलब्धता के लिए एक क्रय-विक्रय समिति का गठन किया गया है। समकालीन विषयों से संबन्धित पाठ्य सामग्री भी पुस्तकालय में हैं। प्रत्येक विभाग के विषय विशेषज्ञ इस पर कार्य कर रहे हैं। परिसर के शोधार्थी एवं अन्य जगहों से आने वाले भी इस पुस्तकालय का सही इस्तेमाल करते हैं। परिसर के कर्मचारी एवं विद्यार्थी इन्टरनेट की सुविधा प्राप्त करते हैं। इन्टेरनेट के उपयोग में समय की पाबन्दी नहीं है। फिर भी छात्रों के लिए दोपहर का समय निर्धारित किया गया है। पुस्तकालय की सेवाएँ संगणक द्वारा संयोजित है।

दूरस्थ शिक्षा

छात्रों की कुल संख्या 117 है। प्राक्-शास्त्री जैसे पाठ्यक्रमों में इस वर्ष से प्रवेश कराया गया है-सेतु, साहित्य, व्याकरण, फलितज्योतिष; शास्त्री-सेतु साहित्य, ज्योतिष, व्याकरण, आचार्य; आचार्य-सेतु साहित्य, सेतु फलित ज्योतिष, साहित्य, व्याकरण, फलित ज्योतिष, आदि इन पाठ्यक्रमों की पुरनाट्टुकरा परिसर में नियमित पाठ्यक्रमों की तरह बराबर मान्यता है।

अन्य क्रिया कलाप

वसंत महोत्सव

इस साल वसंत महोत्सव 04-02-2015 से 6-2-2015 तक नई दिल्ली के शंकरलाल मंर्सेट सभागार में मनाया गया। गुरुवायूर परिसर की ओर से मुद्राराक्षस नाटक का मंचन हुआ। प्रतियोगिता में शास्त्री त्रितीय वर्ष के ता, एस.हरिप्रसाद ने सर्वोच्च अभिनेता का पुरस्कार प्राप्त किया।

अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा

अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा इस साल नई दिल्ली में मार्च 17 से लेकर बीस तारीख तक चलाई गई। परिसर की ओर से तीन विद्यार्थियों ने विविध शास्त्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिये।

युवमहोत्सव - राष्ट्रीय क्रीडा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ

सन् 2014-2015 का युव महोत्सव राजीवगाँधी परिसर श्रृंगेरी में दिसंबर बीस तारीख से लेकर तेईस तारीख तक आयोजित हुआ। परिसर की ओर से 63 सदस्यों के एक दल ने जिसमें 60 विद्यार्थियों और तीन अध्यापक शमिल थे, विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

साहित्य एवं कला प्रतियोगितायें

परिसर की 2014-15 की साहित्यिक एवं कला प्रतियोगितएँ मार्च ग्यारह और बारह तारीख को (11-3-2015 से 12-3-2015) परिसर के सभागार में सम्पन्न हुई। कालटी, शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय के सेवा निवृत्त प्रो. श्रीमती कलामंडलम क्षेमावती, संगीतकार बी.के.हरिनारायण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उनके कर कमलों से कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। पैंकुलम नारायणचाम्यार ने कूडियाट्टम की प्रस्तुति की। उस दौरान विद्यार्थियों की कई कला प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयी।

विकासशील गतिविधियाँ

शोध प्रविधि, हस्तलिपि, पाठानुसंधान पर कार्यशिविर 11-02-2015 से 3-3-2015 तक

शोध प्रविधि, हस्तलिपि, पाठानुसंधान आदि विषयों पर सन् 2015 फरवरी ग्यारह तारीख से लेकर मार्च महीने की तीन तारीख तक परिसर द्वारा इक्कीस दिवस के कार्यशिविर का आयोजन किया गया। कार्य शिविर में तैंतीस विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ। प्राचार्य प्रो. सि.एच.एल.शर्मा कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं श्री सुब्रमहण्य शर्मा वेदान्त विभाग के सहायक आचार्य संयोजक रहे। कार्य शिविर का उद्घाटन कालटी श्री शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव

डॉ.टी.पी. रवीन्द्रन ने किया था। निर्दिष्ट विषय पर कई विद्वानों ने भाषण प्रस्तुत किये। सभी शोधार्थी इस कार्यशिविर में भाग लिये। प्रतिपुष्टि हेतु शोधार्थियों को निर्दिष्टाभ्यास भी दिये गये।

कार्यशिविर का समापन समारोह मार्च तीन सन् 2015 को संपन्न हुआ। केरल साहित्य अकादमी त्रिचूर के सचिव श्री आर. गोपालकृष्ण कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहे। परिसर के पूर्व प्राचार्य प्रो. एम.एम. बाबू सम्मेलन के सम्माननीय अतिथि रहें।

विशिष्ट व्याख्यानमाला

परिसर द्वारा विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें अनेक श्रेष्ठ पंडितों ने शास्त्रीय एवं आधुनिक विषयों पर भाषण प्रस्तुत किये। सभी भाषण अंतरअनुशासनीय स्वभाव के थे ताकि शास्त्रिय सिद्धान्तों का सही मूल्यांकन सम्भव हो सके। इस साल दिनांक 17-08-2014 को प्रो. अशोक अक्लुजकर, प्रोफेसर् इमरिटस्, ब्रिटिश कोलम्बिया यूनिवर्सिटी कनेडा "आधुनिक और पश्चिमी दर्शन को समझने के लिए भर्तृहरि का योगदान" विषय पर भाषण प्रस्तुत किये और दिनांक 10 से 11-03-2015 को प्रो. विश्वनाथगोपालकृष्ण, प्राचार्य, श्री गौतमी विद्यापीठम् प्राचार्य विद्याकलाशाला, राजमहेन्द्रपुरम् "शब्दवृत्तिविचार: और ब्रह्मकारणतावाद इति विषय पर भाषण प्रस्तुत किये।

पी.टी. कुर्याकोस मास्टर अंतराष्ट्रीय भाषण

श्री पी.टी. कुरियाँकोस मास्टर के 125वीं जन्म वार्षिक के अवसर पर राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान पावर्ती परिसर द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। संगोष्ठी का विषय था। 'केरल में संस्कृत के बढावा के लिए पी.टी.कुरियाकोस मास्टर का योगदान' सम्मेलन का उद्घाटन कवि श्री राधाकृष्ण कम्माश्शेरी ने किया था। गुरुवायूर परिसर के प्राचार्य प्रो. सि. एच.एय.एन. शर्म ने अध्यक्षीय भाषण दिया। श्रीमती विमला सेतुमाधवन पावर्ती ग्राम पंचायत अध्यक्षा, कालटी एस.एस.सू. एस. के डीन प्रो. एस.राधा, गुरुवायूर परिसर के पूर्व प्राचार्य प्रो.एल.ए.बाबू, श्रीथाँमस पावर्ती थोमियास अडवैहोसिंह कालटी, एस, एस. यू. एस. के सहायक आचार्य फान्सीस अरम्भ्य कवि आन्रनी इंलजिक्कल, प्रो. कवि आन्टनी इंलजिक्कल, प्रो. केएल. सेवास्टियन पूर्व विभागाध्यक्षा, आधुनिक विभाग, गुरुवायूर परिसर ने अपने आर्शीवचन भाषण से अनुगृहीत किया। प्रो. के.पि.केशवन पावरती केन्द्र के प्रभारी ने सम्मेलन में सबका स्वागत किया। डॉ. ई.पी.श्रीदेवी सहायक आचार्य, मुक्तस्वाध्याय पीठ ने कृतज्ञता ज्ञापित की।

समापन सम्मेलन 23-02-2015 को पावरटी परिसर के पी.टी. कुरियाकोस स्मृति भवन में संपन्न हुआ। रेवरेन्ट फादर डॉ. फ्रान्सीस आलप्पाट ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। कलामण्डलम गोपि सम्मेलन के सम्माननीय अतिथि रहे। गुरुवायूर परिसर प्राचार्य प्रो.के.एय द्वारा संपन्न हुआ। पावर्ती, एम.एस.पी. संयोजक प्रो. के.पि.केशवन ने सबका स्वागत किया। पावर्ती ग्राम पंचायत अध्यक्षा श्रीमती विमला सेतुमाधवन, गुरुवायूर परिसर पावर्ती केन्द्र के विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा अनुभागी अधिकारी आदि ने आर्शीवचन भाषण दिए। एम.एस.पी. पावर्ती के संयुक्त संयोजक डॉ.इ.पी.श्रीदेवी ने कृतज्ञता ज्ञापित की।

वृत्तिदान पुरस्कार

इन पुरस्कारों के अतिरिक्त राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान मानित विश्वविद्यालय द्वारा 5000/-रुपए का नकद पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया। सदशासन दिवस के अवसर पर चलाये गये भाषण प्रतियोगिता तकनीकी का उपयोग एवं सद्शासन बढाने में नवप्रवर्तन 22-12-2014 को श्रृंगेरी परिसर में सद्शासन दिवस की शाम को संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में परिसर की छात्रा कुमारी इ.ए.आथा (आचार्य प्रथम वर्ष) ने तीसरा स्थान ग्रहण किया।

शिक्षा शास्त्री कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को प्रो.सि.एच.एल.एन शर्मा द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में एक हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है। इस साल यह पुरस्कार श्रेयास प्रसन्न (अंक 823) को प्राप्त हुआ प्राक्शास्त्री प्रथम और द्वितीय वर्ष में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को डॉ.एस.वी. रमणमूर्ति द्वारा पाँच सौ रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है। प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष में कुमारी सिल्जा अंक (596) और प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष की छात्रा उण्णिमाया अंक (505) ने इस साल यह पुरस्कार जीता है। शास्त्री प्रथम, द्वितीय और तृतीय कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आठ सौ रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है। यह पुरस्कार शास्त्री प्रथम वर्ष में मृदुला वी.वी. अंक 670, शास्त्री द्वितीय वर्ष में, अतिरा ए. अंक (579) को दिया जाता है।

चौथी पर्चा अंग्रेजी साहित्य में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने

वाले शास्त्री प्रथम और द्वितीय वर्ष के प्रत्येक विद्यार्थी को आठ सौ रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है। यह पुरस्कार शास्त्री प्रथम वर्ष के अमृता पी.वी. अंक (83), द्वितीय वर्ष के मीरा ऐ.जे. और विजीषा को (83) दिया जाता है।

डॉ. पी.इन्दिरा द्वारा अपने माँ-बाप की पुण्य-स्मृति में आचार्य प्रथम वर्ष में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को पाँच सौ रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है। इस साल यह पुरस्कार रेश्मा टी.एम. को जाता है। अध्यापक-अभिभावक समिति द्वारा भी वृत्तिदान पुरस्कार दिये गये। प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष, शास्त्री तृतीय वर्ष, आचार्य, द्वितीय वर्ष और शिक्षा शास्त्री में सर्वोच्च अंक प्राप्त किये गये प्रत्येक विद्यार्थी क्रमशः उन्निमाया अंक (505), आतिरा ए (अंक 579), अश्वती मोहन (अंक 878) और श्रेयास प्रसन्ना (अंक 823) को वृत्तिदान पुरस्कार दिया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस)

डॉ.पी.इंदिरा सन् 2014-15 अध्ययन वर्ष के एन.एस.एस प्रोग्राम अधिकारी चुनी गयी। डॉ. के.के.हर्षकुमार, श्री. सुधीर के.आर. सहायक प्रोग्राम अधिकारी रहे। एक सौ वोलंटिएर नामांकित किये गये। कुमारी हरिता टी. एवं कुमारी अजया को सचिव एवं संयुक्त सचिव के पद के लिए चुनी गयी।

इस अध्ययन वर्ष में एन.एस.एस. द्वारा आयोजित की गयी कार्यक्रमों की सूची हैं :-

1. एन.एस.एस. बोलंटिएर का दायित्व एवं उनका महत्व इस विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एन. एस.एस. के बारे में अवबोध जगाना इस विषय पर श्री केरल वर्मा कॉलेज मलयालम विभाग के सहायक अध्यापक डॉ.पी.वी.प्रकाश बाबू द्वारा भाषण का आयोजन किया गया।
2. केरल राज्य द्वारा आयोजित पैंतीसवीं देशीय खेल-कूद समारोह के रन केरला रन मारथन में परिसर के शारीरिक शिक्षा विभाग के नेतृत्व में एन.एस.वोलंटिएर ने भाग लिया।
3. परिसर की स्वच्छ सफाई कार्यक्रमों में एन.एस.एस. बोलंटिएर ने भाग लिया।
4. वैयक्तिक विकास कार्यक्रम का आयोजन हुआ था जिसका नेतृत्व बलवर्म ईटरनेश्नल के सी.इ.ओ. त्री विनोद उग्नेशियस ने किया।

वसंत महोत्सव

इस साल वसंत महोत्सव 04-02-2015 से 06-02-2015 तक नई दिल्ली के शंकरलाल मंर्सेट सभागार में चलाया गया। गुरुवायूर परिसर की ओर से **मुद्राराक्षस** नाटक का मंचन हुआ। प्रतियोगिता में शास्त्री तृतीय वर्ष के ता एस. हरिप्रसाद ने सर्वोच्च अभिनेता का पुरस्कार प्राप्त किया।

अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा

अखिल भारतीय शास्त्रीया स्पर्धा इस साल नई दिल्ली में मार्च 17 से लेकर बीस तारीख तक आयोजित की गई। परिसर की ओर से तीन विद्यार्थियों ने विविध शास्त्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिए।

विकासशील गतिविधियाँ

कार्यशिविर शोध प्रविधि, हस्तलिपि, पाठानुसंधान पर 11-02-2015 से 03-03-2015 तक

शोध प्रविधि, हस्तलिपि, पाठानुसंधान आदि विषयों पर सन् 2015 फरवरी ग्यारह तारीख से लेकर मार्च महीने से तीन तारीख तक परिसर द्वारा इक्कीस दिवस के कार्यशिविर का आयोजन किया गया। कार्य शिविर में तैंतीस विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ। प्राचार्य प्रो.सि.एच.एल.एन.शर्मा कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं श्री सुब्रमहण्य शर्मा वेदान्त विभाग के सहायक आचार्य संयोजक रहे। कार्य शिविर का उद्घाटन कालडी श्री शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ.टी.पी.रवीन्द्रन ने किया था। निर्दिष्ट विषय पर कई विद्वानों ने भाषण प्रस्तुत किये। सभी शोधार्थियों ने इस कार्यशिविर में भाग लिया। प्रतिपुष्टि हेतु शोधार्थियों को निर्दिष्टाभ्यास भी दिये गये।

कार्यशिविर का समापन समारोह मार्च तीन सन् 2015 को संपन्न हुआ। केरल साहित्य अकादमी त्रिचूर के सचिव श्री. आर.गोपालकृष्ण कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहे। परिसर के पूर्व प्राचार्य प्रो.एम.एम.बाबू सम्मेलन के सम्माननीय अतिथि थे।

स्वतंत्रता दिवस

68वीं स्वतंत्रता दिवस समारोह पन्द्रह अगस्त सन् 2014 को प्रातः 8.30 बजे परिसर प्राचार्य प्रो. च.ल.न. शर्मा महोदय ने पताका ध्वजन के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों को मिठाइयाँ बाँट दी गयी।

हिन्दी दिवस एवं पखवाडा समारोह

सन् 2014 का हिन्दी दिवस एवं पखवाड़ा समारोह सोलह सितंबर से तेईस सितंबर तक मनाया गया। समापन सम्मेलन का उद्घाटन ऐ.ए.एस.इ. त्रिचूर की हिन्दी प्राध्यापिका डॉ.आर लक्ष्मी ने किया। रामवर्मपुरम् केन्द्रीय विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती फिलोमिना मेचेरी सम्मेलन की मुख्यातिथि रही। आधुनिक विभाग के अध्यक्ष डॉ. एस.वी.आर. मूर्ती ने सबका स्वागत किया। डॉ. नन्दकिशोर तिवारी ने कृतज्ञता ज्ञापित की।

स्वच्छ भारत अभियान

संस्थान से प्राप्त सूचना के अनुसार पर, भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के जन्मदिवस के अवसर पर दो अक्टूबर सन् 2014 को प्रत्येक परिसर द्वारा स्वच्छ भारत अभियान का प्रारम्भ किया गया है। गाँधीजी के आदेशों का पालन करते हुए परिसर को स्वच्छ रखने का प्रण लेते हुए स्वच्छ भारत अभियान का कार्यक्रम 25-09-2014 से 31-10-2015 तक चलाया गया जिसमें परिसर के अध्यापकगण विद्यार्थीगण कर्मचारियों एवं अभिभावक की सक्रिय भागीदारी हुई। सभी कार्यक्रमों का विस्तार से प्रतिवेदन संस्थान को भेज दिया गया।

राष्ट्रीय एकता दिवस

संस्थान के कार्यालय से प्राप्त सूचनानुसार सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म दिवस 31 अक्टूबर सन् 2014 को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। एकता दिवस को मनाते हुए परिसर के विद्यार्थी, अध्यापक तथा कर्मचारी वर्ग ने एकता की दौड़ में भाग लिया। कई क्रियाकलापों का आयोजन भी किया गया जैसे सरदार वल्लभभाई पट्टेल के योगदान को लेकर चर्चा, वाद-विवाद प्रतियोगिता इत्यादि।

रन केरल सन मैराथन का आयोजन

31 जनवरी 2015 से फरवरी 13 तक चलाया गये देशीय खेलकूद समारोह के दौरान परिसर में बीस तारीख प्रातः 10. 30 को केरला रन मैराथन का आयोजन किया गया था। इसमें परिसर के चालीस विद्यार्थियों ने भाग लिए। परिसर के कर्मचारी वर्ग ने भी मैराथन में भाग लिया। परिसर प्राचार्य द्वारा मैराथन का उद्घाटन हुआ।

12 दिसंबर 2014 को परिसर में द्वितीय संस्कृत कमीशन का निरीक्षण हुआ था। इस दौरान अध्यापक और विद्यार्थियों के बीच कमीशन की अच्छी बातचीत भी हुई थी।

गणतंत्र दिवस

66वीं गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को प्रातः 8.30 बजे परिसर प्राचार्य प्रो.सि.एच.एल.एन.शर्मा जी द्वारा पताका ध्वजन के साथ मनाया गया। सभी बच्चों को मिठाइयाँ बाँट दी गयीं।

नेत्र संरक्षण कैम्प का आयोजन

वासन ऐ मेयर अस्पताल और परिसर ने मिलकर 24 और 26 फरवरी, 2015 को परिसर में नेत्रसंरक्षण कैम्प का आयोजन किया गया। कम्प्यूटर प्रणाली द्वारा आँखों की नेत्र विद् द्वारा जाँच भी की गयी थी।

पुनश्चर्या पाठ्यक्रम/संकाय सदस्यों द्वारा ओरिएंटेशन कोर्स (2014-2015)

1. डॉ. गिरिधर राव, सहायक आचार्य (शिक्षा शास्त्री)-अभिविन्यास-यूजीसी एकेडमिक कॉलेज, यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश-25.08.2014 से 20.09.2014-ग्रेड ए
2. डॉ. नन्दकिशोर तिवारी, सहायक आचार्य-पुनश्चर्या-यूजीसी एकेडमिक कॉलेज, यूनिवर्सिटी, लखनऊ-02.02.2015 से 23.02.2015-ग्रेड ए

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/उत्तरित पत्रों की संख्या :

प्रार्थना-पत्र प्राप्त - 08

उत्तर प्रेषित - 08

4.2.5 जयपुर परिसर, जयपुर (राजस्थान)

परिसर-परिचय

राजस्थान राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. श्री शिवचरणमाथुर महोदय के अनुरोध पर पद्मश्री डॉ. मण्डनमिश्र (पूर्व निदेशक) के सद् प्रयासों से प्रथम निदेशक आचार्य रामकरण शर्मा के द्वारा 13-05-1983 में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली का परिसर 'केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ', जयपुर के नाम से स्थापित किया गया। वर्तमान में यह परिसर राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान सम विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर के नाम से प्रसिद्ध है। परम्परागत शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए, दुर्लभ पाण्डुलिपियों के संरक्षण, उनके प्रकाशन के लिए, संस्कृत विद्या क्षेत्र में शोध कार्यों के संवर्धन के लिए, शास्त्र ज्ञान के साथ-साथ आधुनिक, लोकोपयोगी नूतन विषयों के ज्ञान प्रदान के लिए प्रयासरत राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान का यह जयपुर-परिसर प्रसिद्ध है। वर्तमान सत्र में यह परिसर न केवल राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के दसों परिसरों में श्रेष्ठ रहा है अपितु छात्र संख्या तथा शैक्षिक उपलब्धियों की दृष्टि से भी देश के अनेक सुप्रतिष्ठित संस्कृत विश्वविद्यालयों में श्रेष्ठ रहा है।

परिसर की अवस्थिति

डॉ. सरोजिनी महिषी महोदया के उपाध्यक्ष काल में उनके सत्प्रयास से केन्द्र सरकार के द्वारा दी गई वित्तीय सहायता तथा जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर नगर के गोपालपुरा बाई पास पर स्थित त्रिवेणीनगर, जोकि जयपुर रेलवे स्थानक से 21 कि.मी. दूरी पर 7.27 एकड़ भूखण्ड में 60 कमरों से युक्त संस्थान परिसर बना है। यहाँ अध्यापन, प्रशासनखण्ड, व्यायामशाला, सुसज्जित सभागार, पुस्तकालय, परियोजना खण्ड, कम्प्यूटर प्रयोगशाला, प्राकृतशोध अध्ययन केन्द्र, मुक्तस्वाध्याय केन्द्र, छात्र-छात्राओं का पृथक् पृथक् छात्रावास, प्राध्यापक-कर्मचारी आवास, क्रीडा मैदान, बगीचे जैसी भौतिक सम्पदाओं से युक्त यह परिसर शोभायमान है।

उपलब्ध पाठ्यक्रम-

1. प्राक्शास्त्री	2. शास्त्री
3. आचार्य	4. शिक्षाशास्त्री
5. शिक्षाचार्य	6. विद्यावारिधि

विषय–साहित्य, व्याकरण, ज्योतिष (सिद्धान्त ज्योतिष, फलित ज्योतिष), धर्मशास्त्र, जैनदर्शन, सर्वदर्शन, वेद, शिक्षाशास्त्र, शिक्षाचार्य, विद्यावारिधि।

वर्ष 2014-15 के अन्तर्गत परिसर में आयोजित कार्यक्रम

1. सरस्वती पूजन सत्रारम्भ समारोह, 01 जुलाई 2014
2. शिक्षाशास्त्री एवं च शिक्षाचार्य प्रवेश, 03-11.07.2014
3. फलित ज्योतिष एवं वास्तुशास्त्र परिचय पाठ्यक्रम सत्र, 23-07-2014 से 09-10-2014
4. ज्योतिष परिषद् गठन, 09-10-2014
5. एकविंशतिदिवसीया शोधप्रविधिपाण्डुलिपि विज्ञान कार्यशाला, 25-07-2014 से 14-08-2014
6. स्वतन्त्रता दिवस समारोह, 15-08-2014
7. संस्कृत सप्ताह महोत्सव, 20-08-2014 से 22-08-2014
8. व्याकरण परिषद गठन, 28-08-2014
9. शिक्षक दिवस समारोह, 05-09-2014
10. भाषाबोधन वर्ग कार्यशाला, 08-09-2014 से 19-09-2014
11. हिन्दी पखवाड़ा, 14-09-2014
12. स्वच्छता अभियान, 25-09-2014 से 31-10-2014
13. शिक्षाशास्त्र विभागस्य पाठप्रदर्शनम्, 13-10-2014 से 14-10-2014
14. राज्यस्तरीय शास्त्रीय स्पर्धा, 21, 22-10-2014
15. शिक्षाचार्य शोध संगोष्ठी, 03-11-2014 से 05-11-2014
16. वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता, 05-11-2014 से 07-11-2014
17. प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, 11-12-2014 से 16-12-2014
18. युव महोत्सव शृंगेरी परिसर, 20 से 23-12-2014
19. सामुदायिक सेवा, स्वच्छता अभियान एवं रैली, 09-01-2015

20. फलित ज्योतिष एवं वास्तुशास्त्र द्वितीय परिचय पाठ्यक्रम सत्र 2014-15 द्वितीय चक्र, 21-01-2015 से 21-04-2015
21. वसन्त पंचमी एवं सरस्वती पूजन, 24-01-2015
22. कौमुदी महोत्सव, 04-02-2015 से 06-02-2015
23. स्काउट एवं गाईड प्रशिक्षण, 10-03-2015 से 16-03-2015
24. अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा, 17-03-2015 से 21-03-2015
25. शैक्षिक भ्रमण शिक्षाशास्त्री, 24-03-2015
26. गणतन्त्र दिवस, 26-01-2015

1. सत्रारम्भ - दिनांक 01-07-2014 को जयपुर परिसर में वैदिकमन्त्रोचरण तथा सरस्वतीपूजन के साथ-साथ सत्र का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में परिसर के प्राचार्य सहित सभी आचार्य, प्राध्यापक एवं छात्र हिन्दकेसरी सभागार में शामिल हुए।

2. एकविंशतिदिवसीया शोधप्रविधिपाण्डुलिपि विज्ञान कार्यशाला - दिनांक 25-07-2014 से 14-08-2014 तक एकविंशतिदिवसीया शोधप्रविधिपाण्डुलिपि विज्ञान कार्यशाला का आयोजन प्रो. वाई.एस.रमेश के निर्देशन में किया गया। जिसमें 85 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

3. शिक्षक दिवस समारोह - दिनांक 05-09-2014 को जयपुर परिसर में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्योतिष विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. इन्द्रमणि दास महोदय ने की। इस कार्यक्रम में परिसर के सभी आचार्यों तथा प्राध्यापकों को परिसर के छात्रों ने मौली बांधकर तथा तिलक लगाकर सम्मानित किया।

4. हिन्दी दिवस समारोह - जयपुर परिसर में दिनांक 14-09-2014 को हिन्दकेसरी सभागार में हिन्दी दिवस समारोह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में परिसर के सभी आचार्य एवं प्राध्यापक सम्मिलित हुए तथा छात्रों के समक्ष राष्ट्रभाषा के महत्त्व को दर्शाते हुए कार्यालयीय गतिविधियों में इसका अधिक से अधिक उपयोग करने पर बल दिया।

5. सरस्वती पूजा - 24-01-2015 को डॉ. हिन्दीकेसरी सभागार में सरस्वती पूजन समारोह वैदिकमन्त्रोच्चारण तथा पौराणिक विधियों के अनुसार सम्पूर्ण परिसरीय कर्मचारी तथा छात्रों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

6. अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण वर्ग - जयपुर परिसर में हिन्दकेसरी सभागार में अनौपचारिकसंस्कृतशिक्षण वर्ग का समायोजन एवम् उद्घाटन हुआ जिसकी अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. इन्द्रमणिदास महोदय ने की तथा मुख्यवक्ता के रूप में प्रो. वाई.एस. रमेश तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. सुदेश कुमार शर्मा ने वर्ग को उद्बोधित किया।

7. संस्कृत सप्ताह समारोह - जयपुर परिसर में दिनांक 20-08-2014 तः 22-08-2014 तक संस्कृत सप्ताह का कार्यक्रम अत्यधिक उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में देवर्षि कलानाथ शास्त्री उपस्थित हुए। सभा की अध्यक्षता परिसर के प्राचार्य डॉ. प्रकाश पाण्डेय महोदय ने की तथा कार्यक्रम का संचालन प्रो. श्रीधर मिश्र ने किया। इस कार्यक्रम में संस्कृत में वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ, भाषण आदि शैक्षिक कार्यक्रम समयोजित हुए। कार्यक्रम के समापन समारोह में प्रसिद्ध संस्कृत राष्ट्रपति सम्मानित विद्वान् प्रो. हरिराम आचार्य उपस्थित हुए।

8. युवसमारोह प्रतियोगिता - दिनांक 20-23 दिसम्बर 2014 को शृंगेरी परिसर में समायोजित युवसमारोह प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जयपुर परिसर से छात्रों का एक दल प्रो. गजेन्द्र शर्मा तथा प्रो. शिवकान्त झा, तथा प्रो. श्रीधर मिश्र, प्रो. सत्यमकुमारी एवं डॉ. शीशराम के मार्गदर्शन में भेजा गया।

परिसर कार्यक्रमों में आमंत्रित विद्वान्

क्र.सं.	सम्मानित विद्वान्	सम्मानित पद
1.	प्रो. रामानुजदेवनाथन	कुलपति, ज.रा.रा.सं.वि.वि. जयपुर
2.	प्रो. एन.आर.कण्णन्	भूतपूर्व कुलपति, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान
3.	डॉ. बी.के.सिंह	कुलसचिव, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान

4.	प्रो. हरिराम-आचार्य	भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय
5.	देवर्षि कलानाथ शास्त्री	राष्ट्रपति सम्मानित
6.	प्रो. बीना अग्रवाल	आचार्य और अध्यक्ष संस्कृत विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय
7.	डॉ. श्रीकृष्ण शर्मा	भूतपूर्व विभागाध्यक्ष जयनारायणव्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर
8.	डॉ. कमलनयन शर्मा	भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, धर्मशास्त्र विभाग, जयपुर परिसर
9.	डॉ. जगन्नारायण पाण्डेय	भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, साहित्य विभाग जयपुर परिसर
10.	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	विभागाध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र विभाग, जयपुर परिसर
11.	प्रो. फतह सिंह	प्रोफेसर, शिक्षाशास्त्र विभाग, जयपुर परिसर
12.	प्रो. वासुदेव सिंह	प्रोफेसर, ज्योतिष विभाग, जयपुर परिसर
13.	डॉ. रमाकान्त पाण्डेय	निदेशक, मुक्तस्वाध्यायपीठ, नई दिल्ली
14.	प्रो. सुषमा सिंघवी	अध्यक्षा, राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर
15.	डॉ. सतीश किलावत	भूतपूर्व प्राचार्य, जयपुर परिसर
16.	राणूलाल शर्मा	पतञ्जलियोगसमिति
17.	श्री अशोक गौतम	पतञ्जलियोगसमिति
18.	वैद्य पवन अग्रवाल	पतञ्जलियोगसमिति
19.	हरेन्द्र पाल सिंह	पतञ्जलियोगसमिति
20.	डॉ. मञ्जुलाभाटी	पतञ्जलियोगसमिति
21.	श्रीमती अल्काशर्मा	पतञ्जलियोगसमिति
22.	श्रीमती सुनीता जैन	पतञ्जलियोगसमिति
23.	डॉ. एस.बी. दवे	पतञ्जलियोगसमिति
24.	श्री वी.पी. शुक्ला	पतञ्जलियोगसमिति
25.	श्री लक्ष्मण सिंहः	पतञ्जलियोगसमिति
26.	महन्तमोहनशरणशास्त्री	निम्बाई आश्रम भीलवाड़ा
27.	डॉ. विनोद शर्मा	ज्योतिष विभागाध्यक्ष ज.रा.रा.सं.वि.वि., जयपुर
28.	डॉ. भगवान सहाय शर्मा	प्राचार्य, महाराजसंस्कृत-आचार्य महाविद्यालय, जयपुर
29.	डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा	सहाचार्य, ज.रा.रा.सं.वि.वि., जयपुर
30.	डॉ. दिवाकर मिश्रः	सहाचार्य, ज.रा.रा.सं.वि.वि., जयपुर
31.	प्रो. कमलेश कुमार जैन	काशीहिन्दू विश्वविद्यालय
32.	प्रो. अशोक तिवारी	व्याकरणविभागाध्यक्ष, ज.रा.रा.सं.वि.वि., जयपुर
33.	डॉ. राजधर मिश्र	सहायकाचार्य व्याकरण विभाग, ज.रा.रा.सं.वि.वि., जयपुर

34.	प्रो. मनोज कुमार मिश्र	जम्मू
35.	प्रो. दयानन्द भार्गव	जयपुर
36.	प्रो. गोपीनाथ मिश्र	जयपुर
37.	प्रो. ओमप्रकाश भड़ाना	भोपाल परिसर
38.	प्रो. सन्तोष मित्तल	भोपाल परिसर
39.	डॉ. उमाकान्त चतुर्वेदी	काशीहिन्दू विश्वविद्यालय

शैक्षिक सत्र की विशेष उपलब्धियाँ

सत्र 2014-15 में जयपुर परिसर के छात्रों ने महाविद्यालय राज्यस्तरीय एवं राष्ट्रिय स्तर पर अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विशिष्ट स्थान प्राप्त किया। जिसका संक्षिप्त विवरण अधोलिखित है–

1. दिनांक 23-12-2014 से 25-12-2014 तक शृंगेरी परिसर में समायोजित अन्तः परिसरीय युवसमारोह प्रतियोगिता में जयपुर परिसर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसमें स्वर्णपदक-12, रजतपदक-09, तथा कॉस्य पदक-08 कुल 29 पदक शामिल थे।
2. दिनांक 20-10-2014 से 21-10-2014 तक समायोजित राजस्थान राज्यस्तरीय चयन प्रतियोगिता में जयपुर परिसर का वर्चस्व रहा। इसमें परिसर के छात्रों ने 18 प्रथम तथा 04 छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किये।
3. दिनांक 04-02-2015 से 06-02-2015 तक राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान दिल्ली द्वारा समायोजित नाटक प्रस्तुति में परिसर को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।
4. दिनांक 17-03-2015 से 21-03-2015 तक दिल्ली में समायोजित अखिल भारतीय शलाका एवं भाषण प्रतियोगिता में इस परिसर के छात्रों ने 01 स्वर्णपदक, 04 रजतपदक तथा 5 काँस्य पदक प्राप्त कर राजस्थान के साथ-साथ जयपुर परिसर को गौरवन्वित किया।
5. दिनांक 06-01-2015 से 09-01-2015 तक एकलव्य परिसर अगरतला में सम्पन्न होने वाली इंटरयूनिवर्सिटी युव महोत्सव प्रतियोगिताओं में जयपुर परिसर के 18 छात्रों ने भाग लिया तथा 17 स्वर्ण पदक एवं 01 रजत पदक प्राप्त किये।
6. सान्ध्यकालीन कक्षा के अन्तर्गत फलित ज्योतिष परिचय पाठ्यक्रम एवम् वास्तुशास्त्र परिचय पाठ्यक्रम के प्रथम चक्र में कुल 39 छात्रों ने तथा द्वितीय चक्र में कुल 29 छात्रों ने अध्ययन कर प्रमाणपत्र प्राप्त किये।

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/उत्तरित पत्रों की संख्या :

प्रार्थना-पत्र प्राप्त - 19

उत्तर प्रेषित - 19

4.2.6 लखनऊ परिसर, लखनऊ (उ.प्र.)

परिसर-परिचय

उत्तर-प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के लखनऊ परिसर की स्थापना 2 अगस्त, 1986 को केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ के रूप में मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार के अधीन हुई। आरम्भिक समय से ही यह केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ परम्परागत संस्कृत विद्या की उन्नति प्रचार-प्रसार, अध्ययन-अध्यापन एवं शोध के क्षेत्र में अग्रणी रूप से कार्यरत है। वर्ष 2002 में सम विश्वविद्यालय घोषित होने के पश्चात् राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली का यह परिसर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ लखनऊ से लखनऊ परिसर के रूप में संस्कृत भाषा के उन्नयन हेतु प्रयत्नशील है, लखनऊ परिसर में अन्य भाषाओं के साथ ही पाली एवं प्राकृत भाषाओं के अध्ययन केन्द्र की भी स्थापना की गई है। संस्कृत भाषा के अनेक विद्वानों एवं लेखकों ने इस परिसर के विकास में अपना योगदान दिया है। अवध क्षेत्र में स्थित होने के कारण यह परिसर क्षेत्र के लोगों ने भारतीय संस्कृति, राष्ट्रिय एकता एवं धार्मिक सौहार्द को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है।

परिसर की अवस्थिति

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान सम विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में विशाल खण्ड-4, गोमती नगर लखनऊ में विशाल भवन में स्थित है। परिसर के अन्दर ही महिला छात्रावास, संकाय एवं कर्मचारी आवास भी उपलब्ध है।

उपलब्ध पाठ्यक्रम

(अ) परिसर में सञ्चालित नियमित पाठ्यक्रम

शास्त्रीय-

1. नव्य व्याकरण 2. प्राचीन व्याकरण 3. साहित्य 4. सिद्धान्त ज्योतिष 5. फलित ज्योतिष 6. बौद्धदर्शन 7. वेद

आधुनिक विषय विभाग-

1. हिन्दी 2. इंग्लिश 3. राजनीति विज्ञान 4. अर्थशास्त्र 5. संगणक (प्राक् शास्त्री तथा शास्त्री कक्षा में पढ़ाये जाते हैं)

(ब) नियमित कक्षाओं का विवरण

प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष

प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष

शास्त्री प्रथम वर्ष

शास्त्री द्वितीय वर्ष

शास्त्री तृतीय वर्ष

आचार्य प्रथम वर्ष

आचार्य द्वितीय वर्ष

शिक्षाशास्त्री

विद्यावारिधि (पी.एच.डी.)

(स) मुक्तस्वाध्यायपीठम् (दूरस्थ शिक्षा), स्वाध्याय केन्द्र, लखनऊ के अन्तर्गत सञ्चालित कक्षाएँ-

प्राक्शास्त्री सेतु

प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष

प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष

शास्त्री सेतु

शास्त्री प्रथम वर्ष

शास्त्री द्वितीय वर्ष

शास्त्री तृतीय वर्ष

आचार्य सेतु

आचार्य प्रथम वर्ष

आचार्य द्वितीय वर्ष

दूरस्थ शिक्षा में सम्प्रति प्राक्शास्त्री, शास्त्री सेतु, शास्त्री, आचार्य सेतु एवम् आचार्य स्तर पर शास्त्रीय विषयों में साहित्य, व्याकरण एवं फलित ज्योतिष तथा प्राक्शास्त्री एवं शास्त्री स्तर पर आधुनिक विषयों के अन्तर्गत हिन्दी, इंग्लिश, इतिहास, अर्थशास्त्र एवं राजनीतिविज्ञान के पाठ्यक्रम सञ्चालित हैं।

शैक्षणिक गतिविधियाँ-

1. सत्रारम्भ समारोह (03-07-2014)
2. शोधप्रविधि एवं पाण्डुलिपिविज्ञान कार्यशाला (21-07-2014 से 10-08-2014 पर्यन्त)
3. संस्कृत सप्ताह महोत्सव (01-08-2014 से 10-08-2014 पर्यन्त)
4. हिन्दी पखवाड़ा समारोह (14-09-2014 से 28-09-2014 पर्यन्त)
5. स्वास्थ्य परीक्षण शिविर (21-09-2014)
6. स्वच्छता अभियान (25-09-2014 से 31-10-2014 पर्यन्त)
7. राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह (31-10-2014)
8. छात्रसंसद का आयोजन (17-11-2014)
9. अखिल भारतीय संस्कृत वाक्स्पर्धा एवं शलाका परीक्षा हेतु उत्तर प्रदेश राज्यस्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन (05-01-2015 एवं 06-01-2015)
10. ज्योतिष परिचय पाठ्यक्रम का आयोजन (11-01-2015 से 18-03-2015 पर्यन्त)
11. बालचर शिक्षक प्रशिक्षण तथा शैक्षिक भ्रमण का आयोजन (13-01-2015 से 20-01-2015 पर्यन्त)
12. ज्योतिषशास्त्रीय विशिष्ट व्याख्यान (18-01-2015)
13. वसन्त पञ्चमी उत्सव (24-01-2015)
14. कौमुदीमहोत्सव (नई दिल्ली) में परिसर की नाट्यप्रस्तुति (05-02-2015)
15. खेलकूद परिचर्चा (जेवलिन थ्रो चैम्पियन सुश्री अन्नू रानी की छात्र-छात्राओं से परिचर्चा) का आयोजन (13-02-2015)
16. मातृभाषा दिवस का आयोजन (21-02-2015)
17. साहित्यशास्त्रीय विशिष्ट व्याख्यान (19-03-2015)
18. वार्षिकोत्सव-2014-15 का आयोजन (20-03-2015)
19. व्याकरणशास्त्रीय विशिष्ट व्याख्यान (27-03-2015)
20. शिक्षाशास्त्रीय विशिष्ट व्याख्यान (27-03-2015)
21. भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन (13-04-2015)
22. साहित्यविभाग की ओर से 'साहित्यसमाख्या' पत्रिका का प्रकाशन
23. पालि अध्ययन केन्द्र की षाण्मासिक शोध-पत्रिका 'पालि-प्राकृत-अनुशीलनम्' के दो अङ्कों का प्रकाशन
24. परिसरीय वार्षिक पत्रिका 'गोमती' (अङ्क-6, सत्र-2014-15) का प्रकाशन

विशिष्ट उपलब्धियाँ

(1) सप्तम युवमहोत्सव (2014-15), शृंगेरी में परिसरीय छात्रों की उपलब्धियाँ–

1. दीपक कुमार (शिक्षाशास्त्री) - गोलाफेंक - स्वर्णपदक
2. आस्था (शास्त्री द्वि.व.) - बैडमिण्टन - स्वर्णपदक
3. धर्मेन्द्र कुमार यादव (शास्त्री प्र.व.) - भाला फेंक - कांस्यपदक
4. विशाल शर्मा (शास्त्री प्र.व.) - कुश्ती - रजतपदक
5. मुनिदेव आर्य (शिक्षाशास्त्री) - कुश्ती - रजतपदक
6. वॉलीबॉल दल (शिक्षाशास्त्री) - वॉलीबॉल - रजतपदक
7. उषा शर्मा (शिक्षाशास्त्री) - शास्त्रीय एकल नृत्य - रजतपदक
8. सचिन (शिक्षाशास्त्री) - वादविवाद (पक्ष) - रजतपदक

(2) अन्तः संस्कृत विश्वविद्यालयीय युवमहोत्सव (2015), अगरतला में परिसरीय छात्रों की उपलब्धियाँ–

1. आस्था (शास्त्री द्वि.व.) - बैडमिण्टन - स्वर्णपदक
2. नवीन कुमार (विद्यावारिधि) - कबड्डी एवं वॉलीबॉल - स्वर्णपदक
3. लीलाधर (विद्यावारिधि) - कबड्डी एवं वॉलीबॉल - स्वर्णपदक
4. हेमन्त उपाध्याय (शिक्षाशास्त्री) - वॉलीबॉल - स्वर्णपदक
5. ललित विजय (शास्त्री द्वि.व.) - वॉलीबॉल - स्वर्णपदक

6. रवि भट्ट (शास्त्री द्वि.व.) - वॉलीबॉल - स्वर्णपदक
7. दीपक कुमार (शिक्षाशास्त्री) - गोलाफेंक - स्वर्णपदक
8. योगेश पाण्डेय (शास्त्री द्वि.व.) - वादविवाद (पक्ष) - कांस्यपदक

(3) उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर परिसरीय आचार्यों को विशिष्टविद्वत्सम्मान एवं पुस्तक पर पुरस्कार राशि प्रदान की गयी-

1. प्रो. अर्कनाथ चौधरी - रू. 51000/- विशिष्ट विद्वत्सम्मान
2. प्रो. विजय कुमार जैन - रू. 11000/- पुस्तक पर पुरस्कार
3. प्रो. लोकमान्य मिश्र - रू. 11000/- पुस्तक पर पुरस्कार
4. डॉ. नीरज तिवारी - रू. 25000/- वेदपण्डित पुरस्कार

परिसर प्राध्यापकों की सम्मेलन आदि में सहभागिता-

1. प्रो. अर्कनाथ चौधरी - प्राचार्य (प्र.)

1. मई-2014 में श्री रंगलक्ष्मी आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, वृन्दावन की प्रबन्ध समिति की बैठक में सदस्य के रूप में भागग्रहण।
2. मई-2014 में ही गरुडध्वज वेद पाठशाला, नैमिषारण्य का निरीक्षण समिति के अध्यक्ष के रूप में निरीक्षण कार्य सम्पन्न कर महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रिय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।
3. जुलाई-2014 में परिसर में आयोजित 21 दिवसीय शोधप्रविधि एवं पाण्डुलिपिविज्ञान कार्यशाला में शोधप्रविधि में अन्तर्निहित विषयों पर विशिष्ट व्याख्यान की प्रस्तुति।
4. सितम्बर-2014 में हनुमान सेतु, लखनऊ स्थित वेद विद्यालय 'पाणिनीयशिक्षा' पर विशिष्ट व्याख्यान की प्रस्तुति।
5. अक्टूबर-2014 में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के द्वारा समायोजित वाल्मीकि जयन्ती कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रतिभागिता।
6. अक्टूबर-2014 में ही कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत महाविद्यालय, दरभंगा के प्राध्यापकों की प्रोन्नति समिति के सदस्य के रूप में कार्य सम्पादन।
7. नवम्बर-2014 में संस्थान मुख्यालय में केन्द्रीय शोधमण्डल की बैठक में प्रतिभाग।
8. दिसम्बर-2014 में नवगठित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अर्द्धवार्षिक बैठक में सदस्य के रूप में प्रतिभाग।
9. दिसम्बर-2014 में ही नवचेतना केन्द्र, लखनऊ के 'विचारमञ्च' में मुख्य वक्ता के रूप में उद्बोधन।
10. जनवरी-2015 में एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली द्वारा आयोजित संस्कृत पाठ्यपुस्तक समीक्षा कार्यशाला में भागग्रहण।
11. जनवरी-2015 में ही रानी पद्मावती तारा योग आदर्श संस्कृत महाविद्यालय की प्रबन्ध एवं वित्त समिति में संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में दायित्व निर्वहण।
12. फरवरी-2015 में महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी में काशी मिथिला समाज के वार्षिकोत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमन्त्रित एवं सम्मानित।
13. फरवरी-2015 में ही लखनऊ विश्वविद्यालय में संस्कृत प्राध्यापकों के लिए पुनश्चर्या कार्यक्रम में विशिष्ट व्याख्यान।
14. दिनाङ्क-16-02-2015 को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के धर्म-संस्कृति-विज्ञान विभाग में व्याकरण, दर्शन और भारतीय संस्कृति इन तीनों विषयों पर तीन व्याख्यानों की प्रस्तुति।
15. दिनाङ्क-17 एवं 18 मार्च 2015 को अखिल भारतीय संस्कृत वाक्स्पर्धा के निर्णायक के रूप में कार्य।
16. दिनाङ्क-22-03-2015 को डॉ. रामजी मेहता आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर की प्रबन्ध समिति एवं प्रोन्नति समिति की बैठक में संस्थान के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में उपस्थिति।
17. दिनाङ्क-20-04-2015 को कामेश्वर सिंह दरभङ्गा संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्ताराष्ट्रिय संस्कृत सम्मेलन के सत्र की अध्यक्षता।
18. उपर्युक्त सभी के अतिरिक्त अनेक विश्वविद्यालयों के शोधप्रबन्ध परीक्षक तथा शोध वाक्परीक्षक के दायित्व का निर्वहण।

2. आचार्य सुरेन्द्र पाठक-

1. नवम्बर-2014 में कामेश्वर सिंह दरभङ्गा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभङ्गा (बिहार) के व्याकरण विभाग में शोध वाक्परीक्षक के दायित्व का निर्वहण।

3. विजयकुमार जैन-

1. सितम्बर-2014 में सारनाथ (वाराणसी, उत्तर प्रदेश) में स्थित महाबोधि सभा द्वारा समायोजित राष्ट्रीय पालि सङ्गोष्ठी में प्रतिभागिता।
2. दिसम्बर-2014 में श्रमणवेलगोला स्थित प्राकृत शोध संस्थान में समायोजित राष्ट्रीय प्राकृत सङ्गोष्ठी में प्रतिभागिता।

4. आचार्य लोकमान्य मिश्र-

1. अप्रैल-2014 में उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार; जून-2014 में श्रीलाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली तथा फरवरी-2015 में श्रीजगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, पुरी (उड़ीसा) के शिक्षाशास्त्र विभाग की प्रायोगिक परीक्षा में बाह्य परीक्षक के रूप में आमन्त्रित एवं दायित्व का निर्वहण।
2. अनेक विश्वविद्यालयों के शिक्षाशास्त्र के प्रश्नपत्रों का निर्माण, शोध प्रबन्धों का परीक्षण एवं शोध वाक्परीक्षक के दायित्व का निर्वहण।

5. आचार्य रामलखन पाण्डेय-

1. नवम्बर-2014 में संस्थान मुख्यालय में केन्द्रीय शोध मण्डल की बैठक में प्रतिभाग।
2. दिनाङ्क-24 से 30 जनवरी-2015 को कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन (मध्य प्रदेश) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कालिदास समारोह में 'अभिज्ञानशाकुन्तले प्रस्तावना' विषय पर शोधपत्र वाचन।

6. आचार्य मदनमोहन पाठक-

1. कामेश्वर सिंह दरभङ्गा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभङ्गा (बिहार) द्वारा आयोजित सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में विषय प्रवर्तन।
2. रा.सं.सं., मुम्बई परिसर में छात्रों की वाक्स्पर्द्धा में निर्णायक का कार्यसम्पादन।
3. श्रीजगन्नाथ पञ्चाङ्ग एवं 'भास्करोदय' पत्रिका का सम्पादन एवं प्रकाशन।

7. आचार्य अवनीश अग्रवाल-

1. नवम्बर-2014 में तिरुवनन्तपुर में निर्देशन-परामर्श से सम्बद्ध अन्ताराष्ट्रिय सम्मेलन में स्रोत विदुषी के रूप में प्रतिभागिता।
2. फरवरी-2015 में पूर्वांचल विश्वविद्यालय में 'सम्प्रेषण कौशल एवं व्यक्तित्व विकास' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान की प्रस्तुति।
3. फरवरी-2015 में ही भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर विश्वविद्यालय, लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित अन्ताराष्ट्रिय सम्मेलन में 'गीतादर्शनं समग्रदर्शनम्' विषय पर शोधपत्रवाचन।
4. 'शिक्षाया: अधिकार:' विषय पर लखनऊ नगर में आयोजित सङ्गोष्ठी में मञ्चस्थ अतिथि के रूप में व्याख्यान प्रस्तुति।

8. डॉ. धनीन्द्र कुमार झा-

1. जुलाई-2014 एवं दिसम्बर-2014 में रामजी मेहता आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, मुज़फ्फरपुर की प्रबन्ध समिति की बैठक में संस्थान प्रतिनिधि के रूप में उपस्थिति।
2. फरवरी-2015 में श्रीरामसुन्दरदास विश्वविद्या प्रतिष्ठान, दरभङ्गा की प्रबन्ध एवं वित्त समिति की बैठक में संस्थान प्रतिनिधि सदस्य के रूप में प्रतिभागग्रहण।

9. डॉ. अवधेश कुमार चौबे-

1. राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में श्री सीताराम वैदिक आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, कोलकाता के बौद्धदर्शन विभाग में एक्सटेंशन व्याख्यान दिया।
2. भारतीय दार्शनिक अनुसन्धान परिषद् के विपुलखण्ड, गोमती नगर, लखनऊ स्थित एकेडेमिक सेण्टर में 'राजभाषा पखवाड़ा' के अन्तर्गत आयोजित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में निर्णायक की भूमिका का निर्वहण किया।
3. श्री सीताराम वैदिक आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, कोलकाता के बौद्धदर्शन विभाग के विद्यार्थियों के लिए 'शान्तिदेव का बोधिचर्यावतार' विषय पर आयोजित एक व्याख्यान श्रृङ्खला में व्याख्यान प्रस्तुत किये।
4. दिनाङ्क-21-07-2014 से 10-08-2014 तक रा.सं.सं., लखनऊ परिसर में आयोजित 21 दिवसीय 'शोधप्रविधि एवं पाण्डुलिपिविज्ञान कार्यशाला' का संयोजन किया तथा उसमें 'प्रतिष्ठित पाण्डुलिपि केन्द्र (Eminent Manuscripts Centres)' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान भी प्रस्तुत किया।

10. डॉ. देवीप्रसाद द्विवेदी-

1. राजकीय महाराजा आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर में समायोजित राष्ट्रिय सङ्गोष्ठी में प्रतिभागिता।
2. मुख्य छात्रावास अधीक्षक के रूप में छात्र कल्याण परिषद् एवं चिकित्सा परिषद् का संयोजन कर इनके अन्तर्गत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन तथा 'स्वाइन फ्लू' रोग के निदानोपचार हेतु वैद्यकीय सुविधा का व्यवस्थापन।

11. डॉ. गुरुचरण सिंह नेगी-

1. दिनाङ्क-21-07-2014 से 10-08-2014 तक रा.सं. सं., लखनऊ परिसर में शोधार्थियों के आयोजित 21 दिवसीय 'शोधप्रविधि एवं पाण्डुलिपिविज्ञान कार्यशाला' का सह-संयोजन किया तथा उसमें 'Possiblities of restoration of Indian texts from the Bhot Manuscripts' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान भी प्रस्तुत किया।
2. पालि अध्ययन केन्द्र, लखनऊ द्वारा शोध-पत्रिका 'पालि-प्राकृत-अनुशीलनम्' के द्वितीय अङ्क का सम्पादन किया।
3. केन्द्रीय तिब्बती अध्ययन विश्वविद्यालय, सारनाथ, वाराणसी के कुलपति महोदय द्वारा शोधोपाधि समिति में विशेषज्ञ सदस्य के रूप में नामित किया गया तथा दिनाङ्क-17-11-2014 को सारनाथ में समिति की बैठक में भाग लिया।

12. डॉ. अमित कुमार शुक्ल-

1. राजकीय महाराजा आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर द्वारा आयोजित 'कौटिलीयमर्थशास्त्रम् ; अतीते वर्तमाने च प्रासङ्गिकता' राष्ट्रिय सङ्गोष्ठी में प्रतिभागिता।

13. डॉ. रामबहादुर दुबे-

1. दिनाङ्क-28-29 अगस्त-2014 को काशी हिन्दू विश्व-विद्यालय, वाराणसी के साहित्य विभाग द्वारा आयोजित अखिल भारतीय महाकवि श्रीहर्ष समारोह/संगोष्ठी में 'श्रीहर्ष का नैषधीयचरित महाकाव्य' विषय पर पत्रवाचन।

14. डॉ. कुलदीप शर्मा-

1. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में गाँधी अध्ययन केन्द्र द्वारा समायोजित अन्ताराष्ट्रिय सङ्गोष्ठी में 'महात्मा गाँधी का शिक्षा दर्शन' विषय पर शोधपत्रवाचन।
2. राजकीय महाराजा आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रिय सङ्गोष्ठी में प्रतिभागिता करते हुए शोधपत्रवाचन।

15. डॉ. ग़ज़ाला अंसारी-

1. फरवरी-2015 में ही भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित अन्ताराष्ट्रिय सम्मेलन में 'वाल्मीकि-बुद्ध-भवभूतीनां महाकरुणाविमर्श:' विषय पर शोधपत्रवाचन।

16. श्री वाचस्पति नाथ झा-

1. अक्टूबर-2014 में देहरादून के राजभवन में समायोजित अन्ताराष्ट्रिय सम्मेलन में 'परम्परागतसंस्कृतशिक्षणस्य दशा दिशा च' विषय पर शोधपत्रवाचन किया।
2. फरवरी-2015 में भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित अन्ताराष्ट्रिय सम्मेलन में 'संस्कृतवाङ्मये स्त्रीशिक्षाविमर्श:' विषय पर शोधपत्रवाचन।

17. डॉ. चन्द्रश्री पाण्डेय-

1. फरवरी-2015 में भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित अन्ताराष्ट्रिय सम्मेलन में भागग्रहण।

18. डॉ. नीरज तिवारी-

1. दिनाङ्क-17 फरवरी-2015 को वाराणसी में अखिल भारतीय वेद सङ्गोष्ठी में 'वैदिक एवं बौद्धकालीन वर्णव्यवस्था' विषय पर शोधपत्रवाचन।

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/उत्तरित पत्रों की संख्या :

प्रार्थना-पत्र प्राप्त - 12

उत्तर प्रेषित - 12

4.2.7 श्री राजीव गांधी परिसर, शृंगेरी (कर्णाटक)

परिसर-परिचय

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान ने अपने अंगीभूत इकाई के रूप में 13 जनवरी 1992 को राजीवगांधी केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ की स्थापना शृंगेरी में की। उस समय भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मन्त्री डॉ. अर्जुन सिंह, संस्थान के अध्यक्ष थे। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति महामहिम श्री आर. वेंकटरमण के कर कमलों द्वारा दिनांक 05 मार्च 1992 को इस परिसर का उद्घाटन हुआ। वर्तमान में यह परिसर राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मा.वि.) राजीव गांधी परिसर के नाम से जाना जाता है। इस परिसर के मुख्य भवन का निर्माण केन्द्रीय निर्माण विभाग ने 1.63 करोड की लागत से किया। द्वितीयचरण में छात्र एवं छात्राओं के लिए छात्रावास प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के लिए आवास का निर्माण रु. 4.17 करोड की लागत से किया गया।

परिसर हेतु कर्णाटक राज्यसरकार द्वारा शृंगेरी, मेणसे में 10.2 एकड भूमि प्रदान की गई है, जो राज्य के चिकमगलूरु जिले में स्थित है। यह परिसर मंगलूर से 120 कि.मी., बेंगलूरु से 380 कि.मी., उडुपि से 90 कि.मी. और शिमोगा जंक्शन से 105 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। शिमोगा (जं.) बेंगलूरु से रेलमार्ग द्वारा जुड़ा है।

उपलब्ध पाठ्यक्रम-

यह परिसर साहित्य, नव्यव्याकरण, अद्वैतवेदान्त, मीमांसा, नव्यन्याय और फलितज्योतिष विषयों में आचार्य (एम.ए.), शास्त्री (बी.ए.) स्तर तक की, शिक्षाशास्त्री (बी.एड्) और प्राक्शास्त्री (इण्टरमीडिएट) स्तर तक की शिक्षा प्रदान करता है।

इस परिसर द्वारा शोधछात्रों को शोध कार्य पूर्ण करने के पश्चात् विद्यावारिधि (पी-एच्.डी.) की उपाधि प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त आधुनिक विषयों के अंतर्गत हिन्दी, कन्नड, अंग्रेजी, इतिहास, कम्प्यूटर विज्ञान और शारीरिक शिक्षा की विशेष व्यवस्था है।

अन्य क्रियाकलाप, समारोह, संगोष्ठियों का विवरण

इस परिसर में नियमित पाठ्यक्रम के अतिरिक्त छात्र-छात्राओं के लाभ हेतु चार प्रमुख परिषदों- 1. वाग्वर्धिनीपरिषद्, 2. स्पर्धिष्णुपरिषद्, 3. वाक्यार्थपरिषद् और 4. शारदा विशिष्ट-व्याख्यानमाला का गठन किया गया है।

अन्य क्रियाकलाप, समारोह, संगोष्ठियों का विवरण

इस परिसर में नियमित पाठ्यक्रम के अतिरिक्त छात्र छात्राओं के लाभ हेतु चार प्रमुख परिषदों–वाग्वर्धिनीपरिषद्, स्पर्धिष्णुपरिषद, वाक्यार्थपरिषद् और शारदा विशिष्टव्याख्यानमाला का गठन किया गया है। डॉ. नवीन होल्ला (सहायक आचार्य) डॉ. हरिप्रसाद के. (सहायक आचार्य) शैक्षित सत्र 2014-15 के लिए वाग्वर्धिनी परिषद् के समन्वयक नियुक्त किए गए हैं। श्री प्रशान्त गोनकर (A-II) और कुमारी के. अन्नपूर्णा (A-II) सचिव नियुक्त किए गए हैं।

स्पर्धिष्णु परिषद् - इस परिषद् में प्रान्तीय एवं राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए छात्र-छात्राओं को उत्साहित एवं प्रशिक्षित किया जाता है। प्रो. के.ई. मधुसूदन, डॉ. गणेश ईश्वर भट्ट (सहायक आचार्य) शैक्षिक सत्र 2014-15 के समन्वयक नियुक्त किए गए हैं। परिणाम स्वरूप अनेक छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और विविध पुरस्कारों के साथ संस्थान परिसर के लिए 'वैजयन्ती' पुरस्कार अर्जित किया जिसका विवरण प्रतिवेदन के साथ प्रस्तुत है।

वाक्यार्थपरिषद्

परिसर के छात्रों को शास्त्रीय कौशल एवं प्रेरणा देने के लिए वाक्यार्थ परिषद् का गठन किया जाता है। इसके समन्वयक डॉ. राघवेन्द्र भट्ट और डॉ. सूर्यनारायण भट्ट सहायक आचार्य थे। जिसमें प्राध्यापक वाक्यार्थ करके छात्रों को प्रशिक्षण देते हैं।

शारदा विशिष्ट व्याख्यानमाला

इस परिषद् के समन्वयक डॉ. सोमनाथ साहु और डॉ. रामचन्द्र जोईस सहायकाचार्य थे जिनके द्वारा सात विशिष्ट व्याख्यानमालाओं का आयोजन सत्र 2014-15 में किया गया जिसका विवरण निम्नलिखित है।

1. 31 जुलाई, 2014 को प्रो. गंगाधर पण्डा, कुलपति श्री जगन्नाथयूनिवर्सिटी, उड़ीसा के करकमलों द्वारा शारदा

विशिष्ट व्याख्यानमाला का उद्घाटन और परिषद् का प्रथम उपाख्यान "प्राचीनकाले शैक्षणिकशिक्षा तत्वानि"।

2. 5 सितम्बर, 2014 को प्रो. के. सत्यनारायण का "द्वितीयकारिका विचार" व्याकरण संबधित विषय पर विशिष्ट व्याख्यान हुआ।

3. 17 नवम्बर, 2014 को प्रो. श्रीपाद सुब्रह्मण्यम् का शाब्दबोध न्याय पर विशिष्ट व्याख्यान हुआ।

4. 20 फरवरी, 2015 को आर.आर. सोमयजयुलयू (Somayajulu) का मीमांसा शास्त्र पर विशिष्ट व्याख्यान हुआ।

5. 25 फरवरी, 2015 को एन. पुरुषोत्तमशर्मा का ध्वनिशास्त्र पर विशिष्ट व्याख्यान हुआ।

6. 27 फरवरी, 2015 को प्रो. वी. रामकृष्णभट्ट "ब्रह्मसत्य" वेदान्त पर विशिष्ट व्याख्यान हुआ।

7. 16 मार्च, 2015 को प्रो. हरिदासभट्ट का ज्योतिषशास्त्र पर विशिष्ट व्याख्यान हुआ।

वाक्यार्थ परिषद् सत्र 2014-15

प्रथम सत्र 26 अगस्त, 2014
अध्यक्षता-डॉ. एन.आर्. कण्णन्

1.	प्रो. एम.पी. भट्ट	आचार्य	वेदान्त
2.	डॉ. चन्द्रकान्त	सहायक आचार्य	शिक्षाशास्त्र
3.	डॉ. नवीन होल्ला	सहायक आचार्य	न्यायशास्त्र
4.	डॉ. सोमनाथ साहु	सहायक आचार्य	शिक्षाशास्त्र
5.	डॉ. रामकृष्ण	सहायक आचार्य	ज्योतिषशास्त्र

द्वितीय सत्र 24 सितम्बर, 2014
अध्यक्षता- ए.पी. सच्चिदानन्द

1.	डॉ. ईश्वरभट्ट	सहायकाचार्य	ज्योतिषशास्त्र
2.	डॉ. आर्. बालाजी	सहायकाचार्य	शिक्षाशास्त्र
3.	डॉ. हरि प्रसाद	सहायकाचार्य	शिक्षाशास्त्र
4.	डॉ. चन्द्रकला आर्. कोण्डी	सहायकाचार्य	साहित्यशास्त्र
5.	डॉ. सूर्यनारायण भट्ट	सहायकाचार्य	मीमांसा शास्त्र

तृतीय सत्र 28 अक्टूबर, 2014
अध्यक्षता-प्रो. एम.पी. भट्ट

1.	प्रो. के.ई. मधुसूदन	आचार्य	न्यायशास्त्र
2.	डॉ. सी.एस.एस.एन्. मूर्ति	सहआचार्य	व्याकरणशास्त्र
3.	डॉ. राघवेन्द्र भट्ट	सहायकाचार्य	साहित्यशास्त्र
4.	वेंकटेश तातार्य	सहायकाचार्य	मीमांसाशास्त्र
5.	डॉ. श्रीकर जी.एन्.	संविदा प्राध्यापक	वेदान्तशास्त्र

चतुर्थ सत्र 18 नवम्बर, 2014
अध्यक्षता-प्रो. के.ई. मधुसूदन

1.	चन्द्रशेखरभट्ट	सहायकाचार्य	व्याकरणशास्त्र
2.	डॉ. गणेशईश्वरभट्ट	सहायकाचार्य	वेदान्तशास्त्र
3.	डॉ. रामचन्द्र जोइस	सहायकाचार्य	साहित्यशास्त्र
4.	श्री आर. नवीन	संविदा प्राध्यापक	न्यायशास्त्र
5.	डॉ. विनायक रजत भट्ट	संविदा प्राध्यापक	व्याकरणशास्त्र

पंचमसत्र 29 जनवरी, 2015
अध्यक्षता-डॉ. चन्द्रकान्त

1.	डॉ. गणेश पंडित	सहायकाचार्य	व्याकरणशास्त्र
2.	डॉ. के. विनयकुमार	संविदा प्राध्यापक	साहित्यशास्त्र
3.	डॉ. प्रमोदभट्ट	सहायकाचार्य	व्याकरणशास्त्र
4.	डॉ. मुरलीकृष्ण	संविदा प्राध्यापक	ज्योतिषशास्त्र

षष्ठ सत्र-25 फरवरी, 2015
अध्यक्षता-डॉ. ईश्वरभट्ट

1.	प्रो. ए.पी. सच्चिदानन्द	आचार्य	शिक्षाशास्त्र
2.	डॉ. के. पद्मनामम्	सहायकाचार्य	शिक्षाशास्त्र
3.	डॉ. वेंकटरमण भट्ट	सहायकाचार्य	शिक्षाशास्त्र
4.	श्री श्यामसुन्दर भट्ट	सहायकाचार्य	न्यायशास्त्र
5.	श्री गणपति वी. हेगड़े	संविदा प्राध्यापक	वेदान्तशास्त्र
6.	डॉ. श्रीनिवासमूर्ति	सहायकाचार्य	साहित्यशास्त्र

परिसरीय अन्य गतिविधियाँ

1. संस्कृतोत्सव-इस परिसर में 14 अगस्त, 2014 को संस्कृतोत्सव का आयोजन किया गया। डॉ. सुरेश आचार्य जी ने जिसका उद्घाटन संस्कृत महापाठशाला के प्राचार्य के करकमलों द्वारा हुआ और उन्होंने संस्कृत के महत्त्व पर भाषण दिया। परिसर प्राचार्य डॉ. एन्.आर्. कण्णन् जी ने अध्यक्षता की। संस्कृत समारोह में अन्य स्कूलों के अनेक छात्र-छात्राओं ने परिसर द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता की।

2. स्वतन्त्रता दिवस- 15 अगस्त 2014 को परिसर में

स्वतन्त्रता दिवस का आयोजन हुआ। परिसर-प्राचार्य डॉ. एन्. आर. कण्णन् द्वारा झंडारोहन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों, छात्र-छात्राओं ने स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में भाषण दिए तथा बाद में छात्रों द्वारा देशप्रेम से सम्बन्धित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

शिक्षक दिवस समारोह - 05 सितम्बर, 2014 को शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। पेरड्डूर हाईस्कूल के संस्कृत और हिन्दी अध्यापक श्री जनार्दन और श्रीमती यशोदा जी मुख्याध्यापिका गवर्नमेण्ट हाईस्कूल कोपा को सम्मानित किया गया। दोपहर के सत्र में छात्र-छात्राओं के द्वारा अध्यापकों के लिए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

हिन्दी दिवस समारोह–23 सितम्बर 2014 को हिन्दी दिवस मनाया गया। बंगलोर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष प्रो. प्रभाशंकर प्रेमी ने "ब्रिटिश शासनकाल में राष्ट्र की सुरक्षा" विषय पर व्याख्यान दिया। परिसर में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और उनके करकमलों द्वारा हिन्दी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

स्वच्छ भारत अभियान -शृंगेरी परिसर में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार 02 अक्टूबर 2014 को प्राचार्य एन.आर. कण्णन् के मार्गदर्शन में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्रों ने मिलकर परिसर में स्वच्छता को बढावा दिया।

शिक्षाशास्त्र विभाग - राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के पाठ्यक्रम के अनुसार शृंगेरी में शिक्षाशास्त्र के छात्रों के लिए तीन दिन का 20 अक्टूबर 2014 से 22 अक्टूबर 2014 तक कार्यानुभव पाठ्यक्रम का आरम्भ किया गया। इस कार्यक्रम वे लिए सुयोग्य अध्यापकों के द्वारा भिन्न-भिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रो. ए.पी. सच्चिदानन्द विभागाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र विभाग इस प्रोग्राम के समन्वयक रहे।

राष्ट्रिय एकता दिवस - स्वर्गीय लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के उपलक्ष्य में एकता दिवस मनाया गया। परिसर के सभी अध्यापकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

कन्नड राज्योत्सव- कन्नड राज्योत्सव समारोह का आयोजन परिसर में नवम्बर 2014 को मनाया गया। इस समारोह का उद्घाटन प्रसिद्ध कन्नड विद्वान् प्रो. चन्द्रशेखर केडिलया के करकमलों द्वारा हुआ और उन्होंने कन्नड में भाषण भी दिया इस समारोह पर कई सांस्कृतिक प्रोग्रामों का आयोजन किया गया जिसमें कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

युवमहोत्सव- शृंगेरी परिसर में दिनांक 20.12.2014 से 23.12.2014 तक अन्त: परिसरीय युवा महोत्सव आयोजित किया गया। जबकि शृंगेरी जैसी जैसे गांव के लिए इतना बड़ा युवमहोत्सव असंभव जैसा लगता था परन्तु बहुत अच्छा आयोजन हुआ। हर एक व्यक्ति ने इसके परिश्रम किया और परिसर ने विजयवैजयन्ती पुरस्कार प्राप्त किया।

गणतन्त्र दिवस- 26 जनवरी, 2015 को परिसर में गणतन्त्र दिवस का आयोजन हुआ। परिसर प्राचार्य डॉ. एन्. आर्. कण्णन् द्वारा झंडारोहण किया गया। शिक्षकों तथा अन्य कर्मचारियों ने इस समारोह में भाग लिया। इस अवसर परिसर के छात्र छात्राओं के द्वारा देश प्रेम से संवधि कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

मुक्तस्वाध्यायपीठ- इस केन्द्र के समन्वयक डॉ. चन्द्रकान्त है और डॉ. सोमनाथ साहु सहायक आचार्य है। सत्र 2014-15 में 20 छात्रों ने प्रवेश लिया। मुक्तस्वाध्यायपीठ में व्याकरण, साहित्य, फलित, ज्योतिष, प्राक्शास्त्री सेतु, प्राक्शास्त्री, शास्त्री सेतु, शास्त्री, आचार्य सेतु तथा आचार्य की परीक्षाएँ हर वर्ष होती है। छात्रों की सहायता के लिए परीक्षा के पूर्व पांच बार वर्ष में सम्पर्क कक्षाओं का आयोजन किया जाता है। परिसर के मुक्तस्वाध्याय केन्द्र को संचालित करने के लिए आर्थिक सहायता राष्ट्रिय संस्थान प्रदान करता है।

शोध संगोष्ठी- परिसर में शोध छात्रों के लिए 6 अप्रैल 2015 से कक्षाएँ प्रारम्भ की गई है। डॉ. सी.एस्.एन्. मूर्ति (सह आचार्य) इस कार्य के संयोजक है इस वर्ष बीस शोध छात्रों ने प्रवेश लिया है।

परिसर का विस्तार- राजीव गाँधी परिसर के मुख्य भवन के विस्तार के लिए तथा होस्टल के लिए प्राचार्य डॉ. एन्. आर्. कण्णन् ने प्रयास करके आठ करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत कराया है।

पुनश्चर्या पाठ्यक्रम और अभिविन्यास पाठ्यक्रम– डॉ. वेंकटेशताताचार्य जी ने अगस्त 2014 को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रक में सहभागिता ली।

4.2.8 वेद व्यास परिसर, बलाहार (हिमाचल प्रदेश)

परिसर-परिचय

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, जो भारत सरकार मानव संसाधन विकास मन्त्रालय के अधीन संचालित एक स्वायत संस्था है उसका एक परिसर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ नाम से 16.09.1997 को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के गरली ग्राम में भारत की स्वर्णिम जयन्ती के अवसर पर स्थापित हुआ। वर्ष 2002 में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के सम विश्वविद्यालय बनने से लेकर यह परिसर राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान समविश्व-विद्यालय वेदव्यास परिसर के नाम से नामित है।

वेद व्यास परिसर राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के स्वप्न एवं लक्ष्य को वास्तविकता में परिणत करने में सतत प्रगतिशील है। परिसर के लक्ष्य एवं उद्देश्य संस्कृत भाषा एवं उसके विविध शास्त्रीय परम्परा का परिरक्षण करना है। परिसर व्याकरण, ज्योतिष, साहित्य एवं अद्वैत वेदान्त दर्शन विषयों में प्राक्शास्त्री, शास्त्री तथा आचार्य पाठ्यक्रमों को संचालित कर रहा है। उपर्युक्त विषयों में विद्यावारिधि (पी.एच.डी.) उपाधि के लिए शोध भी प्रगति पर है। इसके अलावा संगणक विज्ञान, पर्यावरण, हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास एवं अर्थशास्त्र आदि आधुनिक विषयों को भी स्नातक स्तर तक पढ़ाया जाता है। यह उल्लेखनीय है कि एक ग्रामीण क्षेत्र में संचालित होने से परिसर के विकास एवं संस्कृत भाषा के प्रचार हेतु अधिक सम्भावना है। हिमाचल प्रदेश के लोग अत्यन्त नम्र और उदार प्रकृति के होते हैं तथा धार्मिक परम्पराओं एवं भारतीय संस्कृति में विश्वास रखते हैं। यह परिसर समीपस्थ जन समुदायों को संस्कृत से जोड़ने के लिए प्रयासरत हैं। इस दिशा में परिसर के छात्रों एवं अध्यापकों का योगदान उल्लेखनीय है।

परिसर की अवस्थिति

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, समविश्वविद्यालय, वेदव्यास परिसर हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में देहरा के पास बलाहर नामक एक लघु ग्राम में व्यास नदी के तट में अवस्थित है। इस परिसर के आस-पास के क्षेत्रों में प्रसिद्ध देवी-देवताओं के मन्दिर चिन्तपूर्णी, ज्वालाजी एवं कालेश्वर महादेव अवस्थित हैं।

उपलब्ध पाठ्यक्रम

नियमित पाठ्यक्रम :-

परिसर में निम्नलिखित नियमित पाठ्यक्रम परिचालित हैं-

क्र.सं.	कक्षा का नाम	अवधि	समकक्ष	विषय (शास्त्रीय)	विषय (आधुनिक)
1.	प्राक्शास्त्री	2 वर्ष	बारहवीं	फलित ज्योतिष, साहित्य, व्याकरण, दर्शन	हिन्दी, अंग्रेजी, संगणक विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र, शारीरिक शिक्षा
2.	शास्त्री	3 वर्ष	बी.ए.	फलित ज्योतिष, साहित्य, व्याकरण, वेदान्त	हिन्दी, अंग्रेजी, संगणक विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, पर्यावरण
3.	आचार्य	2 वर्ष	एम.ए.	फलित ज्योतिष, साहित्य, व्याकरण, वेदान्त	

4.	विद्यावारिधि	2 वर्ष	पीएच.डी	फलित ज्योतिष, साहित्य, व्याकरण, वेदान्त
5.	शिक्षा-शास्त्री	1 वर्ष	बी.एड.	

दूरस्थ पाठ्यक्रम :-

परिसर में मुक्तस्वाध्यायपीठ के स्वाध्याय केन्द्र द्वारा निम्नलिखित पाठ्यक्रम पत्राचार माध्यम से संचालित है।

क्र.सं.	कक्षा का नाम	अवधि	विषय (शास्त्रीय)	विषय (आधुनिक)
1.	प्राक्शास्त्री	2 वर्ष	फलित ज्योतिष, साहित्य, व्याकरण	इतिहास, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र
2.	शास्त्री	3 वर्ष	फलित ज्योतिष, साहित्य, व्याकरण	इतिहास, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र
3.	आचार्य	2 वर्ष	फलित ज्योतिष, साहित्य, व्याकरण	
4.	प्राक्शास्त्री सेतु (संस्कृतावतरणी)	6 माह	सामान्य संस्कृत	
5.	शास्त्री सेतु (संस्कृतावगाहनी)	1 वर्ष	फलित ज्योतिष, साहित्य, व्याकरण	
6.	आचार्य सेतु (शास्त्रावगाहनी)	1 वर्ष	फलित ज्योतिष, साहित्य, व्याकरण	

अनौपचारिक पाठ्यक्रम :-

उपर्युक्त नियमित एवं पत्राचार व दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम के अलावा परिसर में अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्र के माध्यम से सरल संस्कृत सम्भाषण शिक्षण कक्षाएँ भी 2 भागों में संचालित हैं। 1. प्रथम दीक्षा, 2. द्वितीया दीक्षा।

पाठ्येतर गतिविधियाँ -

अध्ययनारम्भ दिवस - (07-07-2014)

प्रागपुर पंचायत के पूर्व प्रधान श्री देवराज तथा वर्तमान प्रधान श्री रूपेन्द्र सिंह डैनी एवं प्रागपुर स्थित सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया के शाखा प्रबन्धक श्री अजय सिंगला के वक्तव्यों के साथ सत्रीय अध्ययन का औपचारिक उद्घाटन हुआ।

शोधप्रविधि एवं पाण्डुलिपिविज्ञान कार्यशाला

विश्वविद्यालयानुदानायोग के शोध नियमों के अनुसार परिसर में नवप्रविष्ट शोध छात्रों के लिये कार्यशाला का आयोजन दिनांक 10 जुलाई 2014 से 30 जुलाई 2014 तक हुआ।

वाग्वर्धिनी परिषद का प्रारम्भ एवं अन्य परिषदों का परिचय

भावव्यक्तीकरण सभी प्रकार के विकास के लिये अनिवार्य साधन है। छात्रों में इस प्रवृत्ति को जगाने तथा विकास हेतु वाग्वर्धिनी एवं अन्य परिषदों की परिकल्पना विगत वर्ष की गयी। दिनांक 06-08-2014 को इन सत्रीय परिषदों का औपचारिक उद्घाटन किया गया।

नवप्रविष्ट छात्रों के सुविधा हेतु इस अवसर पर सभी विभागों का परिचय तत्तद् विभागाध्यक्ष प्रस्तुत किये।

संस्कृत सप्ताह

भारत सर्वकार के आदेशानुसार हर वर्ष श्रावणपूर्णिमा को संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाता है तथा प्राप्त निर्देशों के अनुरूप संस्कृत सप्ताह का भी आयोजन इस सन्दर्भ में किया जाता है। इस सत्र में दिनांक 08-08-2014 से 14-08-2014 तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। इस सन्दर्भ में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

- उद्घाटन सत्र के मुख्यातिथि आचार्य ओमप्रकाश उपाध्याय, कुलपति, गुरु रविदास आयुर्वेद विश्वविद्यालय, होशियारपुर रहे।
- समापन सत्र की मुख्यातिथि नलेटी स्थित केन्द्रीय विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती उषा भाटिया रही।

बालचर प्रशिक्षण (02-09-2014 से 08-09-2014)

शिक्षाशास्त्र के अन्तर्गत बालचर प्रशिक्षण (बेसिक स्काउट मास्टर/गाईड कैप्टेन प्रशिक्षण) शिविर का आयोजन इस वर्ष परिसर में ही सम्पन्न हुआ। दूरवर्ती स्थानों से प्रविष्ट छात्रों की सुविधाओं तथा भौगोलिक परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए परिसर प्रांगण में विशेष व्यवस्थाओं की परिकल्पना की गई।

शिक्षक दिवस

स्वर्गीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारत सरकार के द्वारा हर वर्ष मनाये जाने वाला शिक्षक दिवस परिसर में भी श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परिसर में स्काउट प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 132 छात्राध्यापक तथा छात्राध्यापिकाओं की विशेष सहभागिता रही।

हिन्दी पखवाड़ा (15-09-2014 से 29-09-2014)

विभिन्न भाषाओं से समृद्ध भारत वर्ष की विशेषता है अनेकता में एकता। संस्थान के परिसरों में कार्यरत कर्मचारी, अध्यापक तथा छात्र/छात्राएं प्राय: विभिन्न भाषाओं से तथा विभिन्न राज्यों से सम्बद्ध रखते हैं। इस प्रकार के स्थान में एक सामान्य भाषा का प्रचलन सौहार्दपूर्ण वातावरण को अवश्य ही बनाता है। सरकार के प्रयासों के तथा निर्देशों के अनुरूप परिसर में भी हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया।

- हिन्दी को सार्वजानिक बनाने का दायित्व प्रशासन पर रहता है। स्थानीय प्रशासन को परिसरस्थ गतिविधियों से अवगत कराना भी परिसर संचालन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। हिन्दी पखवाड़ा के उद्घाटन कार्यक्रम में दिनांक 15-09-2014 को मुख्यातिथि के रूप में देहरा उपमण्डल के उपमण्डलाधिकारी श्री विनय कुमार उपस्थित रहे।
- हर प्रकार की सुरक्षा उपलब्ध कराने पर ही शिक्षा संस्थाओं का मुख्य उद्देश्य पूरा हो सकता है। आन्तरिक सुरक्षा का दायित्व यद्यपि प्रशासन का होता है तथापि आगन्तुक, कर्मचारी, छात्र/छात्राओं को विशेष सुरक्षा प्रदान करने का दायित्व स्थानीय प्रशासन का होता है। समापन सत्र में पुरस्कार वितरण हेतु तथा सुरक्षा से सम्बन्धित विशिष्ट व्याख्यान हेतु देहरा उपमण्डल की उपाधीक्षक श्रीमती रेणु शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

स्थापना दिवस

परिसर का अठ्ठारहवाँ स्थापना दिवस प्रेरणा तथा संकल्प दिवस के रूप में दिनांक 16-09-2014 को मनाया गया। ध्यातव्य है कि इस परिसर की स्थापना सितम्बर 16 सन् 1997 को हुई थी।

- मुख्यातिथि - श्री मुनीश कुमार, विकास खण्ड अधिकारी, प्रागपुर
- विशिष्टातिथि - श्री रूपेन्द्रसिंह डैनी, प्रधान, प्रागपुर

अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष शोध संगोष्ठी (18-10-2014 से 19-10-2014 तक)

ज्योतिष विभाग द्वारा संचालित ज्योतिष परियोजना के तत्त्वावधान में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस गोष्ठी में विभिन्न देशों के 15 विदेशी विशेषज्ञ तथा स्थानीय विषय विशेषज्ञ तथा अभिरूचि रखने वाले छात्र/छात्राएँ भाग लिए। इस गोष्ठी में लगभग 25 शोधपत्रों का वाचन हुआ। कर्म, पुनर्जन्म तथा सृष्टि पर आधारित इस गोष्ठी का मुख्य आकर्षण विशेष परिचर्चा सत्र रहा।

राष्ट्रीय एकता दिवस

भारत के प्रथम गृहमन्त्री तथा लौह पुरुष स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। परिसर के वरिष्ठ शैक्षिक अधिकारी डॉ. अशोक चन्द्र गौड़ और सभी उपस्थित लोगों को एकता की शपथ दिलायी। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर प्राचार्य आचार्य लक्ष्मी निवास पाण्डेय ने की।

एक दिवसीय संस्कृत सम्मेलन (01-11-2014)

परिसर के संस्कृत प्रचार मंच के संयोजन में एक दिवसीय संस्कृत सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि संस्कृत भारती के प्रान्त संयोजक श्री नरेन्द्र रहे। सम्मेलन में मंच के संयोजक डॉ. गणेश शंकर विद्यार्थी, सहसंयोजक वासु मोहन ने अपने वक्तव्य दिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर प्राचार्य ने की।

दस दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर (27-10-2014 से 05-11-2014 तक)

संस्कृत प्रचार मंच के द्वारा दिनांक 27 अक्टूबर से दिनांक 05 नवम्बर तक सम्भाषण शिविर का आयोजन किया गया।

छात्र संसद (17-11-2014)

अन्तर्राष्ट्रीय छात्र दिवस के उपलक्ष्य में "शिक्षित भारत सक्षम भारत - सभी को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा" शीर्षक पर छात्र संसद का आयोजन दिनांक 17-11-2014 को अपराह्न में हुआ। परिचर्चा के उपरान्त प्रतिवेदन निर्देशों के अनुरूप मुख्यालय भेजा गया।

युवा महोत्सव (20-12-2014 से 23-12-2014)

कर्णाटक के श्रृंगेरी परिसर में आयोजित युवा महोत्सव में परिसर के छात्रों की उपलब्धियों का विवरण इस प्रकार है–

- कुश्ती में चार स्वर्ण पदक एवं एक रजत पदक
- योग, बैडमिण्टन तथा कबड्डी में एक एक स्वर्ण पदक
- शैक्षिक प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक
- अन्य प्रतियोगिताओं में तीन रजत तथा पांच कांस्य पदक
- कुल पदक स्वर्ण-10, रजत-4, कांस्य-5
- कुल पदकों की संख्या-19
- उपलब्धियों के क्रम में सभी परिसरों में वेदव्यास परिसर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

राज्यस्तरीय प्रतियोगिता (24 से 25-01-2015)

53वाँ अखिल भारतीय संस्कृत भाषण स्पर्धा में भाग लेने हेतु राज्य स्तर के प्रतिनिधियों का चयन करने की प्रक्रिया दिनांक 24 तथा 25 जनवरी को की गई।

इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में–

- आचार्य हरेराम त्रिपाठी, लाल बहादुर शास्त्री, राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नव देहली
- आचार्य सच्चिदानन्द तिवारी, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नव देहली
- डॉ. विनोद शर्मा, लाल बहादुर शास्त्री, राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नव देहली उपस्थित रहे। इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए कुल 14 छात्र छात्राओं का चयन हुआ।

प्रेरणा पक्ष

स्वामी विवेकानन्द तथा सुभाष चन्द्र बोस के जयन्ती के उपलक्ष्य में तथा शहीद दिवस की संस्मृति में परिसर में "प्रेरणा पखवाड़ा" मनाया गया। इस अवसर पर सभी कक्षाओं के छात्रों को विभिन्न वर्गों में विभक्त कर स्वच्छता, वृक्षारोपण, शैक्षिक शारीरिक आध्यात्मिक आदि विकासों के लिए प्रस्ताव निर्माण आदि का दायित्व दिया गया था। इस अवसर पर दिनांक 23-01-2015 को 30 वृक्षों का आरोपण किया गया। यह कार्यक्रम प्रागपुर में स्थित सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया के सौजन्य से किया गया। दस दस के भागों में विभक्त इस वृक्षवाटिका में तीनों युगपुरुषों की सूक्तियों को प्रदर्शित करने का प्रस्ताव है।

वसन्तोत्सव (04-02-2015 से 07-02-2015)

संस्थान के द्वारा नवदेहली में आयोजित वसन्तोत्सव में परिसर के छात्रों द्वारा बाल रामायण के पहले तीन अंको का मंचन किया गया। नाटक के निर्देशक डॉ. मनोज श्रीमाल, सह निर्देश श्री पुरुषोत्तम, डॉ. राधावल्लभ शर्मा, श्रीमती प्रीति शर्मा एवं श्री श्रीनाथधर द्विवेदी के मार्गदर्शन में छात्रों ने नाटक का सफल मंचन किया।

द्वितीय ज्योतिष शोध संगोष्ठी (14-02-2015)

ज्योतिष परियोजना तथा ज्योतिष विभाग में संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय शोध संगोष्ठी दिनांक 14-02-2015 को सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में भौतिक विज्ञान के विशेषज्ञ श्री अनुराग सूद तथा श्री सुरजीत ठाकुर उपस्थित रहें। इस शोध संगोष्ठी का मुख्य विषय "मानव पर ग्रहों के प्रकाश के माध्यम से प्रभाव" पर विभागीय शोधछात्र, अध्यापकों तथा छात्रों को अवगत कराने के पश्चात् परिचर्चा का आयोजन किया गया।

दर्शन शास्त्र संगोष्ठी (16-02-2015)

दिनांक 16-02-2015 को परिसर में एक दिवसीय दर्शन शास्त्र संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में साधु आश्रम से आचार्य नरसिंह चरण पण्डा, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ से आचार्य अनन्ताचार्य एवं डॉ. प्रभाकर प्रसाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अशोक चन्द्र गौड़ शास्त्री रहे।

व्याकरणशास्त्रे निपातार्थनिर्णय: (09-02-2015)

परिसर के व्याकरण विभाग के द्वारा आयोजित एक दिवसीय व्याकरण संगोष्ठी का संयोजन उपाचार्य डॉ. अशोक चन्द्र गौड़ शास्त्री ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भोपाल परिसर के आचार्य सुबोध शर्मा तथा जयपुर परिसर के आचार्य श्रीधर मिश्र उपस्थित रहे।

नाट्यशास्त्रोक्त कर्णाङ्गहाराणां प्रायोगिक पक्ष (19-03-2015)

परिसरस्थ साहित्य विभाग एवं कलारञ्जनी परिषद तथा महिला अध्ययन केन्द्र के द्वारा दिनांक 19-03-2015 को संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पत्र वाचन के साथ-साथ पुरी से पधारें कलाकारों श्री नारायण पाण्डेय, सुश्री रोजालिन माहान्ति, सुश्री सन्दीप्ता साहू, सुश्री नन्दिता प्रियदर्शिनी ने प्रायोगिक पक्ष प्रस्तुत किया। दिनांक 20-03-2015 को उक्त कलाकारों के साथ परिषद एवं केन्द्र के सदस्यों का जीवन्त अन्त:क्रियात्मक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

स्थानीय शोध समिति की बैठक

इस सत्र में स्थानीय शोध समिति की बैठक दो बार सम्पन्न हुई।

1. दिनांक 28-10-2014 को सम्पन्न बैठक में 31 शोध-संक्षिप्तिकाओं पर किये गए विचारानुरूप प्रस्तावों को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।
2. दिनांक 17-02-2015 को समिति की दूसरी बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में आचार्य अभिराज राजेन्द्र मिश्र तथा आचार्य नरसिंह चरण पण्डा बाह्य विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। इस बैठक में पूर्व में निरस्त किये गये शोध शीर्षकों के सन्दर्भ में तथा प्रस्तुत नूतन प्रारूपों पर विचार विमर्श के उपरान्त अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

अन्य स्मरणीय गतिविधियाँ

छात्र सहभागिता/उपलब्धियाँ

छात्र विकास कार्य :-

क. शिक्षणेत्तर गतिविधियों के माध्यम से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरन्तर निम्नलिखित कार्यक्रम सायं काल में चलाए जाते हैं इन गतिविधियों के लिए हर एक के लिए विभिन्न अध्यापक, अध्यक्ष एवं संयोजक के रूप में मार्गदर्शन देते हैं तथा एक छात्र एवं एक छात्रा प्रतिनिधि इसका संचालन करते हैं।–

सोमवार एवं मंगलवार - विभागश: शास्त्र प्रबोधन कार्य एवं परामर्श।

बुधवार - हर महीने के प्रथम एवं तृतीय विभागश: तथा द्वितीय एवं चतुर्थ सामूहिक वाग्वर्धिनी परिषद् द्वारा शास्त्रीय भाषण का अभ्यास।

गुरुवार एवं शुक्रवार - स्वास्थ्य क्लब, पर्यावरण क्लब, मीडिया क्लब, संस्कृत प्रचार मञ्च, कलारञ्जनी, छात्र परामर्श केन्द्र के कार्यक्रम।

प्रत्येक गुरुवार - शोध परिषद्

ख. छात्रावास - किराए पर दो छात्रावासों को लिया गया है। पुरुष छात्रावास प्रागपुर में 67 छात्र, अधिष्ठाता-मनोज श्रीमाल, श्री पुरुषोत्तम, महिला छात्रावास नगरोटा में 78 छात्राएँ, अधिष्ठात्री सुश्री. मीना तथा श्रीमती श्रद्धाजंलि

महापात्र।

ग. परिसरीय बस व्यवस्था - प्रतिदिन 3 चक्कर लगाकर नगरोटा, गरली प्रागपुर से छात्रों के गमनागमन व्यवस्था संयोजक डॉ. पी.वी.बी. सुब्रह्मण्यम् के पर्यवेक्षण में होता है।

घ. कैन्टीन - **"अन्नपूर्णा मन्दिर"**-कैण्टीन में अध्ययनार्थी छात्रों के लिए स्वास्थ्यकर एवं पौष्टिक भोजन न्यून मूल्य पर उपलब्ध कराया जाता है।

अन्तःमहाविद्यालयीय संस्कृतसम्भाषणादि प्रतियोगिता (13-03-2015)

पंजाब विश्वविद्यालय के अन्तर्गत होशियारपुरस्थ विश्वेश्वरानन्द विश्वबन्धु संस्कृत एवं भारतभारती अनुशीलन संस्थान, होशियारपुर के छात्र परिषद द्वारा संचालित संस्कृत सम्भाषण प्रतियोगिता में परिसर के निम्नलिखित छात्र भाग लिये तथा कई पुरस्कार प्राप्त किये। इस स्पर्धा में परिसर के छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर भाषण तथा श्लोकोच्चारण में चल विजयोपहार प्राप्त हुए।

1. भाषण - राधा शर्मा - तृतीय
2. भाषण - बलवीर सिंह - द्वितीय
3. श्लोकोच्चारण - दीपेन्द्र गौतम - द्वितीय
4. श्लोकोच्चारण - गौरव शर्मा - द्वितीय
5. वेदमन्त्रपाठ - पद्मराज रेग्मी - द्वितीय
6. पुराण प्रश्नोत्तरी - अमरजीत, सौरभ शर्मा - द्वितीय

ग्लोरी फेस्टीवल

11 जनवरी 2015 से 15 जनवरी 2015 तक ओडिशा राज्य स्थित पुरी नगरी में नेशनल यूथ इन्टीग्रेटेड सेन्टर द्वारा आयोजित राष्ट्र स्तरीय अन्तर्महाविद्यालयविश्वविद्यालय सांस्कृतिक उत्सव 19वें ग्लोरी फेस्ट में परिसर में कार्यरत अनुबन्धित आंग्ल अध्यापक डॉ. गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में 09 छात्र भाग लिये तथा कई पुरस्कार प्राप्त किये।

1. लाईट इन्स्ट्रुमेन्टल - गौरव शर्मा - प्रथम
2. लोक नृत्य - करुण कुमार - द्वितीय
3. लोक नृत्य - शिवा कुमारी - द्वितीय
4. लोक नृत्य - ज्योति ठाकुर - द्वितीय
5. लोक नृत्य - नीलम कुमारी - द्वितीय
6. लोक नृत्य - राधा शर्मा - द्वितीय
7. एकपात्राभिनय - सोनाली - द्वितीय
8. एकल गीत - साहिल शर्मा - तृतीय

अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिभागिता

शास्त्री तृतीय वर्ष के छात्र शुभम् आर्य के चिल्ली में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में भाग लिया तथा रिथमिक योग एवं एस्थटिक योग में दो स्वर्ण पदक प्राप्त किए।

मकरसंक्रमण यज्ञ

अन्य सामाजिक संस्थाओं के साथ कार्यक्रमों का आयोजन तथा कार्यक्रम में सहभागिता छात्रों में सामाजिक दायित्व निर्वहण करने का अनुभव तथा सामाजिक ज्ञान को बढ़ाने में मदद करते हैं। साथ ही इस प्रकार के कार्यो से व्यावहारिक ज्ञान भी बढ़ता है। इसी सिलसिले में कांगड़ा जनपद के साई सेवा समिति के आग्रह पर दिनांक 14-01-2015 को परिसर के 108 छात्र यज्ञ में आचार्य तथा ऋत्विक के रूप योगदान किये। परिसर में प्रस्तावित कर्मकाण्ड विभाग के मद्देनजर तथा देश विदेश में वैदिक कार्य सम्पादक तथा परामर्शक के रूप में उपलब्ध अनेक अवसरों का समुचित लाभ लेने के लिए इस प्रकार के कार्य उपयुक्त होंगे। इसी सन्दर्भ में छात्रों से भी कर्मकाण्ड में कार्यशालाओं के आयोजन की मांग प्राप्त हुई है। इस सत्र में विभिन्न कारणों से कार्यशाला का आयोजन नहीं हो सका। अग्रिम सत्र में कर्मकाण्ड में प्रशिक्षण को आजीविका की दृष्टि से बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा।

अन्य सहभागितायें

1. राधाकृष्ण मन्दिर, देहरा में आयोजित भजन प्रतियोगिता में श्री नरेश शर्मा तथा श्री अमित वालिया के मार्गदर्शन में भाग ग्रहण।
2. पुलिस विभाग द्वारा आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत लोरेट कालेज, कथोग में आयोजित प्रतियोगिता में श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में भाग ग्रहण।
3. स्थानीय कबड्डी प्रतियोगिता में परिसर विजेता।
4. कुरुक्षेत्र में अन्तर्विश्वविद्यालयीय कुश्ती एवं योग स्पर्धा में भागग्रहण।

5. अगरतला में अन्त:संस्कृतविश्वविद्यालय युवा महोत्सव में भागग्रहण।
6. जिला संस्कृत सम्मेलन कांगड़ा में 08 एवं 09 नवम्बर, 2014 को 50 छात्रों को भाग ग्रहण।
7. हिमाचल प्रदेश के कई जिलों हेतु आयोजित 10 दिवसीय आवासीय संस्कृत भाषा बोधन वर्ग पपरोला में 30 दिसम्बर से 10 जनवरी 2015 तक परिसर के छात्रों ने भाग लिया तथा प्राध्यापक वैद्य सुब्रह्मण्यन् जी ने अध्यापन कार्य किया।
8. परिसर में 13 मार्च, 2015 को आयोजित रक्तदान शिविर में 85 सदस्यों ने रक्तदान किया।

रोजगार समाचार (आजीविका प्राप्ति)

इस परिसर से शास्त्री तथा आचार्य करने के उपरान्त वर्तमान सत्र में कई छात्र हिमाचल माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा शास्त्री अध्यापक नियुक्त किये गये-

1. अमन सिंह - परिसर में शोधकार्यरत तथा परिसर से ही शास्त्री और आचार्य उपाधि प्राप्त।
2. यतीश शर्मा - परिसर में आचार्य कक्षा में अध्ययनरत तथा इसी परिसर से शास्त्री उपाधि प्राप्त।
3. कैलाश शर्मा - परिसर से आचार्य उपाधि प्राप्त।
4. अमन शारदा - परिसर से शास्त्री तथा आचार्य उपाधि प्राप्त।
5. प्रतिभा - परिसर से आचार्य कक्षा में अध्ययनरत।
6. गंगा देवी - परिसर में आचार्य कक्षा में अध्ययनरत।

विभिन्न केन्द्रों की गतिविधियाँ

ज्योतिष परियोजना

परिसर में इस सत्र में डॉ.पी.वी.बी. सुब्रह्मण्यम् के निर्देशकत्व में ज्योतिष परियोजना "आधुनिक विज्ञान की दिशा में ज्योतिष में अनुसन्धान के परिप्रेक्ष्य" का शुभारम्भ अगस्त 2014 में हुआ। इस परियोजना में निम्नलिखित सदस्य कार्यरत हैं-

1. श्री महिन्द्र कुमार - परियोजना सहायक
2. श्री अभिषेक शर्मा - परियोजना सहायक
3. कुमारी सुषमा - परियोजना सहायक

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/उत्तरित पत्रों की संख्या :

प्रार्थना-पत्र प्राप्त	- 03
उत्तर प्रेषित	- 03

4.2.9 भोपाल परिसर, भोपाल (मध्य प्रदेश)

1. परिसर-परिचय

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के भोपाल परिसर की स्थापना वर्ष 2002 में मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में हुई थी। मध्यप्रदेश के तत्कालीन महामहिम राज्यपाल भाई महावीर जी ने 16 सितम्बर, 2002 को इसका औपचारिक शुभारम्भ किया था। इस परिसर के विकास हेतु मध्यप्रदेश शासन ने बागसेवनिया में 10 एकड़ भूमि निःशुल्क प्रदान की है, जिस पर शैक्षिक, प्राशासनिक, पुस्तकालय एवं प्रेक्षागार निर्माण हेतु तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री माननीय श्री अर्जुन सिंह जी ने 19 सितम्बर, 2005 को शिलान्यास किया था। अब वह भवन निर्मित हो चुका है, अतः मई 2010 से परिसर की सभी शैक्षिक गतिविधियाँ इस नवनिर्मित अपने भवन में प्रारम्भ हो गई हैं। परिसर में शैक्षिक एवं प्राशासनिक, मुक्ताकाश मंच, पुरुष छात्रावास, महिला छात्रावास, अतिथि गृह एवं आवासीय भवन निर्मित हो चुका है।

2. परिसर की स्थिति

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मानित विश्वविद्यालय)

भोपाल परिसर, संस्कृत मार्ग, बागसेवनिया,

भोपाल-462 043, म.प्र.

दूरभाष 0755-2418043, दूरप्रेष्य 0755-2418003

ईमेल : rsks_bhopal@yahoo.com

वेव साइट : www.rsksbhopal.ac.in

3. पाठ्यक्रम

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के भोपाल परिसर में पाठ्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षण, प्रशिक्षण एवं शोध के तीन विभाग संचालित हैं। शिक्षण विभाग में प्राक्शास्त्री (10+2), शास्त्री (B.A.) एवं आचार्य (M.A.) की कक्षाओं का अध्यापन होता है। जिनमें साहित्यशास्त्र, व्याकरणशास्त्र एवं ज्योतिषशास्त्र (सिद्धान्त एवं फलित), जैन दर्शन के साथ हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र, इतिहास, कम्प्यूटर विज्ञान एवं पर्यावरण की शिक्षा दी जाती है। प्रशिक्षण विभाग में शिक्षाशास्त्र (B.Ed.) तथा शिक्षाचार्य (M.Ed.) का पाठ्यक्रम संचालित है। शोध विभाग में साहित्यशास्त्र, व्याकरणशास्त्र, ज्योतिषशास्त्र (सिद्धान्त एवं फलित), शिक्षाशास्त्र एवं संस्कृत विद्या की अन्य धाराओं में विद्यावारिधि (Ph.D.) उपाधि हेतु शोध छात्र अनुसंधान करते हैं। इसके अतिरिक्त परिसर में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के मुक्तस्वाध्यायपीठम् का स्वाध्याय केन्द्र भी सञ्चालित है। इसके अतिरिक्त परिसर में 3 महीने के अनौपचारिक शिक्षण केन्द्रों का सञ्चालन होता है।

पाठ्य सहगामी गतिविधियाँ

- **संविद्-विकास-परिषद् –** विद्यार्थियों की वाक्क्षमता, शास्त्रीय पाण्डित्य एवं प्रतिपादन सामर्थ्य के विकास के लिए परिसर में प्रति शुक्रवार संविद्-विकास-परिषद् का आयोजन होता है, जिनमें विद्यार्थी साहित्य, व्याकरण, ज्योतिष, शिक्षाशास्त्र एवं अन्य सम्बन्धित प्राच्यविद्याओं के अधीन गहन सिद्धान्तों की चर्चा एवं व्याख्या करते हैं।
- **शास्त्रमीमांसा समिति –** शास्त्र चर्चा के माध्यम से प्राध्यापकों में शास्त्रीय तेजस्विता के विकास के लिये शास्त्रमीमांसा समिति का संघटन किया गया है। शिक्षकों के संकल्पानुसार प्रतिमास आरम्भिक शुक्रवार को शास्त्र-मीमांसा समिति का आयोजन किया जाता है, जिसमें पूर्व निर्धारित विषय पर प्राध्यापकों द्वारा शास्त्र-चर्चा प्रस्तुत की जाती है। सत्रान्त में शास्त्रमीमांसा पत्रिका में शोध निबन्धों का प्रकाशन किया जाता है।
- **शास्त्रार्थ प्रशिक्षण –** परिसर में विभिन्न शास्त्रों के मार्मिक एवं दुरूह पक्षों के परिष्कार हेतु विद्यार्थियों को शास्त्रार्थ का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें किसी शास्त्र के विशिष्ट सिद्धान्त पर पूर्वपक्ष एवं उत्तरपक्ष के साथ शास्त्रसम्मत एवं प्रामाणिक तर्क उपस्थापित होते हैं। उसके अन्त में सैद्धान्तिक निष्कर्ष तक पहुँचा जाता है।
- **शलाका एवं कण्ठपाठ –** अध्येताओं की स्मृति, मेधा

एवं अवबोधन शक्ति के परीक्षण हेतु विभिन्न शास्त्रों एवं काव्यों पर आधारित शलाका एवं कण्ठपाठ का अभ्यास कराया जाता है। शलाका परीक्षा में स्मृति, मेधा एवं अवबोधन तीनों का परीक्षण होता है। जबकि कण्ठपाठ में केवल स्मृति का ही परीक्षण होता है।

- **विस्तार व्याख्यानमाला –** परिसर में शिक्षासत्र के मध्य विभिन्न शास्त्रों में विस्तार व्याख्यानमाला का आयोजन होता है, जिसमें विभिन्न शास्त्रों के विशिष्ट एवं पारंगत विद्वानों का व्याख्यान होता है, इससे विद्यार्थियों को अपने अधीत शास्त्रों के विस्तार हेतु मार्गदर्शन प्राप्त होता है।
- **स्मृति व्याख्यानमाला** - सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन् की स्मृति में उनके जन्म दिवस के अवसर पर 5 सितम्बर को डॉ. राधाकृष्णन् स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन प्रतिवर्ष होता है।
- **प्रदेशिक वाक्स्पर्धा** - भोपाल परिसर में अधिराज्यीय वाक्स्पर्धा का आयोजन किया जाता है, जिसमें मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के पारम्परिक संस्कृत विद्यार्थियों की निर्धारित आठ शास्त्रों में प्रतियोगिताएँ आयोजित होती हैं। उनमें प्रतिशास्त्र एवं प्रतिराज्य विजेता छात्रों का राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान मुख्यालय के द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित अखिल भारतीय वाक्स्पर्धा के लिए चयन किया जाता है। इस कार्यक्रम में शास्त्रीय शलाका, काव्य शलाका, कण्ठपाठ एवं श्लोकान्त्याक्षरी की प्रतियोगितायें भी आयोजित होती हैं।
- **अखिल भारतीय वाक्स्पर्धा –** राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली के द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित अखिल भारतीय वाक्स्पर्धा में भाग लेने के लिये प्रादेशिक वाक्स्पर्धा में चुने हुए विद्यार्थियों को भोपाल परिसर में शास्त्रीय भाषण, शास्त्रीय शलाका, काव्य शलाका, कण्ठपाठ एवं श्लोकान्त्याक्षरी का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है।
- **क्रीड़ा एवं योगासन –** परिसर में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं के शारीरिक एवं आध्यात्मिक विकास हेतु विभिन्न शारीरिक क्रियाओं, योग एवं क्रीड़ा का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रतिवर्ष विजेता छात्रों का अखिल भारतीय युव महोत्सव हेतु चयन किया जाता है और उन्हें पुरस्कृत किया जाता है।
- **अखिल भारतीय युवमहोत्सव –** राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के मुख्यालय के द्वारा प्रतिवर्ष अखिल भारतीय युवमहोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें परिसरीय प्रतिभावान् युवा विद्यार्थियों को क्रीड़ा, योग, चित्रांकन, अभिनय, नृत्य, संगीत एवं श्लोक गान आदि विविध पाठ्यसहगामी प्रवृत्तियों के विकास हेतु प्रोत्साहन एवं प्रशिक्षण दिया जाता है।
- **नाट्याभिनय एवं कलाएँ –** परिसर में विद्यार्थियों को पारम्परिक नाट्य शास्त्रीय अभिनय कला का प्रशिक्षण दिया जाता है और ग्रीष्मावकाश में संस्थान के सहयोग से अन्य संस्थाओं में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षण हेतु प्रेषित किया जाता है। प्रशिक्षित विद्यार्थियों के द्वारा संस्कृत नाटकों का रूपायन किया जाता है एवं उन्हें कौमुदी महोत्सव और युवमहोत्सव के अन्तर्गत आयोजित नाट्य प्रतियोगिताओं में प्रस्तुत किया जाता है।

अन्य शैक्षिक गतिविधियाँ

- **दूरस्थ शिक्षा** - राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के मुख्यालय में मुक्तस्वाध्यायपीठम् स्थापित है, जिसके अन्तर्गत परिसर में दूरस्थ शिक्षण केन्द्र संचालित है। यह केन्द्र पंजीकृत स्वाध्यायी अध्येताओं को पाठ्यसामग्री भेजता है और आवश्यकतानुसार अवकाश के दिनों में स्वाध्यायी छात्रों के लिए कक्षाओं का आयोजन भी करता है। इस प्रकार परिसर से दूर अपने गृहनगर में रहने वाले पंजीकृत स्वाध्यायी छात्र भी इस केन्द्र के माध्यम से अध्ययन करके प्राक्शास्त्री, शास्त्री और आचार्य पाठ्यक्रमों की परीक्षा देते हैं तथा उत्तीर्ण होने पर पाठ्यक्रमों का प्रमाणपत्र/उपाधि प्राप्त करते हैं।
- **नाट्यशास्त्र अनुसन्धान केन्द्र** - पारम्परिक एवं समकालीन भारतीय रंगमंच पर अनुसंधान एवं प्रयोग, संस्कृत रंगमंच की प्रायोगिक दिशाओं का अन्वेषण और नाट्यशास्त्रीय अनुसन्धान एवं प्रयोग में कार्यरत-देश-विदेश की संस्थाओं से सक्रिय संबंध करने की दृष्टि से राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, भोपाल परिसर में नाट्य शास्त्र अनुसन्धान केन्द्र स्थापित हुआ है। उसके अन्तर्गत नाट्यशास्त्रीय ग्रन्थ का प्रकाशन, नाट्यशास्त्रीय प्रशिक्षण, कार्यशाला, संस्कृत-गानमण्डल एवं संस्कृत रंगमण्डल का गठन करके प्रयोग-कार्य प्रचलित हैं।
- **अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण** - संस्कृत भाषा, संस्कृत के काव्य एवं संस्कृत शास्त्रों को शिक्षक के बिना स्वयं पढ़ने की क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से संस्थान ने

संस्कृत स्वाध्याय पाठ्यक्रम का विकास किया है। इसमें पाँच सत्र/दीक्षा हैं। प्रत्येक सत्र/दीक्षा में छह-छह मास अध्ययन करना होगा। नि:शुल्क कक्षा आयोजन की सूचना समय-समय पर समाचार-पत्रों के माध्यम से दी जाती है।

- **भारतीय ज्योतिष परिचय एवं भारतीय वास्तुशास्त्र पाठ्यक्रम** - भारतीय फलित ज्योतिष एवं वास्तुशास्त्र में रुचि रखने वाले साधारण पाठकों के लिए भारतीय ज्योतिष परिचय एवं वास्तुशास्त्र का त्रैमासिक पाठ्यक्रम परिसर के द्वारा संचालित है। इस पाठ्यक्रम में अध्ययन करके किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति फलित ज्योतिष एवं वास्तुशास्त्र के सामान्य सिद्धान्तों का परिचय प्राप्त कर सकता है। इसकी कक्षायें सायंकालीन होती हैं, जिसमें रुपए 1000/- मात्र पंजीकरण शुल्क देय है। समाचार पत्रों के माध्यम से इस पाठ्यक्रम में प्रवेश की सूचना प्रसारित की जाती है। इस वर्ष इसमें एक सौ अभ्यर्थी पंजीकृत थे।
- **संस्कृत अन्तर्जाल परियोजना** - परिसर में संस्कृत के प्राचीन शास्त्रों को अन्तर्जाल में संस्थापित करने हेतु संस्कृत अन्तर्जालपरियोजना प्रचलित है। विभिन्न संस्कृत ग्रंथों को टंकित करके अर्न्तजाल में स्थापित करना इस परियोजना का मुख्य कार्य है। इस योजना के अन्तर्गत परिसर के द्वारा साहित्य दर्पण और अलंकार सर्वस्वम्, परिभाषेन्दुशेखर ग्रंन्थ की स्थापना अन्तर्जाल में हो चुकी है। इसी प्रकार संस्कृत विद्वत्परिचायिका (who is who) नाम से संस्कृत विद्वानों की एक पंजिका विश्व संस्कृत सम्मेलन के अवसर पर जनवरी 2012 में प्रकाशित हो चुकी है और उसे अन्तर्जाल में स्थापित किया गया है।
- **संस्कृत शिक्षानुसन्धान सर्वेक्षण** - 1980 से 2012 तक भारत के संस्कृत विश्वविद्यालयों में शिक्षाशास्त्र सम्बद्ध एम.एड., एम.फिल., पीएच.डी. तथा डी.लिट् के शोध कार्यों का सारांश संकलित एवं सम्पादित किया गया। इस बृहत् अनुसन्धान परियोजना के प्रधान अनुसन्धाता डॉ. नीलाभ तिवारी हैं।
- **शब्दकोश-परियोजना** - बोली एवं उपबोली शब्दकोश परियोजना के अन्तर्गत परिसर से बुन्देली-संस्कृत (हिन्दी अर्थ सहित) शब्दकोश तथा मालवी-संस्कृत (हिन्दी अर्थ सहित) शब्दकोश प्रकाशित हो चुके है।
- **संगोष्ठी एवं कार्यशाला** - परिसर में विभिन्न शास्त्रों पर राष्ट्रिय एवं क्षेत्रीय शोध संगोष्ठी एवं कार्यशालाओं का सफल आयोजन किया गया है। शास्त्रीय ज्ञान का आदान-प्रदान, शोध तथा वैदुष्य का विकास करना संगोष्ठी एवं कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य रहा है।
- **प्रशिक्षण** - अनौपचारिक संस्कृत भाषा विकास के शिक्षकों का उनके शिक्षण कौशल तथा पाण्डित्य में विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन होता है। संस्कृत भाषा एवं शास्त्रों के प्रति रुचि उत्पन्न तथा उस दिशा में प्रावीण्य प्राप्त कराना प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य होता है।
- **पुस्तक विक्रय केन्द्र** - राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के द्वारा प्रकाशित संस्कृत विषय की पाठ्यपुस्तकें एवं अन्य महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ सर्वसाधारण जन को उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए परिसर में विक्रय केन्द्र का संचालन होता है।

अन्य क्रियाकलाप/समारोह/कार्याशालाओं सहित पूर्ण विवरण

- **सत्रारम्भ** - 14 जुलाई 2014

* **संस्कृत सप्ताह समारोह** - 07-13 अगस्त 2014

भाषण, कण्ठपाठ, श्लोकान्त्याक्षरी, सूत्रान्त्याक्षरी, प्रश्नमंच आदि अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन मुख्यातिथि - माननीय दीपक जोशी, शिक्षाराज्य मन्त्री मध्यप्रदेश शासन।

- **स्वतन्त्रता दिवस समारोह** - 15 अगस्त 2014
- **डॉ. राधाकृष्णन्स्मृतिव्याख्यानमाला** - 5 सितम्बर, 2014

मुख्यवक्ता - प्रो. अशोक कुमार कालिया, पूर्व कुलपति, सम्पूर्णानन्द संस्कृतविश्वविद्यालय, वाराणसी।

विषय - भारतीय प्राचीन शिक्षादर्शन

विशिष्टातिथि - श्री अनिल दवे, सांसद, राज्यसभा

अध्यक्ष - प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र, पूर्व कुलपति।

- **हिन्दी सप्ताह समारोह** - 15 सितम्बर, 2014
- **स्थापना दिवस समारोह** - 16 सितम्बर, 2014

स्थापना दिवस समारोह को परिसरीय अध्यापक, कर्मचारियों एवं छात्रों द्वारा मनाया गया।

- **प्रो. आजाद मिश्र, प्राचार्य का विदाई समारोह** - 31 अक्टूबर 2014
- **द्वितीय संस्कृत आयोग के सदस्यों के साथ चर्चा** - 06 दिसम्बर 2014

  अध्यापकों तथा संस्कृत छात्रों से चर्चा
- **संस्कृत विकीपीडिया परिचय कार्यशाला** - 15 दिसम्बर, 2014

  संस्कृत विकीपीडिया केन्द्र अहमदाबाद के सौजन्य से।
- **युवा महोत्सव** - 20-23 दिसम्बर, 2014

  वर्ष 2014-15 हेतु युवा महोत्सव का आयोजन, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, मानित विश्वविद्यालय, श्री राजीव गांधी परिसर, शृंगेरी, चिकमंगलूर, कर्नाटक में आयोजित किया गया। जिसमें परिसर के 60 छात्रों ने प्रतिभागिता की। इस प्रतियोगिता में भोपाल परिसर को पाँचवा स्थान प्राप्त किया। जिसमें छात्रों के निम्न विवरणानुसार पुरस्कार प्राप्त हुए –

  क्रीडा प्रतियोगिता

  प्रथम पुरस्कार - नीलेश शर्मा, शास्त्री द्वितीय - 800 मीटर दौड़

  प्रथम पुरस्कार - दीपक कुमार पाठक, शिक्षा आचार्य - भाला फेंक

  द्वितीय पुरस्कार - नीलेश शर्मा, शास्त्री द्वितीय - 400 मीटर दौड़

  द्वितीय पुरस्कार - राज्यगुरुचिन्तन, शिक्षाशास्त्री - ऊँची कूद

  तृतीय पुरस्कार - अंजली शर्मा, शिक्षाशास्त्री - गोला फेंक

  तृतीय पुरस्कार - राज्यगुरुचिन्तन, शिक्षाशास्त्री - लम्बी कूद

  तृतीय पुरस्कार - हर्षद आर्य, शास्त्री तृतीय - कुश्ती 50 किग्रा.

  तृतीय पुरस्कार - सतीश आर्य, शास्त्री प्रथम - कुश्ती 55 किग्रा.

  तृतीय पुरस्कार - पवनकुमार आर्य, शास्त्री तृतीय - कुश्ती 74 किग्रा.

  शैक्षिक सांस्कृतिक स्पर्धा

  द्वितीय पुरस्कार - अभिषेक तिवारी, शिक्षाशास्त्री - संगणक

  द्वितीय पुरस्कार - कुलदीपदत्त, शिक्षाशास्त्री - आशुचित्रणम्

  तृतीय पुरस्कार - विष्णुदत्त, शिक्षाचार्य - एकल शास्त्रीय गायन
- **त्रिदिवसीय शास्त्रीय प्रतियोगिता** - 05-07 जनवरी, 2015

  परिसर में त्रिदिवसीय शास्त्रीय प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ दिनांक 05 जनवरी 2015 को किया गया एवं समापन दिनांक 07 जनवरी 2015 को किया गया।
- **अर्न्तसंस्कृतविश्वविद्यालयीय युवमहोत्सव, अगरतला** - 05-08 जनवरी, 2015

  अगरतला में अर्न्तसंस्कृतविश्वविद्यालयीय युवमहोत्सव का आयोजन 05 से 08 जनवरी 2015 तक अगरतला में किया गया। जिसमें निम्न प्रतिभागियों ने पुरस्कार प्राप्त किया।

  मार्गदर्शक - प्रो. ओम प्रकाश भडाना

  प्रथम पुरस्कार - दीपक पाठक, शिक्षाचार्य छात्र - भाला फेंक प्रतियोगिता

  प्रथम पुरस्कार - नीलेश शर्मा, शास्त्री द्वितीय वर्ष - 1500 मीटर दौड़

  प्रथम पुरस्कार - नीलेश शर्मा, शास्त्री द्वितीय वर्ष - बालीबॉल
- **अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा** - 06-07 जनवरी, 2015

  परिसर में अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा का आयोजन 06 एवं 07 जनवरी 2015 को किया गया। जिसमें निम्न प्रतिभागियों ने पुरस्कार प्राप्त किया।

  मार्गदर्शक - डॉ. ब्रजभूषण ओझा

  प्रथम पुरस्कार - रागिनी शर्मा, व्याकरण शलाका

  द्वितीय पुरस्कार - मनोज, अष्टाध्यायी

  तृतीय पुरस्कार - राजू तिवारी, ज्योतिष भाषण

  सान्त्वना पुरस्कार - अनमोल उपाध्याय, धातुकण्ठ प्रतियोगिता

- **18 दिवसीय संस्कृत भाषा लेखन एवं सम्भाषण कार्यशाला** - 16 जनवरी 2015

  परिसर में ज्योतिष विभाग द्वारा आयोजित 18 दिवसीय संस्कृत भाषा लेखन एवं सम्भाषण कौशल विकास कार्यशाला का उद्घाटन किया गया।

- **गणतन्त्र दिवस समारोह** - 26 जनवरी, 2015

- **वसन्तोत्सव** - 04-06 फरवरी 2015

  संस्थान मुख्यालय द्वारा वसन्तोत्सव, नई दिल्ली में अन्त: परिसरीय संस्कृत नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 04-06 फरवरी 2015 तक आयोजित किया गया। जिसमें परिसर के 28 छात्रों ने भाग लिया। भोपाल परिसर की प्रस्तुति महाकवि-भवभूति विरचित-मालती-माधवम् (4-7 अंक) दिनांक 05 फरवरी 2015 को हुई।

  पुरस्कार - समग्र प्रतियोगिता में परिसर को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

  सर्वश्रेष्ठ निर्देशन पुरस्कार - डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सिंहदेव

  नाट्य लेखन एवं निर्देशन - डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सिंहदेव

  सह निर्देशन - डॉ. सनन्दन कुमार त्रिपाठी

  संगीत - डॉ. संजय द्विवेदी

  मार्गदर्शन - प्रो. विद्यानन्द झा

  प्रस्तुति - प्रो. पी.एन. शास्त्री

  मालतीमाधवम् नाटक में पुरस्कार -

  प्रथम पुरस्कार - आयुष दीक्षिति, शास्त्री तृतीय, माधव पात्र हेतु।

  द्वितीय पुरस्कार - कल्याणी फगरे, शास्त्री तृतीय, कामन्दकी पात्र हेतु।

  तृतीय पुरस्कार - चन्द्रेश शर्मा, शास्त्री द्वितीय, मालती पात्र हेतु।

- **भारतीय फलित ज्योतिष एवं वास्तुशास्त्र परिचय पाठ्यक्रम** - 06 फरवरी - 08 मई, 2015

  परिसर में भारतीय फलित ज्योतिष एवं वास्तुशास्त्र परिचय पाठ्यक्रम (तीन माह) का शुभारम्भ किया गया जिसका उद्घाटन दिनांक 06 फरवरी 2015 को परिसर में किया गया। समापन दिनांक 08 मई 2015 को किया गया।

  प्रतिभागी फलित ज्योतिष - 73

  प्रतिभागी वास्तुशास्त्र - 45

- **आधुनिक समय में योग की अनुकूलता - व्याख्यान**- 13 फरवरी, 2015

  परिसर में आधुनिक समय में योग की अनुकूलता पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें व्याख्यानकर्ता प्रो. रामचन्द्र भट्ट, कुलपति, योग विश्वविद्यालय, बेंगलुरु द्वारा "आधुनिक समय में योग की अनुकूलता" पर प्रकाश डाला।

- **त्रिदिवसीय राष्ट्रिय शोध सम्मेलन** - 24-26 मार्च 2015

  परिसर में त्रिदिवसीय राष्ट्रीय शोध सम्मेलन का उद्घाटन दिनांक 24 मार्च 2015 को किया गया। जिसमें

  शीर्षक - "वैश्विक परिप्रेक्ष्य में शान्ति एवं मूल्य शिक्षा" था।

  संरक्षक - प्रो. पी.एन. शास्त्री

  अध्यक्ष - प्रो. प्रभादेवी चौधरी

  सचिव - डा. नीलाभ तिवारी

  समन्वयक - डा. नितिन जैन

  विशिष्ट व्याख्यान -

  1. प्रो. जे.एस. राजपूत, पूर्व निदेशक, एन.सी.ई.आर.टी., एन.सी.टी.ई.
  2. प्रो. चान्द किरण सलूजा, आचार्य, केन्द्रीय शिक्षा संस्थान, दिल्ली विश्वविद्यालय।

  पठित शोध पत्र - 115

  सम्मेलन प्रक्रिया - प्रकाशित।

- **वार्षिकोत्सव एवं राष्ट्रीय शोध सम्मेलन का समापन** - 26 मार्च, 2015

- **विशिष्ट व्याख्यान - व्याकरण** - 30 मार्च, 2015

  शीर्षक :- शब्दाद्वैतविमर्श पर प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी जी का विशिष्ट व्याख्यान।

- **षाण्मासिक पीएच.डी. कोर्सवर्क एवं 21 दिवसीय शोध प्रविधि एवं पाण्डुलिपि विज्ञान कार्यशाला का उद्घाटन** - 16 अप्रैल 2015

- **कुलपति महोदय का अभिनन्दन समारोह** - 02 मई 2015

  परिसर में कुलपति महोदय के प्रथम आगमन पर दिनांक 02 मई 2015 को कुलपति महोदय का अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया।

- **शोध प्रविधि एवं पाण्डुलिपि विज्ञान कार्यशाला का समापन** - 06 मई, 2015
- **10 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण एवं पाठलेखन राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन** - 01 जून, 2015
- **10 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण एवं पाठलेखन राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन** - 10 जून, 2015
- **प्रकाशन**

1. श्री भोजराज पंचाग (विक्रम संवत् 2072) - आई.एस.एस.एन. नम्बर 2277-2030 - सम्पादक प्रो. भारतभूषण मिश्र, प्रो हंसधर झा, डॉ. अशोक थपलियाल
2. शास्त्रमीमांसा - आई.एस.बी.एन. नम्बर 2231-2129 - सम्पादक डॉ. ब्रजभूषण ओझा
3. वैश्विक परिप्रेक्ष्य में शान्ति और मूल्य शिक्षा - आई.एस.बी.एन. नम्बर 978-81-927656-7-9 - सम्पादक डॉ. नीलाभ तिवारी, डॉ. नितिन जैन
4. भारतीय शिक्षा मनोविज्ञान - आई.एस.बी.एन. नम्बर 978-81-927656-6-2 - सम्पादक प्रो. प्रभादेवी चौधरी, डॉ. नीलाभ तिवारी, डॉ. नितिन जैन
5. राष्ट्री - आई.एस.एस.एन. नम्बर 2329-6948 - सम्पादक डॉ. कैलाश चन्द्र दाश

संकाय सदस्यों द्वारा सामान्य पुनश्चर्या पाठ्यक्रम/ अभिविन्यास पाठ्यक्रम में भागग्रहण

1. डॉ. अर्चना दूबे, 15-07-2014 से 04-08-2014, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वराणसी
2. डॉ. संगीता गुंदेचा, 25-08-2014 से 20-09-2014, हि.प्र. यूनिर्वसिटी समर हिल, शिमला

